CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 23°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 27 जून 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 317 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



शहरों में घर खरीदना गरीबों के बजट से कोसो दूर: राहुल गांधी पेज 2



कार्लसन के साथ नौ साल के आरित ने खेला ड्रॉ खेल टाइम्स



इस्लामी हिज़री के पहले महीने मुहर्रम की अज़ीम है फज़ीलत संपादकीय



डोनाल्ड ट्रम्प की टेंशन बढ़ा रही खुफिया रिपोर्ट पेज 12

# एक्सिओम-4 मिशन अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से सफलतापूर्वक जुड़ा, रचा इतिहास

## शुभांशु 28 घंटे सफर करके इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे



फ्लोरिडा, वार्ता

**एक्सिओम**-4 मिशन का स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़ गया और इसके साथ ही,भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने इतिहास रच दिया। वह आईएसएस में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए।

भारतीय अंतरिक्ष आकांक्षाओं के लिए एक बड़ी छलांग लगाते हुए भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला गुरुवारको इतिहास में तब दर्ज हो गए जब ड्रैगन कैप्सूल आईएसएस पर हार्मनी मॉड्यूल से भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे धीरे-धीरे जुड़ गया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इसकी पुष्टि की है। ग्रुप कैप्टन शुक्ला इस मिशन के पायलट हैं। इस मिशन ने बुधवार को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। मिशन में ग्रुप कैप्टन शुक्ला के साथ पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन,पोलैंड के स्लावोज़ उज्नान्स्की- विस्निएव्स्की और हंगरी के टिबोर कपू गए हैं। इस बीच शुक्ला ने अंतरिक्ष से दिल को छू लेने वाला संदेश भेजा, जिसने लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से नमस्कार! जब मैं कैप्सूल में बैठा था, तो मेरे दिमाग में बस यही विचार था कि 'चलो बस चलते हैं' और फिर अचानक, कुछ नहीं-आप तैर रहे थे। पृथ्वी के ऊपर तैरते हुए मैं दृश्यों का आनंद ले रहा था, एक बच्चे की तरह सीख रहा था। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम पर बारीकी से नजर रखने वाले वैज्ञानिक डा. आरसी कपूर ने कहा कि डॉकिंग एक नाजुक ऑपरेशन है, जिसके लिए अत्यधिक सटीकता की आवश्यकता होती है।

■ **भारतीय अंतरिक्ष आकांक्षाओं के लिए एक बड़ी छलांग, ISS में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने शुभांशु शुक्ला**

### नीट-यूजी: सुप्रीम कोर्ट का दिल्ली हाईकोर्ट से मामला ट्रांसफर करने से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2025 को चुनौती देने वाली एक रिट याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने असद खत्री की गुहार ठुकराते हुए कहा कि यह याचिका सार्वजनिक हित के तथ्यों पर आधारित नहीं है और इसलिए इस विवाद का शीर्ष अदालत की बजाय उच्च न्यायालय में ही निपटारा किया जाना चाहिए।

### चुनाव आयोग ने 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को सूची से हटाया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने ऐसे 345 पंजीकृत गैर- मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की पहचान कर उनको सूची से हटाने का काम शुरू कर दिया है, जो पिछले छह वर्षों में एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी ने मिलकर 345 पंजीकृत गैर- मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस दायरे में वे सभी राजनीतिक दल होंगे जो 2019 से कहीं भी सक्रिय नहीं हैं।

### जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में एक आतंकी ढेर

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह से जारी एनकाउंटर में एक आतंकी मारा गया है। इलाके में तीन और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। सेना और पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है। आईजीपी जम्मू जोन भीम सेन ने बताया कि बसंतगढ़ के बिहाली इलाके में पिछले एक साल से 4 आतंकियों के छिपे होने की खबर थी। गुरुवार सुबह साढ़े 8 बजे इनकी जानकारी मिलने के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान आतंकियों ने सिक्योरिटी फोर्सेज के जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया है।

### सुप्रीम कोर्ट मराठा आरक्षण पर जुलाई में करेगा विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय महाराष्ट्र में शिक्षा और रोजगार में मराठाओं को 10 फीसदी आरक्षण प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका पर 14 जुलाई के बाद विचार करेगा। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने गुरुवार को एक अधिवक्ता की संबंधित मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की गुहार पर यह अनुमति दी। पीठ ने कहा कि याचिका को फिर से खुलने वाले सप्ताह (गर्मी की छुट्टियों के बाद 14 जुलाई से शुरू होने वाले सामान्य कार्य दिवस) में सूचीबद्ध किया जाएगा।

### भारतीय अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेला एक जुलाई से

**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे बड़े परिधान मेले - भारतीय अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेले का 73 वां संस्करण एक जुलाई से राष्ट्रीय राजधानी में आरंभ होगा जिसमें 79 देशों में प्रतिनिधि शामिल होंगे। मेला आयोजकों ने गुरुवार को यहां बताया कि ये मेला तीन जुलाई तक चलेगा। मेले का उद्घाटन कपड़ा एवं विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गरीटा करेंगे। मेले का आयोजन परिधान निर्यात संवर्धन परिषद, अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेला एसोसिएशन, परिधान निर्यातक एवं निर्माता संघ, भारतीय वस्त्र निर्माता संघ, गारमेंट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान मिलकर कर रहे हैं।

# पाक रक्षा मंत्री से नहीं मिले राजनाथ

## एससीओ समिट: साझा दस्तावेज में पहलगाम हमले का जिक्र नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ के नापाक इरादों को नाकाम करते हुए सदस्य देशों के आतंकवाद पर संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया। एससीओ के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की दो दिन की बैठक चीन के किगदाओ में हो रही है। चीन की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक हुई। इसमें भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, दोनों शामिल हुए थे। हालांकि, राजनाथ सिंह ने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से मुलाकात नहीं की। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद पर सदस्य देशों के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि चीन और पाकिस्तान संयुक्त वक्तव्य में जम्मू- कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख नहीं करना चाहते थे और इसके बजाय पाकिस्तान में जाफर ट्रेन हाइजैक के मामले को वक्तव्य में शामिल करने पर आमादा थे। सूत्रों ने कहा कि भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया। इससे एससीओ की बैठक के संपन्न होने पर संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं किया जाएगा।



**भारत ने एससीओ में आतंकवाद पर संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार किया**

**शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के संपन्न होने पर संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं किया जाएगा**

### आतंकवाद के खात्मे को SCO का एकजुट होना जरूरी: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के समक्ष आतंकवाद पर भारत का रुख एकदम स्पष्ट करते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि आतंकवाद का हर कृत्य आपराधिक तथा अनुचित है और संगठन को सामूहिक सुरक्षा के लिए इस खतरे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होना चाहिए।

# सीजेआई गवई का बड़ा बयान संविधान सबसे ऊपर, संसद नहीं

अमरावती, वार्ता

**भारत के मुख्य** न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि भारत का संविधान सबसे ऊपर है। हमारे लोकतंत्र के तीनों अंग (न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका) संविधान के अधीन काम करते हैं। सीजेआई गवई ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि संसद सर्वोच्च है, लेकिन मेरी राय में संविधान सर्वोपरि है। सुप्रीम कोर्ट के 52वें सीजेआई के रूप में शपथ लेने वाले जस्टिस गवई होमटाउन अमरावती में अपने अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे।

सीजेआई गवई ने कहा कि संसद के पास संशोधन करने की शक्ति है, लेकिन वह संविधान के मूल ढांचे को बदल नहीं सकती। सीजेआई गवई ने कहा कि एक जज को हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारा एक कर्तव्य है और हम नागरिकों के अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों और सिद्धांतों के संरक्षक हैं। हमारे पास केवल शक्ति नहीं है, बल्कि हम पर एक कर्तव्य भी डाला गया है। किसी जज को इस बात को लेकर नहीं चलना चाहिए कि लोग उनके फैसलों के बारे में क्या कहेंगे या क्या महसूस करेंगे। चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें स्वतंत्र रूप से सोचना होगा। लोग क्या कहेंगे, यह हमारी फैसले लेने की प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन सकता। सीजेआई ने कहा कि मैंने हमेशा अपने निर्णयों और काम को बोलने दिया और हमेशा संविधान में निहित मौलिक अधिकारों के साथ खड़ा रहा। बुलडोजर न्याय के खिलाफ अपने फैसले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आश्रय का अधिकार सर्वोच्च है।



■ **कहा: लोकतंत्र के तीनों हिस्से इसके अधीन, संसद के पास संशोधन की शक्ति, लेकिन मूल ढांचा नहीं बदल सकती**

# कांग्रेस ने महाराष्ट्र व हरियाणा चुनाव की वीडियो रिकॉर्डिंग मांगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदाताओं की सूची, मतदान के दिन की वीडियो रिकॉर्डिंग तथा मशीन रीडेबल कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की है।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग सचिवालय के सचिव अश्विनी कुमार मोहल को 25 जून को लिखे दो पेज के पत्र में कहा है कि महाराष्ट्र तथा हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जिन सवालों को उठाया है, उन्हें लेकर आयोग ने 12 जून को जो जवाब दिया है , उसके मद्देनजर पार्टी मांग करती है कि उसे मतदाता सूची और मतदान के दिन के वीडियो फुटेज एक सप्ताह में उपलब्ध कराए जाएं। पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस यह मांग लगातार कर रही है और उसकी मांग के अनुरूप वोटर लिस्ट तथा वीडियो फुटेज उपलब्ध कराना आयोग के लिए कठिन काम नहीं है।

■ **वोटर लिस्ट व मशीन रीडेबल कॉपी भी मांगी**

### ऑपरेशन सिंधु: ईरान से 272 भारतीय व 3 नेपाली दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से 272 भारतीयों और तीन नेपाली नागरिकों को लेकर एक और विमान गुरुवार मध्य रात्रि यहां पहुंचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जानकारी देते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि इस उड़ान के साथ अब तक पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरान से 3,426 भारतीय नागरिकों को वापस लाया जा चुका है। ऑपरेशन सिंधु के तहत 25 एवं 26 जून को मध्य रात्रि 12:01 बजे मशहद से नई दिल्ली पहुंची एक विशेष उड़ान से 272 भारतीय और तीन नेपाली नागरिक यहां पहुंचे।

## बद्रीनाथ हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

# टेम्पो ट्रैवलर अलकनंदा में बहा, 12 के मरने की आशंका

## तीन शव बरामद, नौ लापता, चार गंभीर घायलों को एम्स भेजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** चारधाम यात्रा मार्ग पर गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर घोलतीर के पास यात्रियों से भरी मिनी बस (टेंपो ट्रैवलर) 250 मीटर गहरी खाई में गिरकर अलकनंदा नदी में समा गई।

हादसे में 3 यात्रियों की मौत हो गई, 9 लापता हैं, जबकि 4 गंभीर घायलों को एयर एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश भेजा गया है। बस में कुल 20 यात्री सवार थे, जो विभिन्न राज्यों (मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र) से चारधाम यात्रा पर निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस और आईटीबीपी ने सर्च और रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन नदी का जलस्तर बढ़ा होने के कारण बस का सुराग नहीं लग सका।

### कालसी: कार खाई में गिरी, तीन युवकों की मौत

**विकासनगर।** कालसी- चकराता मोटर मार्ग पर बीती रात एक कार अनियंत्रित होकर 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। चारों युवक विकासनगर से चकराता की ओर जा रहे थे कि चापनू गांव के पास हादसा हो गया। मृतकों की पहचान मुकेश राणा (21), प्रियांशु चौहान (22) और दीपक सती (25) के रूप में हुई है। गंभीर घायल मंगल चौहान निवासी मटियावा चकराता का अस्पताल में इलाज जारी है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों ने रेस्क्यू कर शवों को बाहर निकाला और घायल को अस्पताल पहुंचाया।



# सीवीआर-एफडीआर के डेटा की जांच पूरी, निष्कर्ष शीघ्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के बोइंग 787.8 ड्रीमलाइनर विमान के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर्स (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर्स (एफडीआर) का डेटा प्रयोगशाला में निकाल लिया गया है और जल्द ही इसका निष्कर्ष सामने आने की संभावना है।

नागर विमानन मंत्रालय ने गुरुवार को यहां एक बयान में यह जानकारी दी। भारत, अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) की शिकागो संधि (1944) के हस्ताक्षरकर्ता और आईसीएओ अनुलग्नक 13 और विमान (दुर्घटनाओं और घटनाओं की जांच) नियम, 2017 के अनुसार विमान दुर्घटनाओं की जांच करता है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ऐसी जांच के लिए नामित प्राधिकरण है। बयान में कहा गया है कि एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 से जुड़ी दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के बाद, एएआईबी ने तुरंत एक जांच शुरू की और निर्धारित मानदंडों के अनुरूप 13 जून को एक बहु-विशेषज्ञ दल का गठन किया। अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार गठित टीम का नेतृत्व एएआईबी के महानिदेशक द्वारा किया जाता है और इसमें एक विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, एक एटीसी अधिकारी और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के प्रतिनिधि शामिल हैं, जो इस तरह की जांच के लिए आवश्यक निर्माण और डिजाइन राज्य (यूएसए) से सरकारी जांच एजेंसी है। बयान के अनुसार दुर्घटनास्थल से सीवीआर और एफडीआर क्रमश: 13 जून को दुर्घटना स्थल पर इमारत की छत से और 16 जून को मलबे से बरामद किया गया था। उनके सुरक्षित संचालन, भंडारण और परिवहन के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं पूरी की गईं। इन उपकरणों को अहमदाबाद में कड़ी पुलिस सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी में रखा गया था।




# हिमाचल में पांच जगह बादल फटने से नदी-नालों में बाढ़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में एमपी, राजस्थान और गुजरात समेत सभी राज्यों बारिश का सिलसिला जारी है।

पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा नुकसान हिमाचल में हुआ है। कुल्लू जिले में एक दिन पहले 5 जगह- जीवा नाला (सैंज), शिलागढ़ (गढ़सा) घाटी, स्त्रो गैलरी (मनाली), होरनगढ़ (बंजार), कांगड़ा और धर्मशाला के खनियारा में बादल फटने से अब तक 5 लोगों की मौत हो गई। 7 से ज्यादा लापता हैं। सबसे ज्यादा नुकसान सैंज में जीवा नाला के नजदीक एनएचपीसी के प्रोजेक्ट साइट पर हुआ। यहां गुरुवार दोपहर तक 4 और लोगों के शव बरामद हुए। बताया जा रहा है 15 से 20 लोग बह गए हैं, लेकिन इनकी अब तक पुष्टि नहीं हुई है। उधर, गुजरात के अहमदाबाद, सूरत और नवसारी जिलों में तेज बारिश हो रही है।

■ **मरने वालों की संख्या पांच हुई, सात से ज्यादा लापता**

# 17 परीक्षा केंद्रों पर 7000 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

## डीएम ने ली परीक्षा की तैयारी के सम्बंध में बैठक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** माननीय सदस्य अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज दोपहर कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित सम्मिलित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर तृतीय मुख्य परीक्षा की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव सहित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक मौजूद थे। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट्स को निर्देशित करते हुए कहा कि उनकी जिम्मेदारी बहुत अहम है। पूरी सजगता और संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियां का निर्वाह करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दिन सेक्टर मजिस्ट्रेट्स कोषागार से प्रश्न पत्र प्राप्त करेंगे तथा परीक्षा के समय केंद्र में ही उपस्थित रहेंगे एवं परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को उन्हीं के द्वारा ट्रेजरी में जमा भी कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा केंद्रों में तैनात स्टाफ सहित सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए की परीक्षार्थियों को प्रवेश देने से पूर्व अच्छी तरह उनकी तलाशी ली जाए और किसी भी अवस्था में मोबाइल अथवा कोई भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लेकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश न करने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा पूर्ण सावधानी पूर्वक नकल विहीन तथा शांतिपूर्वक संपन्न कराने में अपनी भागीदारी निभाएं और संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया में आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सदस्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित सम्मिलित कनिष्ठ सहायक कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर तृतीय मुख्य परीक्षा परीक्षा को पूरी तरह से नकल विहीन, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 29 जून,2025 को जिले के 17 परीक्षा केंद्रों में लगभग 7000 परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित होंगे। आयोग द्वारा परीक्षा का समय दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।

उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों में अपेक्षित रूप से सफाई, रोशनी, हवा, शौचालय आदि की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें तथा केंद्रों में जहां पर भी सीसीटीवी कैमरा अक्रियाशील पाया जाए तत्काल इसका संज्ञान लेते हुए संबंधित संस्था को सूचित करें ताकि समय पूर्वक सभी सीसीटीवी कैमरा को क्रियाशील रखा जा सके।

# केसीसी के नाम पर किसानों के साथ धोखा

## निष्पक्ष जांच की मांग के लिए दिया मांग पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी कार्यकर्ताओं ने हीमपुर दीपा स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए बैंक अधिकारियों द्वारा किसानों की की गई केसीसी के दौरान किए गए बीमा राशि को हड़प लेने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए एक मांग पत्र शाखा प्रबंधक को दिया।

यूनियन कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पंजाब नैशनल बैंक की शाखा के अधीन कार्यरत पंजाब नेशनल बैंक की शाखा हीमपुर दीपा में अगस्त **2022** से **18** जून **2024** तक पोस्टिंग के दौरान वहां के बैंक मैनेजर शाखा हीमपुर दीपा प्रतीक बंसल के द्वारा किसानों के केसीसी किए गए थे, जिनके इंश्योरेंस के नाम पर किसानों के पैसे तो काट लिए गए परंतु किसानों के बीमा नहीं किए गए। आरोप हैं कि इसी प्रकरण में सुधीर कुमार पुत्र शिब्बा सिंह निवासी ग्राम रावटी तहसील चांदपुर जनपद बिजनौर के किसान की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर जब काटी गई रकम की छानबीन की गई तो बीमा की रसीद नहीं मिली। केवल पैसे काटने का ब्योरा बैंक में मिल पाया। किसानों का आरोप है कि यह अकेला एक नहीं इस प्रकार के कई अन्य केस और भी हैं, जिसमें बैंक अधिकारियों द्वारा किसानों के साथ केसीसी के माध्यम से किसान बीमा के नाम से सरकारी पैसे की लूट की है। किसान नेताओं का कहना है कि यदि इस प्रकरण की निष्पक्ष जाँच कराई जाए तो एक बहुत बड़ा घोटाला सामने होगा। किसान नेताओं ने मांग पत्र में **15** दिन के अंदर इस घोटाले की विधिवत जांच कराए जाने एवं दोषियों के खिलाफ बर्खास्त की जैसी प्रभावी कार्यवाही करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो अन्यथा की स्थिति में भारतीय किसान यूनियन चढूनी आपके बैंक पर अनिश्चितकालीन धरना लगाएगी और प्रदेश भर में आपके बैंक के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मांग पत्र देने वालों में मौके पर रोहित चौधरी युवा जिला अध्यक्ष, नीरज तोमर युवा जिला उपाध्यक्ष, रामेंद्र सिंह ग्राम अध्यक्ष, सूरज सिंह, सरदार कुलदीप सिंह जिला उपाध्यक्ष, रणजीत सिंह, जगजीत सिंह, सुभाष सिंह, आदेश कुमार, मनीत कुमार एवं भूदेव सिंह जिला अध्यक्ष बिजनौर, किसान यूनियन चढूनी बिजनौर के भूदेव सिंह जिला अध्यक्ष, रोहित चौधरी युवा जिला अध्यक्ष ने अपनी टीम के साथ हीमपुर दीपा पंजाब नेशनल बैंक पर ज्ञापन दिया।

# मुरलीवाला में कृषक गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गन्ना आयुक्त के कार्यालय के अनुपालन मे आज बीज गन्ना उत्पादक कृषक बदन सिंह, हरपाल सिंह ग्राम मुरली वाला एवं ग्राम सुआवाला मे कृषक जितेंदर सिंह व चीनी मिल धनोरा, ग्राम बसेड़ी के महेन्दरी एवं ध्यानो देवी के खेतों का भौतिक/ स्थलीय सत्यापन डॉ. केके सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक के द्वारा किया गया।

ग्राम मुरलीवाला मे एक कृषक गोष्ठी की गई। गोष्ठी मे डॉ. केके द्वारा किसानों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें टॉप बोरर, पायरिल्ला के लक्षण रोकथाम के मैकेनिकल, बायोलॉजिकल एवं केमिकल उपाय के बारे में रेडरोट के बारे मे विस्तार से चर्चा की गई।

डॉ. सिंह द्वारा प्राकृतिक खेती व नवरतन जैव खाद के बिषय मे चर्चा की गई।

## गन्ना फसल के बारे में दिए गए टिप्स

कृषक द्वारा स्वयं अपने संसाधनों से तैयार की जा सकती है। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा समिति द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे कृषि रसायन, फार्म मशीनरी के बारे में विस्तार से चर्चा की गई तथा लाल सड़न रोग से बचाव हेतु ट्राईकोडर्मा, थायोफिनेट मिथाइल के प्रयोग, लाइट ट्रैप का प्रयोगएवं विभाग द्वारा स्वीकृत उन्नत शील/रोग रोधी प्रजातियों की बुआई करने की सलाह दी गई। गोष्ठी के पश्चात डा. रजनीश सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। गन्ना उत्पादक सत्यापन एवं कृषक गोष्ठी कार्यक्रम में विश्वामित्र पाठक का विशेष सहयोग रहां

# किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक

## गन्ना भुगतान की मांग उठाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक में किसानों के बकाया गन्ना भुगतान समेत विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके शीघ्र समाधान की मांग उठाई गई। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की एक बैठक आज ग्राम बधावा में उक्त संगठन के जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी के निवास पर संपन्न हुई।

प्राप्त समाचार के अनुसार बैठक में संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि उमरी से मुकरपुर सत्ती तक नहर पर सड़क निर्माण शुरू किया गया था, लेकिन घटिया सामग्री लगाने के कारण कार्य बंद कर दिया गया था, जबकि कुछ सड़क का निर्माण कर दिया गया, लेकिन अभी सड़क निर्माण कार्य बंद पड़ा हुआ है।

विकास चौधरी ने कहा कि गन्ने का सीजन शुरू होने से पहले उमरी से मुकरपुर सत्ती तक सड़क निर्माण कराया जाना चाहिए। बिलाई मिल के बकाया भुगतान को लेकर उन्होंने कहा कि बिलाई मिल पर अभी करीब 181करोड़ 5 लाख रुपए किसानों का गन्ना का बकाया है। जिसके कारण किसान समय से अपने बच्चों की फीस, बीमारी का इलाज, कृषि कार्ड व अन्य कर्ज समय से नहीं जमा कर पा रहे है और किसानों पर कर्ज का बोझ बढ़ता चला जा रहा है, लेकिन शासन-प्रशासन बिलाई मिल के गन्ना भुगतान को लेकर मौन बना हैं। विकास चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने युवाओं को रोजगार देने के लिए ब्याज मुक्त पांच लाख रुपए ऋण देने की स्कीम लागू की थी। योजना का लाभ लेने के लिए युवाओं को बैंकों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना का लाभ दिलाने के लिए बैंकों में दलाल सक्रिय हो गए हैं। बैठक में नूरपुर के ग्राम टंडेरा में हुई घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की गई। विकास चौधरी ने शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शासन प्रशासन द्वारा शीघ्र इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा जिला मुख्यालय पर एक बड़ा आंदोलन शुरू करेगा।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, राकेश कुमार, मुनेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, पीतम सिंह, इमरान चौधरी, अविनाश चौधरी, शौकीन अहमद, मुस्तकीम अंसारी, कृष्णपाल सिंह, सचिन कुमार, प्रवीण सिंह, कलवा सिंह, राजपाल सिंह आदि कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।

# हबीबवाला में चिकित्सा शिविर



**धामपुर।** श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के सौजन्य से ग्राम हबीबबाला में डॉक्टरों की टीम द्वारा एक निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे अनुभवी डॉक्टर की टीम ने **150** रोगियों का सकुशल इलाज किया। शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, नेत्र जांच एवं शुगर की निशुल्क जांच की गई एवं दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई। इस शिविर में डॉ. सुमित सिंह, डॉ. गौहर फैयाज, डॉ. मनु रस्तोगी ,डॉ. इकबाल हुसैन का महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल स्टाफ अंकुर कौशिक, वर्षा चौहान, वंदना रानी, निशु रानी, निशा रानी, ओम प्रकाश, एम एम गिल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर में श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के चेयरमैन डॉ. एनपी सिंह ने कहा कि आगे भी इसी तरह के कैंप आयोजित किए जायेंगे।

# समूहों और किस्त योजनाओं के नाम पर हो रहा शोषण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के कई इलाकों में इस समय महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक शोषण की गंभीर घटनाएं सामने आ रही हैं। स्वयं सहायता समूहों और फर्जी फाइनेंस योजनाओं के नाम पर महिलाओं को किस्तों में पैसा देने का लालच देकर उन्हें भारी कर्ज में डुबोया जा रहा है। यह समस्या अब इतनी बढ़ चुकी है कि कई परिवारों पर घर तक बिक जाने का खतरा मंडरा रहा है। नगर में हो रही चर्चाओं के अनुसार कुछ कथित एनजीओ या स्वयं सहायता समूह महिलाओं को आर्थिक सहायता और आत्मनिर्भरता के सपने दिखाकर हजारों रुपये की किस्तों में उधार दिलवाते हैं। शुरुआत में आसान शर्तों का झांसा दिया जाता है लेकिन बाद में वसूली के तरीके अपमान. जनक और अमानवीय हो जाते है।

कई मामलों में महिलाएं बताती हैं कि अगर किस्त समय पर नहीं दी गई तो उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमानित किया जाता है। घर के बाहर बैठकर जोर-जबरदस्ती से वसूली करने वाले एजेंटों का आतंक इतना बढ़ गया है कि कुछ महिलाएं घर से बाहर निकलने में डरने लगी हैं। इन योजनाओं के जाल में फंसे लोग पहले ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे होते हैं और कर्ज चुकाने के चक्कर में वे और गहरे संकट में चले जाते हैं। कुछ ने अपने जरूरी घरेलू सामान तक बेच दिए हैं तो कुछ लोग अपने मकान गिरवी रखने पर मजबूर हो चुके है। नगर के सामाजिक लोगों ने इस मुद्दे को गंभीर चिंता का विषय बताया। उन्होंने कहा ऐसी फर्जी किश्ती योजना गरीबों की कमर तोड़ रही है। प्रशासन को तुरंत एक जांच कमेटी बनाकर हर वार्ड में ऐसे मामलों की जांच करनी चाहिए। महिलाओं का शोषण अब सहन नहीं किया जाएगा।

यदि आप भी किसी ऐसी योजना या समूह के शिकार हुए हैं तो नजदीकी थाने में इसकी शिकायत करें। साथ ही नगर पालिका और तहसील प्रशासन को ज्ञापन दें ताकि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके। इस तरह से हमारे समाज में गंदगी फैल रही है। हमें समाज को स्वस्थ और सही बनाने का प्रयास करना है, जिसमें सभी को सहयोग की जरूरत है।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर: ढिल्लो

## आगामी चुनाव में जुट जाने का आह्वान






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** शिक्षक विधान परिषद के चुनाव को लेकर आज वित्तविहिन स्कूलों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य व शिक्षकों की बैठक में शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर है। उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से हल किया जा रहा है। उन्होंने आगामी चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया।

ग्राम शादीपुर में एक इंटर कॉलेज में शिक्षक विधान परिषद के आगामी चुनाव को लेकर वित्तविहीन स्कूलों के प्रबंधकों प्रधानाचार्य शिक्षकों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो ने भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षकों के लिए बेहतर कार्य कर रही है। शिक्षकों को एकजुट होना आवश्यक है। संगठित होकर ही समस्याओं का समाधान होता है। पूर्व की सरकारों ने शिक्षकों से केवल वोट लेने का काम किया है। सभी शिक्षक आगामी चुनाव को लेकर एकजुट हो जाए। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, शोभित त्यागी, अमित चौहान, दानवीर चौहान, अतुल कुमार, सत्यवीर सिंह, कपिल देव शर्मा, शिवकुमार कटारिया, शीतल चौहान, सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# अमरनाथ यात्रा में तीर्थयात्रियों की संख्या में गिरावट: मनोज सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज कहा कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकृत तीर्थयात्रियों की संख्या में पिछले साल की तुलना में मामूली गिरावट देखी गई है। हालांकि अब स्थिति में सुधार के संकेत दिख रहे हैं।

उन्होंने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीर्थयात्रा के लिए सभी मार्गों और आधार शिविरों में जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सिन्हा ने कहा कि यात्रा के लिये 22 अप्रैल से पहले पंजीकरण में उछाल आया था, लेकिन आतंकवादियों ने पहलगाम में इस दिन पर्यटकों को निशाना बनाया, जिसमें 26 लोग मारे गए। सिन्हा ने कहा कि 22 अप्रैल के बाद पंजीकरण में थोड़ी गिरावट देखी गई। इस साल के आंकड़ों की तुलना 2024 से करते हुए उपराज्यपाल ने खुलासा किया कि इस बार अब तक 35,000 से 40,000 कम तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि कुल संख्या पिछले साल की तुलना में 10.19 प्रतिशत कम है। उन्होंने कहा कि गिरावट के बावजूद प्रशासन इस बाबत 'आशावादी' है, क्योंकि स्थिति में सुधार है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल तक यात्रा के लिए 2,36,801 पंजीकरण किए गए थे। हमने 22 अप्रैल से पहले पंजीकरण कराने वाले सभी लोगों से संपर्क किया और उनसे यात्रा में भाग लेने की पुष्टि करने के लिए कहा। अब तक 85,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने आने की पुष्टि की है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। सुरक्षा के मसले पर उपराज्यपाल ने आश्वासन दिया कि इस बाबत व्यापक व्यवस्था की गई है और पिछले वर्षों की तुलना में सुरक्षा कर्मियों का संख्याबल भी अधिक है। उन्होंने कहा ष्सुरक्षा के दृष्टिकोण से जम्मू- कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और केन्द्रीय सुरक्षा बलों ने सभी यात्रा मार्गों और आधार शिविरों में सुरक्षित और शांतिपूर्ण तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। सिन्हा ने कहा कि अमरनाथ यात्रा 2025 के सुचारू और सुरक्षित संचालन के लिए मजबूत और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि चाहे वह क्षेत्र वर्चस्व हो, माउंटेन रेस्क्यू पेट्रोल (एमआरपी) की तैनाती हो, या आधार शिविरों पर तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था हो।

# ईरान-इजरायल युद्ध से भारतीय कालीन उद्योग को अरबों का झटका

**भदोही।** ईरान-इजरायल युद्ध का असर कालीनों के निर्यात पर दिखाई पड़ने लगा है। कालीन नगरी भदोही में अरबों रुपये के निर्यात ऑर्डर निरस्त होने से कालीन उद्योग में बेचैनी है। कारपेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (सीईपीसी) के प्रशासनिक समिति सदस्य एवं अखिल भारतीय कालीन निर्माता संघ (एकमा) के मानद सचिव पीयूष बरनवाल ने बताया कि ईरान व इजरायल दोनों भारतीय कालीनों के अच्छे आयातक देशों में माने जाते हैं। युद्ध उन्माद में उलझे इन देशों में भारतीय कालीन की मांग न के बराबर हो गई है। वहीं अमेरिका भारतीय कालीनों का प्रमुख आयातक देश है, जहां भारतीय कालीनों के कुल निर्यात का 25 से 30 फीसद अकेले अमेरिका को जाता है। ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका के कूदने से हालात और बिगड़ने के आसार बन गए हैं।

# शहरों में घर खरीदना गरीबों के लिए बना सपना



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि महंगाई चरम पर है और शहरी अर्थव्यवस्था में गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना सपना बनकर रह गया है। गांधी ने सोशल मीडिया 'फेसबुक' पर एक पोस्ट में आज कहा कि हां, आपने सही पढ़ा और अगर यकीन नहीं हो रहा तो दोहरा देता हूं। मुंबई में घर लेने के लिए भारत के सबसे अमीर पांच प्रतिशत लोगों को भी 109 साल तक अपनी आमदनी का 30 प्रतिशत बचाना पड़ेगा। यही हाल ज्यादातर बड़े शहरों का है, जहां आप अवसर और सफलता की तलाश में एड़ियां घिस देते हैं। कहां से आएगी इतनी बचत। उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग की विरासत दौलत नहीं, जिम्मेदारियां होती हैं। बच्चों की महंगी शिक्षा,महंगे इलाज की चिंता, माता-पिता की ज़िम्मेदारी या परिवार के लिए छोटी-सी गाड़ी। फिर भी दिलों में रहता है एक सपना 'एक दिन' एक घर होगा अपना।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आर्थिक तंगी ने ली मां-बेटी की जान

## परिवार के चार सदस्यों ने खाया जहर, पिता व बेटी की हालत नाजुक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** परिवार में आर्थिक तंगी को लेकर पिता सहित परिवार के चार सदस्यों ने जहर खा लिया। जहरीला पदार्थ खाने से गांव व क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की खबर सुनकर आस पास के पड़ोसी मौके पर पहुंचकर देखा तो परिवार के सभी सदस्यों ने जहर खा लिया था। गांव वालों के पैरों की जमीन खिसक गई। घटना की खबर पुलिस को दी। पुलिस को खबर लगते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव टेंढरा बीरबलपुर निवासी पुखराज सिंह (52 वर्ष) की पत्नी रेशमिया देवी (50 वर्ष) व पुत्री अनीता रानी (17 वर्ष) की मौत हो गई। दोनों की मौत होने से खलबली मच गई। जबकि पुखराज सिंह व उसकी पुत्री शितू (19 वर्ष) की हालत नाजुक बनी हुई है। दोनों पिता पुत्री की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया। घटना की खबर लगते ही पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, एसपी ग्रामीण विनय कुमार, सीओ देश दीपक सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह व फोरेंसिक टीम जांच करने पहुंची। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने घटना की बारीकी के साथ जांच की। पुलिस आस-पास के पड़ोसी व अन्य रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है। पुखराज सिंह के परिवार में आये दिन आर्थिक तंगी को लेकर विवाद होता था।

पुखराज सिंह काम काज को लेकर अक्सर परेशान रहता था। इसी बात को लेकर परिवार में विवाद रहता था। पुलिस ने मां बेटी की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। एहतियात के तौर पर थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह गांव में भारी पुलिस बल के साथ हर गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। गांव में घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

### महिला और युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में रहने वाले एक महिला और युवक ने अपने ससुराल वालों के उत्पीड़न से तंग आकर अपने-अपने घरों पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। पीड़ित परिजनों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना फेस-2 में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपनी बेटी के शादी ककराला गांव में रहने वाले असलम के साथ की थी। पीड़ित के अनुसार उसकी बेटी के ससुराल पक्ष के लोगों ने उसका उत्पीड़न किया, जिसकी वजह से उसने आत्महत्या कर लिया।

## एक नजर

### आजाद समाज पार्टी की समीक्षा बैठक

**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी की पहली समीक्षा बैइक पूरी तरह सफल रही। नजीबाबाद के मुस्कान मैरिज हॉल में आयोजित समीक्षा बैठक में भारी तादाद में लोगों ने भाग लिया। समीपवर्ती ग्राम मुबारकपुर कल्हेड़ी निवासी आजाद समाज पर्टी के ग्राम अध्यक्ष अहसान अंसारी उर्फ जानू और ग्राम उपाध्यक्ष सैयद शोएब अली ने बताया कि भारी बारिश के बावजूद समीक्षा बैठक में उम्मीद से ज्यादा लोगों ने शिरकत की। वरिष्ठ नेता खुर्शीद मंसूरी की देखरेख में कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहा।

### शांति समिति की बैठक



**बढ़ापुर।** आगामी त्यौहारों को लेकर थाना प्रांगण में शांति समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति, ग्राम प्रधान व धार्मिक गुरु मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने की व संचालन वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय कुमार ने किया। बैठक में थाना निरीक्षक ने आगामी सभी त्यौहारों को मिलजुलकर मनाने की अपील की है और कहा कि कोई भी नई परंपरा शुरू नहीं की जाएंगी। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ.दिलशाद अंसारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता ठा. रामपाल सिंह, श्याम सिंह, ग्राम प्रधान अमर सिंह, नवनीत सैनी, सुरेंद्र कर्णवाल, शेखर पाल, योगेश कुमार, शेखर चौहान, नितिन प्रजापति, रिंकू कश्यप आदि मौजूद रहे।

### राकेश चमोली को सम्मानित किया



**राजा का ताजपुर।** आरकेएसएम पब्लिक स्कूल में शिक्षक कार्यशाला को दूसरे दिन धामपुर के आदर्श शिक्षाविद राकेश चमोली ने सम्बोधित किया। उन्होंने शिक्षकों से अध्ययनरत रहते हुए बच्चों को संस्कारित, ज्ञानवर्धक शिक्षा देने को कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षक कभी भी अपने आपको ज्ञानी न समझे। हर समय सीखने का प्रयास करें। स्टडी करें। कक्षा में अनावश्यक बात न कर अध्यापन को प्रभावी व रोचक बनाये। महज वेतन के लिए काम न करें। पढ़ाने में असमर्थ है तो शिक्षण कार्य से न जुड़े। किसी का भविष्य खराब न करें। प्रबंध तंत्र समय-समय पर अच्छे टीचर्स को प्रोत्साहित करें। कार्यशाला में प्रबंधक बलराम सिंह, प्रधानाचार्य शौरभ राजपूत, उप प्रधानाचार्य श्रीमती स्वाति चौहान आदि ने अपने विचार रखें। संचालन कमलजीत सिंह नूर ने किया। प्रबंधक बलराम सिंह व प्रधानाचार्य शौरभ राजपूत ने मुख्य अतिथि राकेश चमोली को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल का स्टाफ मौजूद रहे।

### लूटपाट करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में मारपीट कर लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को थाना दादरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने लूटे हुए तीन मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त डंडे आदि बरामद किया है। थाना दादरी के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि 21 जून को एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके साथ कुछ लोगों ने मारपीट करके तीन मोबाइल फोन और अन्य सामान लूट लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने आज घटना को अंजाम देने वाले हिमांशु पुत्र विजयपाल उम्र 21 वर्ष, शुभम पुत्र बबलू उम्र 23 वर्ष, लक्ष्य पुत्र करण सिंह उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने एक देसी तमंचा, दो चाकू, घटना में प्रयुक्त दो डंडे।

# एसबीआई ने स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**बिजनौर।** भारतीय स्टेट बैंक ने अपने 70 वें स्थापना दिवस पर जिला चिकित्सालय के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

इस शिविर में बैंक के कर्मचारियों और अन्य लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें कुल 80 लोगों ने रक्तदान किया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन क्षेत्रिय प्रबंधक ऋषि श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर मुख्य शाखा के प्रबंधक चंदन मिश्रा, आलोक आर्य, संदीप कुमार, शैली सक्सेना, संदीप सिंघल, एमजीआर, एचआर, अभिनव मलिक, अमरीश कुमार, तेजस प्रताप, अंकित कुमार, विपिन कुमार, मोहन केआर, मेहंदी हसन आदि मौजूद रहे।

### 80 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

# छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती मनाई

### सपा कार्यालय पर विचार गोष्ठी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय बिजनौर में राजर्षि छत्रपति साहूजी महाराज कोल्हापुर की जयंती कार्यकर्त्ताओं नें उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई।

विचार गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने की। उन्होंने कहा कि साहू महाराज जी भारतीय इतिहास के प्रसिद्ध शासक थे। वह कोल्हापुर रियासत के शासक थे। इनका शासन काल सन् 1894 से 1922 तक था।

इस अवधि में इन्होंने शिक्षा और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में असाधारण कार्य किये। आज हम सभी समाजवादियों को संकल्प लेना होगा और महाराज जी बताए हुए रास्ते पर चलकर पीडीए को मजबूत कर आने वाले 2027 के चुनाव में समाजवादी सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। विचार गोष्ठी का संचालन जिला मीडिया प्रभारी अखलाक पप्पू ने किया।

विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य चौ. दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष चौ. दारा सिंह, पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष बी.के. कश्यप एडवोकेट, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष महमूद कस्सार, वीरेंद्र प्रधान, कार्यालय प्रभारी अहमद खिजर खान, नगर अध्यक्ष कासिफ खान, डॉ. कासिम, लाल सिंह कश्यप, सरफराज, शमीम अब्बास नकवी, हरि ओम पाल आदि मौजूद रहे।

# ट्रैफिक चेकिंग से लग रहे जाम से मिलेगी निजात

## चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने डीआईजी मुरादाबाद से की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** जलालाबाद बाई पास तिराहे पर ट्रैफिक चैकिंग की शिकायत डीआईजी मुरादाबाद से की।

नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता खुर्शीद मंसूरी ने डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज से मिलकर मालन नदी के पास मुन्सफी वाले तिराहे पर ट्रैफिक चैकिंग की वजह से रोजाना लगने वाले जाम और जनता की परेशानी को देखते हुए मुलाकात की। इस क्षेत्र में एचएमएच अस्पताल, आजाद अस्पताल और न्यायालय होने के कारण लोगों को भारी असुविधा हो रही है। डीआईजी मुरादाबाद ने चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को आश्वासन दिया है कि ट्रैफिक चैकिंग पॉइंट को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा, ताकि नजीबाबाद की जनता को जाम से राहत मिले और अस्पताल- न्यायालय जाने वालों को आसानी हो। यह जानकारी खुर्शीद मंसूरी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता से मारपीट

### सीएचसी में भर्ती कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** प्रेम प्रसंग के चलते ढाई माह पूर्व हुई शादी टूटने की कगार पर पहुंच गई। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता के साथ मारपीट की गई। मारपीट में घायल हुई विवाहिता बामुश्किल ससुराल से निकलकर मायके पहुंची। उसे नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव महमूदपुर बुजुर्ग निवासी मधु पुत्री जसवंत की शादी करीब ढाई माह पूर्व स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव रामपुर हल्दुआ माफी निवासी सौरभ पुत्र मान सिंह से हुई थी। बताया जाता है की प्रेम प्रसंग के चलते यह शादी हुई थी। मधु का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष की ओर से दहेज में 5 लाख रुपये व एक कार की मांग की जाने लगी। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसका उत्पीड़न करना शुरू कर दिया गया। बुधवार को उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद वह बामुश्किल वहां से निकलकर अपने मायके पहुंची। घायल अवस्था में उसे नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया गया। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि घायल का मेडिकल कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### दबंगों ने युवती पर किया बर्बर हमला

**गाजियाबाद।** थाना टिला मोड़ क्षेत्र अंतर्गत चौकी सिकंदरपुर के गांव पसोड़ा स्थित प्रेम गार्डन कॉलोनी में एक बेहद शर्मनाक और निंदनीय घटना सामने आई है। स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है क्योंकि एक युवती पर कुछ दबंगों द्वारा न केवल हमला किया गया, बल्कि उसके साथ बर्बरता की सारी हदें पार कर दी गईं।

# विद्युत अधिकारियों से तार को मार्ग से हटवाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला होलियान में 17 दिन पूर्व विद्युत लाइन टूटने पर टूटी हुई लाइन का तार 15 दिन का समय बीत जाने के बाद भी सड़क पर पड़ा हुआ है। सड़क पर पड़े रहने के कारण रात के अंधेरे में राहगीरों को दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है।

मौहल्ला होलियान में विद्युत ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। विद्युत ट्रांसफॉर्मर से 17 दिन पूर्व अचानक विद्युत लाइन टूट गई थी। जिसके कारण इस ट्रांसफार्मर से जुड़े आधा दर्जन मौहल्लों की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई थी। उत्पन्न समस्या को लेकर मौहल्लेवासियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को मामले से अवगत करा कर तार जोड़ने की बात कही थी।

इस मामले में विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी नहटौर विवेक कुमार विश्वकर्मा ने विद्युत विभाग की टीम के साथ पहुंचकर निरीक्षण करके टूटे हुए तार को बदलवा दिया था तथा 24 घंटे के बाद उक्त मौहल्ला की विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई थी। जिससे नागरिकों ने राहत की सांस ली थी। दूसरी और विद्युत लाइन बदलने के बाद उक्त सड़क पर टूटा हुआ तार को लेबर ने एक साइड में नहीं किया। साथ ही टूटा हुआ तार लगभग 100 मी. रास्ते के बीचो-बीच पड़ा हुआ है। उक्त तार पड़े रहने के कारण रात में बिजली न होने पर इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को चोट लगने का खतरा बना रहता है। उन्होंने विद्युत अधिकारियों से तार को मार्ग से हटवाने की मांग की। इस मामले को 15 दिन का समय बीत जाने के बाद भी तार आज भी सड़क पर पड़ा है। मौहल्लेवासियों का कहना है कि रात के समय विद्युत आपूर्ति न होने पर आवागमन में परेशानी पड़ती है तथा तार सड़क पर पड़े रहने के कारण तार चोरी भी हो सकता है। परंतु विभाग कुंभकरण की नींद सोया हुआ है। विद्युत उपखंड अधिकारी विवेक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि मामला जानकारी में है। संबंधित एजेंसी को तार उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

# चार महीने बाद कब्र से निकाला गया शव

## पत्नी ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप, शव पीएम को भेजा



मृतक सादिक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के ग्राम नीन्दडू में चार महीने पहले संदिग्ध हालात में हुई युवक की मौत का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। मृतक सादिक की पत्नी गुलनाज ने अपने पति की हत्या का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गुलनाज का कहना है कि उसके पति की हत्या की गई और उसके बाद बिना किसी कानूनी प्रक्रिया या सूचना के गुपचुप तरीके से उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मृतक सादिक निवासी ग्राम नीन्दडू की शादी नूरपुर निवासी गुलनाज के साथ हुई थी। गुलनाज ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया कि उसके पति को ससुराल पक्ष के लोगों ने घरेलू विवाद के चलते मारपीट कर गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। यही नहीं, सादिक के परिजनों ने उसकी मौत की कोई सूचना न तो गुलनाज को दी और न ही पुलिस या प्रशासन को, बल्कि आनन-फानन में शव को कब्रिस्तान में दफना दिया गया।

पत्नी की शिकायत के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया और जिलाधिकारी के आदेश पर प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम नीन्दडू स्थित कब्रिस्तान में पहुंचकर चार महीने पहले दफन किए गए सादिक के शव को कब्र से बाहर निकलवाया। इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम रीतू रानी, सीओ अभय कुमार पांडे और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। प्रशासन की निगरानी में शव को सावधानीपूर्वक कब्र से बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

घटना के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, मीडिया कर्मी और परिजन भी एकत्रित हो गए। पूरे गांव में इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल है। मृतक की पत्नी गुलनाज का कहना है कि उसे न्याय चाहिए और उसके पति की हत्या करने वालों को सजा मिलनी चाहिए।

मामला न केवल पारिवारिक विवाद का है बल्कि इससे जुड़े सामाजिक और प्रशासनिक पहलुओं पर भी सवाल खड़े कर रहा है। बिना किसी जांच और सूचना के शव को दफनाया जाना कानून व्यवस्था और नागरिक अधिकारों को लेकर कई सवाल छोड़ गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या के आरोपों की पुष्टि या खंडन हो सकेगा और उसी के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

### नोएडा में 15 करोड़ से दलित प्रेरणा स्थल का सौंदर्यीकरण

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-95 राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके लिए करीब 15 करोड़ रुपए खर्च हो रहे है। ये कार्य चार फेज में पूरा होगा। 2026 तक पार्क का उद्यानिक मेनटेनेंस भी किया जाएगा। इसके लिए कंपनी का चयन कर लिया गया है। यहां फुटपाल का बढ़ाने के लिए कई अन्य प्रोजेक्टों पर भी काम किया जा रहा है। प्रेरणा स्थल के प्रबंधक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि सौंदर्यीकरण का काम चार हिस्सों में हो रहा है। पहले पार्क में बने मुख्य गुंबद की मरम्मत का की जा रही है। जिसका अधिकांश कार्य पूरा किया जा चुका है। ये कार्य यूपी राज्य निर्माण निगम करवा रहा है। इसके लिए करीब 3 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# आदेश विरुद्ध होने से कोर्ट के बाहर हंगामा

## अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क कर युवक ने आग लगाने का किया प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बैनामे द्वारा बेची गई जमीन के 25 साल बाद हुए दान पत्र पर हुई आपत्ति को स्वीकार कर तहसीलदार द्वारा दान पत्र द्वारा जमीन के जरिए बने मलिक के विरुद्ध आदेश करने पर आदिल अब्बास के साथ आए लोग भड़क गए और हंगामा करने लगे। तभी उन्हीं में से एक व्यक्ति ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। जिससे मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बचा लिया। पुलिस ने हंगामा कर रही तीन महिलाओं सहित कुल पांच आरोपियों का धारा 151 के अंतर्गत चालान कर दिया।



प्राप्त समाचार के अनुसार पांच दिसम्बर, 2024 को शीतल कुमार पुत्र स्व. हरपाल सिंह व कमलेश देवी पत्नी स्व. हरपाल सिंह निवासीगण ग्राम शेरगढ़, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर के अधिवक्ता नवीन चौहान ने महफूज निवासी बरेली द्वारा आदिल अब्बास निवासी मौहल्ला नालबंदनान को गोयल स्कूल के पास धामपुर रोड स्थित कर्बला के पास 0. 2025 हैक्टेयर क्षेत्रफल के 6 भूखंडों के किए गए दान पत्र के विरुद्ध न्यायालय नायब तहसीलदार नगीना के यहां आपत्ति दर्ज की, जिसके विरुद्ध आदिल अब्बास ने अपना पक्ष रखते हुए दान पत्र को सही बताया और शीतल कुमार द्वारा पेश किए गए बैनामे को फर्जी बताया गया। जिसकी जांच स्वयं नायब तहसील द्वारा रजिस्ट्री कार्यालय जाकर की गई। जिसमें बैनामा सही पाया गया। प्रतिवादी आदिल अब्बास की ओर से मुकदमे की शुरूआत में खतीब एडवोकेट व शफकत रईस एडवोकेट द्वारा शुरू में पैरवी की गई थी। आदिल अब्बास की ओर से न्यायालय नायब तहसीलदार से विवाद होने पर उप जिलाधिकारी के आदेश पर मुकदमा तहसीलदार कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया। जहां पर शीतल कुमार की तरफ से दान पत्र के विरुद्ध की गई आपत्ति में बताया गया कि संपत्ति के मूल मलिक मौहम्मद सिब्तेन के दो पुत्रों और दो पुत्रियों को मौहम्मद सिब्तेन की मृत्यु के बाद उक्त संपत्ति का मालिकाना हक प्राप्त था। जिसमें सिब्तेन की दो पुत्रियां ताहिरा वह सायरा बेगम व एक भाई शकील ने अपने-अपने हिस्से का बैनामा 26. 10.99 को शीतल कुमार के पिता हरपाल सिंह को कर दिया था। इस प्रकार उक्त विवादित संपत्ति में एक पुत्र सकलेन व उनके वारिसों को केवल अपना हक बेचने का अधिकार था। परंतु सकलेन के तीन पुत्रों मनसूख, महफूज व बब्बू में से केवल एक पुत्र महफूज ने उक्त पूर्ण संपत्ति का दान पत्र आदिल अब्बास के पक्ष में 10.9.2024 को कर दिया, जो की सरासर गलत है। शीतल कुमार के अधिवक्ता की ओर से साक्ष्य दिए गए, जिसमें शीतल का बयान कराया गया व एक गवाह अब्दुल वहाब निवासी लोहारी सराय का भी बयान कराया गया। गवाह से गुड़िया बेगम के वकील सुनील कुमार ने सवाल जवाब किए।

आज न्यायालय तहसीलदार द्वारा उक्त मामले में आदेश पारित करते हुए शीतल कुमार को बैनामे द्वारा मिली गई संपत्ति को सही ठहराते हुए मालिक घोषित किया गया और आदिल अब्बास को उक्त विवादित संपत्ति के महफूज के भाग का मालिक मान लिया गया। हालांकि सकलेन के तीसरे बेटे मृतक बब्बू की पुत्री गुड़िया बेगम द्वारा सुनील कुमार एड. के माध्यम से उक्त विवादित संपत्ति में 1/24 भाग का स्वयं को मालिक बताया गया। परंतु किन्हीं कारणों से तहसीलदार द्वारा उनका साक्ष्य का अवसर समाप्त करते हुए सकलेन के पूर्ण भाग का मालिक महफूज को मानते हुए आदिल अब्बास को बनाया गया।

आज तहसीलदार द्वारा शीतल कुमार के पक्ष में दिए गए आदेश के बाद आदिल अब्बास व उसके सहयोगी अचानक आग बबूला हो गए और उन्होंने तहसीलदार पर गलत आदेश करने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। आदिल अब्बास के छोटे भाई आशु अब्बास द्वारा खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया गया। जिससे वहां अफरा तफरी मच गई। परन्तु मौके पर मौजूद कुछ लोगों द्वारा तत्परता दिखाते हुए आशु अब्बास को पकड़कर बचा लिया गया। मामले की जानकारी होते ही एसडीएम आशुतोष जायसवाल, सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी, थाना प्रभारी तेजपाल सिंह आदि अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और मामले को शांत कराया। वहीं पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# कांवड़ यात्रा मार्गों को पूर्ण रूप से गड्ढा मुक्त करना सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी



### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज दोपहर कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा सहित लोक निर्माण विभाग, एआरटीओ, ट्रैफिक पुलिस, रोडवेज सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा समाज के हर व्यक्ति की जिंदगी से जुड़ी हुई है, जिसके पेशेनजर आवश्यक है कि सड़क सुरक्षा को पूर्ण मानकों के अनुसार सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ब्लैक स्पॉट सहित सभी एक्सीडेंटल स्थानों पर एक्सीडेंट रोकने के लिए सभी आवश्यक प्रयास और उपाय किए जाएं और साथ ही यह भी निर्देश दिए कि जांच करें कि किन कारणों से एक्सीडेंट हो रहे हैं। उन्होंने कावड़ यात्रा की दृष्टिगत एनएचआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाईवे पर शेष रह गए कट को उनको तत्काल बंद करना सुनिश्चित करें। जिससे कि कोई भी अप्रिय घटना न होने पाए। साथी उन्होंने निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी कांवड़ यात्रा मार्गों को पूर्ण रूप से गड्ढा मुक्त करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी माह आयोजित होने वृक्षारोपण अभियान के दृष्टिगत जनपद के मुख्य हाईवे मार्गों को चिन्हित करना सुनिश्चित करें। जिससे उन मार्गों पर वृक्षारोपण अभियान के तहत वृक्षारोपण का कार्य किया जा सके।

उन्होंने पुलिस एवं संभागीय परिवर्तन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संयुक्त रूप से ई-रिक्शाओं की जांच करें और जो रिक्शा बिना पंजीकरण के संचालित पाई जाए उसे सीज करना सुनिश्चित करें। इसी के साथ उन्होंने रोडवेज संभागीय परिवहन एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि संयुक्त रूप से टीम गठित कर जिले में स्थापित रोडवेज बस अड्डे से संचालित होने वाले अवैध वाहनों की चैकिंग करें और जो भी वहां बिना परमिट के संचालित पाया जाए उसे भी सीज करें।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एन एच आई एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में विशेष ध्यान देते हुए सड़क के दोनों ओर प्राथमिकता पर सुरक्षात्मक चिन्ह एवं रिफिलेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित जगहों पर टेबिल टाप रोड ब्रेकर भी बनवाएं तथा चालकों की सुविधा के लिए उन पर सफेद लाइन भी बनाई जाएं ताकि कम से कम दुर्घटना की सम्भावना रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर दुर्घटनायें हो रही है, उन्हें चिन्हित कर उनमें तत्काल सुधार की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# स्विफ्ट ने डॉक्टर को मारी टक्कर

### सड़क पर तड़पता रहा घायल, हालत गंभीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** एक लापरवाह और तेज रफ्तार कार चालक की लापरवाही ने डॉ. अब्दुल मालिक को मौत के मुंह में पहुंचा दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंगलवार सुबह 10:30 बजे उस समय हड़कंप मच गया। जब धामपुर की ओर से आ रही सफेद रंग की स्विफ्ट कार (नं. डीएल 7 सीआर 1770) ने डॉ. अब्दुल मालिक की मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डॉ. मालिक सड़क पर उछलकर दूर जा गिरे और तड़पते रहे, लेकिन कार चालक भाग निकला। पीड़ित के छोटे भाई ने थाने में दी तहरीर में बताया कि डॉ. अब्दुल मालिक अपनी स्प्लेंडर बाइक (यूपी 20 जेड 1758) से पेट्रोल भरवाने जा रहे थे। इसी दौरान कार चालक वरुण पुत्र अज्ञात निवासी कालागढ़, जनपद बिजनौर ने बेहद तेजी और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए सामने से सीधी टक्कर मारी।

हादसे में डॉ. मालिक के सिर में गंभीर चोटें आईं। सिर फट गया, खून बहने लगा और कई टांके लगाने पड़े। दोनों कंधों की हड्डियां टूट गईं। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें मुरादाबाद के फोटोन अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें गहन निगरानी में रखा है। फिलहाल उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। घायल डॉक्टर के परिजनों में घटना को लेकर रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वाले ऐसे चालकों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

पीड़ित पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपी कार चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं प्रभारी निरीक्षक सुमित राठी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कानूनी प्रक्रिया जारी है।

# गुलाब महाविद्यालय में आपातकालीन स्थिति और समाज विषय पर संगोष्ठी

## आपातकाल के दौरान अपनी राय व्यक्त करने से डर लगने लगा था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर-स्याऊ में आपातकालीन स्थिति और समाज विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर प्रो. साधना ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोगों को अपनी राय व्यक्त करने या सरकार की आलोचना करने से डर लगने लगा था। इससे सामाजिक संपर्क कम हो गया और लोगों में एक-दूसरे पर अविश्वास बढ़ने लगा। आपातकाल ने समाज को विभाजित कर दिया। कुछ लोग सरकार के समर्थक थे, जबकि अन्य विपक्षी दलों के साथ थे। इससे सामाजिक संबंध तनावपूर्ण हो गए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. मीनाक्षी चौहान ने कहा कि आपातकाल में संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार करके मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया था। प्रेस पर सेंसरशिप लागू होने से जनता को सही जानकारी मिलने में बाधा आई और सरकार के प्रति अविश्वास बढ़ा। मोहम्मद आरिफ ने अपने उद्‌बोधन में बताया कि आपातकाल के दौरान कई लोगों को बिना किसी आरोप के गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया गया था। इन गिरफ्तारियों से लोगों में भय और निराशा का माहौल पैदा हो गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय का अधिकांश स्टाफ, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर गोष्ठी को सफल बनाने में महाविद्यालय के कार्यालय वरिष्ठ लिपिक राजेश श्रीवास्तव का सराहनीय सहयोग रहा।

## एक नजर

### नजीबाबाद ताइक्वांडो अकादमी का नाम रोशन




**बिजनौर।** ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से हरिद्वार के श्री प्रेम नगर आश्रम में 42 वें ऑफिशल राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता एवं 39वीं सब जूनियर ऑफिशल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 23 जून से 25 जून तक कराया गया। उत्तर प्रदेश की टीम में शामिल होकर जिला बिजनौर नजीबाबाद के आदर्श नगर ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिस्म की सब जूनियर वर्क में 24 किलोग्राम में सारा ने जीता सिल्वर मेडल, 26 किलोग्राम वर्ग में दिव्यांशी पाल ने जीता ब्रॉन्ज मेडल और वहीं अच्छा प्रदर्शन करते हुए अवंतिका ने 29 किलोग्राम वर्ग में जीत ब्रांच मेडल 35 किलोग्राम वर्ग में खुशी रानी ने ब्रोंज मेडल अपने नाम किया और नजीबाबाद ताइक्वांडो अकादमी आदर्श नगर का नाम रोशन किया। अकादमी पहुंचने पर अकादमी के पदाधिकारी ने खिलाड़ियों को मेडल पहना कर सम्मानित किया और उनके ताइक्वांडो कोच रिंकू वर्मा को बधाई दी। टीम मैनेजर वीरेंद्र सिंह रहे। इस अवसर पर अकादमी के अध्यक्ष मौहम्मद अरशद, अनमोल, हिमांशु भारती, बिजेंदर चौहान, विक्रम सिंह, बृजेश कुमार, नितिन वर्मा, अमन कुमार उपस्थित रहे।

### नारायणवाला में परियोजना का समापन



**अफजलगढ़।** करुणा समाज सेवा संस्था कोटद्वार की उप्स का भिक्कावाला के सौजन्य से रविदास गुरुद्वारा ग्राम नारायण वाला में परियोजना का समापन कार्यक्रम किया गया। जिसमें तहसीलदार उपस्थित रहे। रेडियो कृषि विभाग के रोहितास कुमार व संजय राणा आदि ने ढाई वर्ष की रिपोर्ट पढ़ी गई। जिसमें गांव के लाभार्थियों के बारे में जानकारी दी गई और कार्यक्रम में फादर फ्लिप व सिस्टर ललिया, कोऑर्डिनेटर गजेंद्र सिंह, मोहि. हत कुमार, अनिता राज, रितेश शर्मा, रेनू शर्मा उपस्थित रहे और 15 गांव की किशोरियों व महिलाओं ने तहसीलदार पवन कुमार के हाथों सर्टिफिकेट प्राप्त किए।

### स्कूलों के उच्चीकरण की मांग



**नगीना।** विधानसभा लखनऊ के कक्ष संख्या 48 में विधानमंडल दल की अनुसूचित जातियों, अनूसूचित जनजातियों एवं विमुक्त जातियों की समिति की बैठक में 26 जून को माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ अपर मुख्य सचिव उपस्थित नहीं हुए। इस कारण समिति के सभी सदस्यों ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि अगली मीटिंग में आरक्षण से संबंधित सभी दस्तावेजों के साथ अपर मुख्य सचिव मीटिंग में स्वयं उपस्थित रहें तथा पिछली मीटिंग में विधायकों द्वारा उठाए गए अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में भी पूर्ण जानकारी लेकर अगली मीटिंग में उपस्थित हो। इस निर्देश के साथ मीटिंग को स्थगित कर दिया गया और इस बार भी मीटिंग में विधायक नगीना (पूर्व मंत्री) उ.प्र. सरकार मनोज पारस द्वारा विधानसभा क्षेत्र नगीना के ग्राम अकबराबाद, स्कूल के ऊच्चीकरण (हाई स्कूल या इंटर तक) कराने की मांग की गई। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र नगीना के ग्राम मुबारकपुर खोसा उर्फ खुशियाकी के प्राइमरी स्कूल का ऊच्चीकारण कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने विधानसभा क्षेत्र नगीना के ग्राम दूधली, स्कूल का ऊच्चीकरण (हाई स्कूल या इंटर तक) कराने की भी मांग की।

## एक नजर

### शुभम निर्विरोध निर्वाचित



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव भज्जावाला में सहकारी समिति प्रांगण में डीएम जसजीत कौर के निर्देशानुसार सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान चयन हेतु खुली बैठक बुलाई गई। जिसमें शुभम कुमार पुत्र होरीलाल शर्मा तथा द्वितीय पक्ष कपिल कुमार पुत्र मदन सिंह चौहान ने चुनाव हेतु नामजदगी कराई थी। परन्तु शुभम कुमार शर्मा के पक्ष में पूरा गांव लामबंद हो गया। जिस कारण कपिल कुमार चौहान ने अपना नाम वापस ले लिया। शुभम कुमार शर्मा को मौजूद अधिकारियों ने निर्विरोध घोषित कर दिया। बैठक में सहायक विकास अधिकारी आईएसबी इकबाल अहमद, ग्राम प्रधान श्रीमती हसीना खातून पत्नी जाकिर हुसैन एवं ग्राम सचिव शरद कुमार एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### गन्ने की फसल जोतने का विरोध



**नांगल सोती।** नांगल सोती निवासी राशिद उर्फ भूरा ने खादर क्षेत्र में कुछ किसानों द्वारा वन विभाग की भूमि पर कब्जा करने की शिकायत की थी। जिस पर वन विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पैमाइश कराई गई थी। बृहस्पतिवार को डिप्टी रेंजर राम मुसाफिर यादव के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने खादर क्षेत्र में पहुंचकर किसानों अय्यूब, मनोज, अख्तर की खड़ी गन्ने की फसल पर ट्रैक्टर से जुताई शुरू करा दी, सूचना मिलने पर भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, मुकुल सहरावत, ज्ञान सिंह, अजय, रोहित, जयवीर, शकील, फहीम आदि कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और उन्होंने डिप्टी रेंजर का घेराव करते हुए धरना शुरू कर दिया। जिस पर नायब तहसीलदार अतुल कुमार भगत, थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी मौके पर पहुंचे, नायब तहसीलदार ने किसानों को आश्वासन दिया कि जब तक गन्ने की फसल नहीं कट जाती तब तक वन विभाग की टीम भूमि पर कब्जा नहीं करेगी और किसानों को पैमाइश कर उनकी भूमि दिलवाई जाएगी, जिस पर किसानों ने धरना समाप्त कर दिया।

# प्रशासन का सहयोग करें : मावी

### प्रशासन की गाइड लाइन की दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना परिसर में थाना अध्यक्ष योगेश कुमार मावी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी त्यौहारों मोहर्रम व कांवड़ यात्रा के मद्देनजर शासन प्रशासन की गाईड लाइन को थाना प्रभारी ने बैठक में मौजूद क्षेत्र के गणमान्य लोगों को जानकारी दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना प्रांगण में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर थाना अध्यक्ष योगेश कुमार मावी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना अध्यक्ष ने बताया कि मोहर्रम के ताजिये को बताई गई ऊंचाई तक ही बांधे। उन्होंने बैठक में आये ग्राम प्रधानों से अपील करते हुए कहा कि शिवभक्तों की कांवड़ यात्रा से पहले क्षेत्र में साफ सफाई, भांग के पेड़ों को उखाड़ने की बात कही।

थाना प्रभारी ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों को कांवड़ यात्रा मार्ग में पड़ने वाले विद्युत पोलो पर टेपिंग करने की जिम्मेदारी सौंपी, ताकि कोई भी कांवरती किसी दुर्घटना का शिकार न हो।

थाना प्रभारी ने शिविर आयोज. कों से भी शिविर लगाने अथवा नहीं लगाने की जानकारी लेते हुए शिविर लगाने के नियमों की जानकारी दी। थाना अध्यक्ष योगेश कुमार मावी ने अंत में सभी ग्राम प्रधानों, क्षेत्र के गणमान्य लोगों व पत्रकारों से शांति के साथ त्यौहारों को संपन्न कराने और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

# कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस सतर्क

### शांति समिति की बैठक सम्पन्न




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** आगामी त्यौहारों और कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण व सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी राजेश सोलंकी ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी अनिल कुमार ने किया। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, सम्मानित नागरिक, व्यापारी वर्ग के प्रतिनिधि व पुलिसकर्मी मौजूद रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे, ऐसे में शांति, सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में सभी की सहभागिता आवश्यक है। सीओ राज. ेश सोलंकी ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, तनाव या अराज. कता फैलाने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। ऐसे तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। कांवड़ मार्गों की निगरानी के लिए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और रूट डायवर्जन की तैयारी भी अंतिम चरण में है। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा में सभी धर्मों के लोग सहयोग करें। यही गंगा-जमुनी तहजीब की असली तस्वीर है। बैठक में आए लोगों ने प्रशासन को अपने सुझाव भी दिए, जिन्हें अधिकारियों ने गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा।

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरे पुत्र अकील व शकील गलत संगत में पड़ गये है। चाल चलन सही नहीं है। यह मेरा व मेरी पुत्री हिना को खाने पीने व भरण पोषण हेतु कोई खर्च नहीं देते है तथा आये दिन हमारे साथ गाली-गलौच व मारपीट व अभद्र व्यवहार करते है। मैंने इन्हें बहुत समझाया, परन्तु यह अपने गलत कृत्यों से बाज नहीं आते है। इसलिए मैंने इनसे तंग आकर अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उक्त दोनों का मेरी चल व अचल सम्पत्ति में कोई हक नहीं होगा और इनके किसी कृत्य के यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरी पुत्री हिना का इन दोनों से कोई मतलब वास्ता नहीं है। **फरीदा पत्नी जमील अहमद निवासी मौहल्ला मिर्दगान बिजनौर, थाना कोतवाली शहर बिजनौर, जिला बिजनौर**

# ठेला संचालक का चाकू से गला काटा

## ठेले पर ग्राहक को लेकर विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शीला टॉकीज चौराहे पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब दो ठेला संचालकों के बीच ग्राहक को लेकर कहासुनी शुरू हुई और देखते ही देखते विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। एक युवक ने दूसरे पर धारदार चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच-बचाव कर रहे एक अन्य युवक को भी चाकू लग गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार अल्हैपुर नौरंगाबाद निवासी गुलाब सिंह पुत्र सुखराम सिंह शीला टॉकीज चौराहे पर शाम के समय पकोड़े का ठेला लगाकर अपना जीवन यापन करता है। वहीं नजदीक ही अमित कुमार पुत्र नरेश कुमार निवासी नौरंगाबाद भी ठेला लगाता है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा को लेकर



रंजिश चल रही थी।

25 जून की रात ग्राहक को लेकर कहासुनी के दौरान अमित ने गुलाब सिंह पर गाली-गलौच करते हुए तेज धारदार चाकू से गले पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल गुलाब सिंह को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना के समय मौके पर मौजूद गौतम कुमार पुत्र यादराम सिंह निवासी नौरंगाबाद ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन हमलावर ने उसे भी चाकू मार दिया। गौतम के हाथ में गंभीर चोट आई है और चिकित्सकों ने उसे भी टांके लगाए हैं। गुलाब सिंह की पत्नी राधा देवी ने कोतवाली धामपुर में तहरीर देकर बताया कि आरोपी पूर्व में भी उनके पति और बच्चों को जान से मारने की धमकी दे चुका है। उसने मांग की कि आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी अमित कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर जारी

**बिजनौर।** डीएम श्रीमती जसजीत कौर ने मुख्य सचिव, उ.प्र. शासन, राजस्व अनुभाग-4 /गृह (गोपन) अनुभाग-3 के पत्र के हवाले से उक्त के अंतर्गत जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जानकारी देते हुए बताया कि माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को जनपद की प्रत्येक तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये जाने के लिए तहसील दिवस संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उन्होंने शासन के उक्त निर्देशों के क्रम में माह: जुलाई, 2025 से माह दिसम्बर, 2025 तक के लिये सम्पूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर निर्धारित करते हुए बताया कि 05 जुलाई को बिजनौर में व 19 जुलाई को धामपुर में, 2 अगस्त नगीना व 16 अगस्त नजीबाबाद में, 6 सितंबर चांदपुर व 20 सितंबर बिजनौर में, 4 अक्टूबर धामपुर व 18 अक्टूबर नगीना, 01 नवम्बर नजीबाबाद व 15 नवम्बर चांदपुर में 06 दिसंबर बिजनौर व तथा 2025 दिसंबर को धामपुर में उपरोक्त तिथिवार निर्धारित सम्पूर्ण समाधान दिवस उनकी अध्यक्षता में आयोजित होंगे।

# एसपी पूर्वी अमित श्रीवास्तव का सर्व समाज सेवा समिति ने किया स्वागत

### गलत कार्य में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा: श्रीवास्तव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सर्व समाज सेवा समिति की ओर से नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक पूर्वी अमित श्रीवास्तव का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में विभिन्न समाजसेवियों एवं व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एसपी पूर्वी को पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ. आयुष कुमार, महासचिव सरदार हरपाल सिंह, अमित अग्रवाल, सुगम जैन, अभिनव गोयल, अंकुर अग्रवाल, गौरव पोसवाल, और अंकित जोशी सहित अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

स्वागत के दौरान एसपी अमित श्रीवास्तव ने कहा कि उनके कार्यकाल में किसी भी गरीब या निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। थाना स्तर पर आने वाली प्रत्येक समस्या को



गंभीरता से सुना जाएगा और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि गलत कार्यों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

एसपी श्रीवास्तव ने सर्व समाज सेवा समिति के प्रयासों की सराहना की और कहा कि पुलिस एवं समाज का तालमेल अपराध नियंत्रण में अत्यंत सहायक होता है। उन्होंने समिति से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करते रहें और समाज में सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत करें।

कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने एसपी श्रीवास्तव को विश्वास दिलाया कि समिति हरसंभव प्रशासन के साथ मिलकर समाज हित में कार्य करती रहेगी।

# कृष्णा में छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज के बी.एड और एम.एड छात्र-छात्राओं को स्कूल में अध्यापक के पद पर तैनाती हेतु कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इसके लिए झालू स्थित ग्रेट इंडियन एकेडमी से आयुष अग्रवाल जी ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया।

## 30 अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग

साक्षात्कार में कुल 30 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, इनमें से तीन अभ्यर्थियों को प्राथमिक स्तर के लिए तथा दो को उच्च प्राथमिक स्तर पर शिक्षक हेतु चयनित किया गया। ग्रेट इंडियन एकेडमी सीबीएसई से संबंध एवं अंग्रेजी माधयम का स्कूल है जो कि पिछले 15 साल से क्षेत्र को अपनी उत्तम सुविधाओं एवं सेवाओं का लाभ दे रहा है। अत: ऐसे स्कूलों में कृष्णा कालेज के अभ्यर्थियों का चयन होना कालेज के लिए हर्ष का विषय है। कृष्णा कालेज के प्रबंधक मनोज कुमार ने चयनित अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करने के साथ बताया कि कृष्णा कालेज सदा ही विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए तत्पर रहा है। कृष्णा कालेज के बी.एड विभाग के विभागाध्यक्ष एम.एस. अंसारी ने कहा कि विद्यार्थियों को साक्षात्कार के माधयम से आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर प्राप्त हुआ हैं। अन्य अभ्यर्थियों को सहायक प्रवक्ता अंशिका राव ने प्रेरित करते हुए कहा कि वह अपने ज्ञान व शिक्षण कौषल पर निरंन्तर कार्य करते रहे, जिससे भविष्य में अवसर का लाभ उठा सकें।

# नेहरू स्टेडियम में ताइक्वांडो प्रशिक्षण

## ताइक्वांडो से बन सकता है उज्ज्वल करियर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नेहरू स्टेडियम में आज जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार द्वारा खिलाड़ियों को ताईक्वांडो का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में शहर व आसपास के क्षेत्रों से आए कई युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान राजकुमार ने कहा कि ताईक्वांडो न केवल आत्मरक्षा का साधन है, बल्कि इससे युवा एक सफल करियर भी बना सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। जो खिलाड़ी कड़ी मेहनत और अनुशासन से अभ्यास करेंगे, उनके लिए सरकारी नौकरियों से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक के रास्ते खुलते हैं।

नेहरू स्टेडियम, बिजनौर में ताईक्वांडो के लिए पूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहाँ प्रशिक्षण के लिए आवश्यक सभी उपकरण, सेफ्टी



गियर्स, ताईक्वांडो मैट, पंचिंग पैड्स, व अन्य सामग्री मौजूद है, जिससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अभ्यास का अवसर मिल रहा है। स्टेडियम में अनुभवी प्रशिक्षकों की देखरेख में नियमित रूप से ताईक्वांडो अभ्यास कराया जा रहा है। राजकुमार ने खिलाड़ियों को ताईक्वांडो की मूल तकनीकें सिखाई और अभ्यास के महत्व पर बल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति, विशेष कोचिंग और प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है।

हिमांशु सहायक जिला खेल कार्यालय बिजनौर ने कहा कि ताईक्वांडो जैसे मार्शल आर्ट्स सिर्फ आत्मरक्षा के लिए ही नहीं, बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और करियर की संभावनाएं भी पैदा करते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार खेलों को लेकर बेहद संजीदा है और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हर स्तर पर सहयोग दे रही है। हमारा प्रयास है कि बिजनौर जिले के अधिक से अधिक खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचें और जिले का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से अभ्यास करें और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाएं।

# आरकेएसएम पब्लिक स्कूल में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** आरकेएसएम पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ मनाई गई। शिक्षकों से समय के अनुकूल अपने आपको अपग्रेड करने को कहा गया। तीन दिवसीय टीचर्स वर्कशॉप का शुभारम्भ सरस्वती माता तथा प्रथम आदर्श शिक्षिका सावित्री बाई फूले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

देश में 25 जून 1975 को लगे आपातकाल की प्रमुख घटनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में मुख्य वक्ता धामपुर के वरिष्ठ शिक्षक किशोर कुमार रहे। उन्होंने शिक्षकों से कहा दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। बदलते परिवेश में हमें अपने आपको अपडेट करना है। अध्यापन कार्य को प्रभावी व रोचक पूर्ण बनाना है। कार्यशाला में प्रधानाचार्य सौरभ राजपूत, उप प्रधानाचार्य श्रीमती स्वाति चौहान ने कक्षा वातावरण सृजन, ब्लैक बोर्ड की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का संचालन कमलजीत सिंह नूर ने किया। विद्यालय प्रबंध तंत्र की ओर की मुख्य अतिथि किशोर कुमार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने आपसी भाईचारा कायम रखना का संदेश दिया। कोई भी धर्म भेदभाव का संदेश नहीं देता है। इसलिए कोई भी किसी के साथ भेदभाव ना करें। क्योंकि हमारा देश एक खुबसूरत देश है। जहां पर सभी धर्मों के लोग एक साथ रहते हैं। यही हमारी देश की खुबसूरती है।

# एकीकरण के विरोध में अटेवा ने सौंपा ज्ञापन

## एकीकरण से निजी विद्यालयों को मिलेगा बढ़ावा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ऑल टीचर्स एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा), जनपद शाखा बिजनौर द्वारा जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत एवं जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा परिषद के कम छात्र वाले स्कूलों के एकीकरण (पेयरिंग) के विरोध में मुख्यमंत्री व राज्यपाल के संबोधित एक ज्ञापन दिया गया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा बेसिक शिक्षा परिषद के काम छात्र वालों स्कूलों को निकटवर्ती स्कूलों में पेयरिंग (एकीकरण) संविधान के अनुच्छेद 21 (ए) और शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत बच्चों को प्राथमिक शिक्षा सुलभ, निकटतम और बाल अनुकूल होनी चाहिए। प्राथमिक शिक्षा के लिए 1 किलोमीटर व उच्च प्राथमिक शिक्षा के लिए 3 किलोमीटर की दूरी में



स्कूल होना चाहिए। जिसे सरकार द्वारा इन स्कूलों के पेयरिंग एकीकरण कर छिन्ने ने का कार्य किया जा रहा। प्रदेश के लगभग 135000 सहायक अध्यापकों एवं 27000 प्रधानध्यापकों के पदों को समाप्त किए जा रहा है। प्रदेश के लाखों छात्र व अभिभावकों इससे पूरी तरह प्रभावित होंगे और निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा। संगठन ने महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से इस काले शासनादेश को स्थगित कर छात्रों के शिक्षा का मूल अधिकार सुरक्षित करें।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि, राजकीय वाहन चालक संघ के जिलाध्यक्ष मानवीर सिंह, जिला मंत्री नरेंद्र कुमार, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला संयुक्त मंत्री मनोज कुमार यादव, मोहम्मद जावेद, भूपेंद्र चौधरी, कुलवीर चौधरी, मुजफ्फर इस्लाम, अल्फिया जावेद, कौशल गौतम, वसीम बानो, रीवा सिंह, पारूल, अंशु रानी दीक्षित, ओमप्रकाश सिंह, कुलदीप कुमार, रविंद्र कुमार, मंजीत ठाकरान, पारस विनीत, सुशील कुमार, रामनाथ सिंह, सुभाष चन्द्र, योगेंद्र कुमार, संजीव कुमार, भीम सिंह, आफताब अहमद, सतेन्द्र कुमार, मनीष कुमार, तरुण गुप्ता, दीनदयाल शर्मा, नरेश कुमार गुप्ता, अमित देशवाल, पुनीत गहलोत, भान सिंह, उमेश कुमार, तेजपाल सिंह, गुलशन सिंह, छोटे सिंह, अतर सिंह, सुधीर कुमार, उमेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# बहन ने ही बिगाड़ दिया बहन का घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां एक बहन ने ही दूसरी बहन का घर खराब कर दिया है, जिसके चलते 9 साल बाद महिला के पति ने महिला को घर के बाहर का रास्ता दिखा दिया है। उधर पति की निकाली महिला जब अपने घर पहुंची और आपबीती और अपनी बहन की करतूत परिजनों को बताई तो सदमे में पीड़िता के पिता भी चल बसे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थानां क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने हीमपुर दीपा थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका निकाह 9 वर्ष पूर्व गांव के ही एक युवक से संपन्न हुआ था, जिसमें

## नौ साल बाद पति ने निकाला घर से बाहर

महिला ने उसके परिजनों द्वारा 5 लाख रुपये दिए जाने की बात भी कही। पीड़िता ने बताया कि उसके शौहर से उसे तीन बच्चे भी है। पीड़िता ने बताया कि अब उसका पति उसके साथ आय दिन मारपीट करता है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति ने अब 9 साल बाद उसे घर से बाहर निकाल दिया और उसकी छोटी बहन उसके साथ रह रही है। पीड़िता ने बताया कि उसका पति और पीड़िता की बहन ने मारपीट कर उसे घर से बेघर कर दिया है।

## अप्रेंटिसशिप मेला 30 जून को

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया की 30 जून को प्रात: 10:00 से राजकीय आईटीआई बिजनौर में अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनपद की किसी भी आईटीआई में किसी भी ट्रेड से आईटीआई कर चुके छात्र अपने समस्त प्रमाण पत्रों के साथ राजकीय आईटीआई बिजनौर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### सरदार हरजीत सिंह ने किया नाम रोशन



**राजा का ताजपुर।** पिछले कई वर्षों से शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्रों में सेवाएं देते हुए ताजपुर निवासी डॉ. संतोष सिंह के पुत्र सरदार हरजीत सिह ने देश के अलग-अलग शीर्ष सैन्य चिकित्सा केन्द्रों में अपनी सेवाएं देकर अपने ताजपुर के साथ अपने परिवार का नाम भी रोशन किया है। आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल, नई दिल्ली से पीजी इन हेल्थ एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट परीक्षा ग्रेड ए से उत्तीर्ण की है। आपने यह प्रशिक्षण कर्नल समीर मेहरोत्रा विभागाध्यक्ष-हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन,आर्मी हॉस्पिटल ग्रुप कैप्टन डॉ. राजकुमार, प्रोफेसर टी. के. जेना एवं डॉ. बिपलब जमातिया एमबीबीएस एमडी एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष- स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज, इग्नू) के मार्गदर्शन में प्राप्त किया। साथ ही डॉ. आशीष के. गुप्ता एमबीबीएस,एमएस नेशनल असेसर एन. क्यू.ए.एस. एवं एन.ए.बी.एच के मार्गदर्शन में अकादमी ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, नोएडा से एन.क्यू.ए. एस. का सफल प्रशिक्षण प्राप्त कर जिला बिजनौर का नाम रोशन किया है। ज्ञात हो कि आपने पिछले कई वर्षों में बिजनौर के कई प्राइवेट प्रतिष्ठित शिक्षण एवं स्वास्थ्य संस्थानों में बतौर प्रोफेसर, डिप्टी मैनेजर एवं प्रशासनिक निदेशक पदों पर सेवाएं दी हैं। उन्होंने गरीबों बेसहारों की मदद करने में अपना योगदान दिया है।

### जैन मंदिर में सामूहिक णमोकार मंत्र जाप



**धामपुर।** नगर के मोहल्ला गुजरातियान स्थित बड़े जैन मंदिर में हर माह की भांति इस बार भी सामूहिक णमोकार महामंत्र का जाप श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन अनिल जैन एवं नमन जैन परिवार द्वारा किया गया। एक घंटे तक चले इस मंत्र जाप का सानिध्य प्रदीप जैन शास्त्री द्वारा प्रदान किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में महामंत्र का उच्चारण कर सुख-शांति, समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की। प्रदीप जैन शास्त्री ने अपने प्रवचन में बताया कि णमोकार मंत्र का नियमित जाप मानसिक शांति, आध्यात्मिक उन्नति और पारिवारिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है। यह जैन धर्म का सबसे पावन और शक्ति-संपन्न मंत्र है, जिसे प्रत्येक जैन अनुयायी को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम में मनोज जैन, अरुण जैन, अवधेश जैन, संजोग जैन, मोनू जैन, ऋषभ जैन, अजय जैन, सचिन पंडित, सौरभ जैन, विशाल जैन, अमन जैन, स्पर्श जैन, सतनाम सिंह, पूनम जैन, साक्षी जैन, अनीता जैन, सीमा जैन, पारुल जैन, गरिमा जैन, शैल बाला जैन, बबिता जैन, अर्चना जैन, अपूर्वा जैन, एवं अंजना जैन सहित बड़ी संख्या में जैन धर्मालंबी एवं सर्व समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में सामूहिक रूप से आरती और प्रार्थना में भाग लिया। आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण भी किया गया।

# वीकेआईटी के संस्थापक की माता कुंवर कली को दी श्रद्धांजलि



**शाह आइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेज में आज कॉलेज के संस्थापक ए.के. सिंह की माता स्व. कुंवर कली की 28वीं पुण्यतिथि मनायी गयी,

कॉलेज के संस्थापक ए.के. सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक सिंह एवं सभी समस्त ने स्व. कुंर कली की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। ए.के. सिंह ने बताया कि कैसे आज तक उनकी माता का आशीर्वाद उनके साथ चलता आ रहा है और उन्ही के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने सन् 2008 में कुंवर कली एजुकेशन ट्रस्ट की स्थापना की ताकि इसके जरिये शिक्षा के प्रति उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके एवं अन्त में उपस्थित सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें भावपूर्ण श्रृद्धाजंलि दी।

# विदुर ब्रांड के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विकास खंड अल्हैपुर के डवाकरा हॉल में विदुर ब्रांड के उत्पादों के प्रचार-प्रसार और उत्पादन वृद्धि को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ब्रांड के महत्व और उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण स्तर पर विदुर ब्रांड के उत्पादों को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब तक हम स्वयं इन उत्पादों का उपयोग नहीं करेंगे, तब तक हमें इनकी गुणवत्ता और उपयोगिता का अंदाजा नहीं हो सकेगा।

उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से अपील की कि वे इन उत्पादों का उपयोग कर उन्हें



गांव-गांव तक पहुंचाएं ताकि ग्रामीण स्तर पर स्थानीय ब्रांड को मजबूती मिल सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम विकास अधिकारी हिमांशु चौहान ने की। उन्होंने कार्यशाला का संचालन भी किया और महिलाओं को प्रशिक्षण दिया कि कैसे वे उत्पादों को बेहतर तरीके से प्रचारित कर सकती हैं और बाजार तक पहुंच बना सकती हैं। कार्यशाला में एडीओ पंचायत अनिल कुमार, ग्राम पंचायत सचिव सहदेव, अंकुश कुमार, विनीता देवी, मोहित कुमार, कृपाल सिंह, नसीम अहमद, सलमान, दिव्यांशु कुमार, सौरभ कुमार, मनोज कुमार, मोनिका रानी, मीनाक्षी चौहान, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में प्रेरणा समिति के सदस्य और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अनीता देवी, सरिता, रूपा, कमलेश, साजिया, रुखसाना, लक्ष्मी, रीता आदि मौजूद रहीं।

कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों से अपने-अपने गांवों में विदुर ब्रांड के प्रचार-प्रसार और बिक्री को लेकर प्रतिबद्धता व्यक्त करवाई गई।

# आपातकाल में बंदी बनाए गए लोगों को दी थी मुलायम सरकार ने सुविधाओं की सौगात

## दो दर्जन से अधिक मीसा बंदियों को मिल रहा है लाभ

### लोकतंत्र रक्षक सेनानी की सुविधा पाने को मौलाना मुनव्वर हुसैन नौ साल से अफसरों के काट रहे हैं चक्कर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आपातकाल के दौरान इन्दिरा गांधी सरकार की दमनकारी नीतियों का विरोध करने वाले सम्भल के दो दर्जन से अधिक राजनैतिक बंदियों के लिए मुलायम सिंह सरकार तब मेहरबान साबित हुई जब डीआईआर व मीसा के तहत जेल भेजे गए लोगों को लो. कतंत्र रक्षक सेनानी घोषित करते हुए उन्हे राजनैतिक सम्मान पेंशन दिए जाने की सौगात सुनाई। 25 जून 1975 को पूरे देश में आपातकाल लगाकर प्रेस की स्वतंत्रता पर बड़ा हमला किया गया था।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व जमाते इस्लामी हिंद जैसे सामाजिक संगठनों को प्रतिबंधित करते हुए विपक्षी नेताओं के खिलाफ धरपकड़ अभियान शुरू किया गया था। जिसके तहत दिवंगत सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के साथ-साथ ओम प्रकाश मोंगिया, विजय प्रकाश त्यागी, परीक्षित मोंगिया, हाजी छोटे, महीपाल सिंह, कृष्ण अवतार, वेद प्रकाश, सिराज अहमद, मुस्तकीम, हफीज उर्फ यूसुफ ठेकेदार, इशरत अली, माकूर, निजामुद्दीन, रफीक अहमद, मोहम्मद यूनुस, अमर सिंह, जहीर आलम, हामिद हुसैन, भूरा, अता उल्ला तातारी, बदर हुसैन, मुकर्रब हुसैन, हाजी सगीर अहमद, मौलाना मुनव्वर हुसैन, डा. अब्दुररब व शिवकुमार अग्रवाल आदि को एकाएक हिरासत में लेकर मुरादाबाद के जिला कारागार में भेज दिया गया था। सभी राजनैतिक बंदियों को तब तक जेल में रखा गया जब तक आपातकाल समाप्त करने की घोषणा नहीं की जनपद मुरादाबाद की तीनों तहसीलों के राजनैतिक बंदियों का रिकार्ड गई जिला कारागार में आज भी सुरक्षित रखा गया है। इसकी सूचना आरटीआई के तहत पत्रकार साद उसमानी को जिला कारागार मुरादाबाद ने उपलब्ध करायी है। उधर उत्तर प्रदेश में सपा सरकार के सत्तासीन होने के बाद मुलायम सिंह यादव ने आपातकाल के राजनैतिक बंदियों को लोकतंत्र रक्षक सेनानी घोषित किया था तथा सभी को राजनैतिक सम्मान पेंशन दिए जाने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान कर राहत पहुंचायी थी। उधर मोहल्ला दीपा सराय निवासी मुनव्वर हुसैन को भी मीसा के तहत जेल में डाल दिया गया था। लेकिन अभी तक जिला प्रशासन ने उनका राजनैतिक सम्मान पेंशन आवेदन 2016 से ठंडे बस्ते में डाल रखा है। जबकि जिला कारागार मुरादाबाद के अधीक्षक ने मुनव्वर हुसैन के जिला कारागार मुरादाबाद में निरूद्ध होने की पुष्टि करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय को प्रेषित अपनी आख्या दिनांक 17 जनवरी 2017 में उल्लेख किया है कि अभिलेखों के अनुसार मुनव्वर हुसैन पुत्र सादक हुसैन निवासी दीपा सराय जनपद मुरादाबाद के विरू( अ. सं. 112 अन्तर्गत आईपीसी की धारा 436,395,295 तथा अ. सं. 122 धारा 188/43 डीआईआर थाना सम्भल के अन्तर्गत दिनांक 2,3,1976 को मुनव्वर हुसैन जिला कारागार में निरूद्ध हुए तथा दिनांक 23.03. 1976 को जमानत मुचलके पर कारागार से रिहा किए गए। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने भी अपने पत्र दिनांक 26.12.18 के द्वारा स्पष्ट किया है कि मुनव्वर हुसैन को कोई सरकारी सहायता पेंशन नहीं मिल रही है। मुनव्वर हुसैन ने बताया कि पिछले नौ साल से राजनैतिक पेंशन प्राप्त करने के लिए प्रयास किया जा रहा है, लेकिन जिला प्रशासन के स्तर पर उनका आवेदन अनावश्यक रूप से लम्बित रखकर उनके साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है।

## आपातकाल की खौफनाक यादें आज भी संजोए हुए हैं साद उस्मानी

### छात्र जीवन में बुलंद की थी सरकार की दमनकारी नीति के विरूद्ध आवाज़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आपातकाल की खौफनाक यादों को संजोय हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं आरटीआई कार्यकर्ता ने बताया कि 25 जून 1975 को जब द्वेष में आपातकाल लागू किया गया था तो वह हिंद इंटर कॉलेज में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। सरकार की दमनकारी नीति के विरूद्ध कॉलेज के छात्रों ने आवाज बुलंद की तो स्थानीय प्रशासन हरकत में आ गया था।

पुलिस ने छात्रों की आवाज को कुचलने के लिए सख्त एक्शन लिए थे। जिसके चलते कॉलेज प्रबंधन के कड़े रूख के बाद छात्र नेता रहें स्व. गुलाम गौस को खामा. श होना पड़ा था। साद उसमानी का कहना है कि कोतवाली पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया था। उनमें उनके बड़े भाई 1क्षक नेता मौहम्मद नौमान रहबर को भी गिरफ्तार कर जिला कारागार में निरूद्ध कर दिया गया था। इसके बाद तत्कालीन कोतवाल घोषाल ने एका-एक पुलिस के ज़रिए उन्हे पकड़कर कोतवाली लाकर पूछताछ की गई थी। कम उम्र होने के कारण पुलिस ने चार घंटे के बाद छोड़ दिया था। यह घटना याद कर साद उसमानी बताते हैं कि जब यह खौफनाक यादें ताजा होती हैं तो वह सिहर हो उठते हैं। अलबत्ता यह भी कड़वा सच है कि इन्दिरा गांधी सरकार को आपातकाल संवैधानिक रूप से घोषित किया था, लेकिन वर्तमान की परिस्थितियां यह हैं कि देश में अघोषित रूप से आपातकाल लागू है। किसी भी असहमति की आवाज को बर्दाश्त नहीं किया जाता है। प्रेस मीडिया की स्वतंत्रता का आलम यह है कि पुलिस-प्रशासन सिर्फ वह समाचार पसंद करता है कि जिससे उसके काम पर कोई सवालिया निशान न लगे और उन खबरों से वह डरता है कि जिससे सच्चाई जनता के सामने आ जाती है।

## 12 फीट रहेगी ताजिए की ऊंचाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मोहर्रम के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां कर ली हैं। पुलिस अधीक्षक ने शान्ति समिति की बैठक में जरूरी निर्देश दिए। मोहर्रम का चांद दिखाई देते ही 6 जुलाई को मोहर्रम जुलूस निकाला जाना माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई ने बताया कि ताजियों की ऊंचाई जमीन से अधिकतम 12 फीट तक ही रखी जाएगी। ताजिये केवल पूर्व निर्धारित मार्गो से ही निकाले जाएंगे और नए रास्तों की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रत्येक ताजिये पर केवल दो लाउडस्पीकर की अनुमति होगी और उनकी आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप रखनी होगी। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के लिए हर ताजिये के साथ एक पुलिस का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# कुपोषित बच्चों को चेयरपर्सन पति ने बांटी पौषाहार किटें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कुपोषित बच्चों को कुपोषण से बचाव को नगर पालिका परिषद आगे आया है। चैयरमेन के प्रयासों से प्रतिनिधि/चैयरमेन पति ने पौषाहार किटों का वितरण किया।

बुधवार को चैयरमेन आसिया मुशीर के पति व चैयरमेन प्रतिनिधि चौधरी मुशीर अली खां ने बच्चों को कुपोषण से बचाने व कुपोषित बच्चों को काला चना, हॉर्लिक्स, सोयाबीन की बड़ी, पांच प्रकार के सूखे मेवे, दलिया, मूँग की दाल आदि पौषाहार किट का वितरण किया।

इस दौरान चैयरमेन पति चौ. मुशीर अली खां बच्चों की देखभाल और बच्चों को कुपोष ण से बचाने को उनकी देखभाल करते रहने पर ज़ोर दिया। इस मौके पर कार्यवाहक अधिशासी /कर निर्धारण अधिकारी अधिकारी कार्तिक यादव, सभासद वेद प्रकाश, मौ. शैकीन, इब्राहीम अंसारी, राजेन्द्र, परवेज व सभासद पति प्रमोद सैनी, मौ. फुरकान, सभासद अन्नू दयाल एवं राजस्व निरीक्षक राजेश यादव, निर्माण लिपिक महीपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



कुपोषित बच्चों को पौषाहार किटों का वितरण करते चेयरमेन पति चौ. मुशीर अली खां।

# सड़क की दुर्दशा पर विरोध प्रदर्शन

### जिला संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं में रोष

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। गुरुवार को जिला संघर्ष समिति के पदाधिकारी एकत्रित होकर तहसील क्षेत्र के गांव मासूमपुर पहुंचे। और सड़क मार्ग में भारी गड्ढे और दुर्दशा को देखकर काफी रोष व्यक्त किया और ग्रामीणों ने चौ रविराज चाहल एडवोकेट के नेतृत्व में एकत्रित होकर जबरदस्त प्रदर्शन व नारेबाजी कर राया बुजुर्ग टंकी से मासूमपुर को जाने वाले सड़क मार्ग को गड्ढे मुक्त किये जाने की मांग की।

जल्द से जल्द सड़क मार्ग को गड्ढे मुक्त किये जाने मांग की। इस दौरान बोलते हुए पूर्व प्रधान निर्दोष सिंह ने कहां की इस सड़क मार्ग मे काफी लंबे समय से भारी गड्ढे हैं। और सड़क मार्ग से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस सड़क पर को ठीक किए जाने की कई बार हम लोग उच्च अधिकारियों से मांग कर चुके हैं लेकिन आज तक सड़क को गड्ढा मुक्त नहीं किया गया। कमेंद्र सिंह ने बताया कि कहा की सड़क में भारी गड्ढ होने के कारण रात्रि के समय इस मार्ग से आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है कभी-कभी दुर्घटना भी हो जाती है। इस दौरान चौ रविराज चाहल एडवोकेट, निर्दोष सिंह पूर्व प्रधान, कर्मेंद्र सिंह कृष्ण पाल सिंह, जसवीर सिंह, शोभित कुमार, गंगा शरण बलराम चाहल, योगेश कुमार, सचित चौधरी, सतपाल सिंह, तिरमल सिंह, विवेक कुमार,नत्थू सिंह, भूपेंद्र सिंह, कुल. बीर सिंह आदि रहे।




सड़क मार्ग को गड्ढा मुक्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।


# राजर्षि छत्रपति शिहूजी महाराज भारत के इतिहास में सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत

### सपाइयों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर किए श्रद्धा सुमन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी की बैठक में छत्रपति शिहूजी महाराज को जयंती पर याद किया और चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। बहजोई स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक मे राजर्षि छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी व पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से चित्र पर माल्यर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि राजर्षि छत्रपति साहू जी महाराज भारत के इतिहास में समा. जिक क्रान्ति के अग्रदुत आरक्षण के जनक शोषित वंचित दलित अल्पसंख्यक पिछड़े की शिक्षा की पहल करने वाले थे उन्होंने रूढ़िवादी परम्पराओं और छुआ छुत को समाप्त करने का काम किया जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कल गोरखपुर में समा. जवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हमला किया जो संविधान विरोधी है भारतीय जनता पार्टी आज बौखला रही है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता मुंहतोड जवाब देगी कृष्ण मुरारी शंखधार जिला महासचिव ने राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को समाज से कुरीतियों छुआछूत को खत्म करने का काम और पीडीएफ परिवार को मजबूत करने का संकल्प दिलाया। बैठक में लड्डन मियां उमेश यादव विधानसभा अध्यक्ष शोभित कुमार काका सद्दाम कुरेशी चेतन गुप्ता पूरन लाल मौर्य राजेश कुमारी शारदा यादव ओम प्रकाश प्रजापति कामरेड रेवाराम संजय मदान सत्यवीर सिंह यादव बलवंत सिंह जाटव रामनिवास दिवाकर अशोक कुमार अशोक राणा रवि यादव पप्पू शर्मा निसार अहमद शारूख खान कादिर राना जितेन्द्र जाटव मनोज शर्मा डॉ होराम सिंह जाटव रिंकू बाल्मीकि रजत यादव लवकुमार यादव मुकेश यादव गुड्डू वकील साहब आस मौ. सौराज सिंह यादव राजवीर सिंह यादव डा. जरीफ अहमद उस्मानी साबिर खान नजाकत अली आसिफ आदि मौजूद रहे।



छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण करते सपा नेता।

# बाइकों की भिड़ंत में दूसरे घायल युवक की भी मौत

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बबराला।** दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

विदित हो कि बुधवार को आगरा- मुरादाबाद पर दो बाइ. कों की आमने-सामने जोरदार टक्कर में तीन लोग हुए घायल हो गए।बाइक सवार देवराज पुत्र नन्हे व उसकी पत्नी कृष्णा निवासी जयरामनगर थाना धनारी, गंगाघाट राजघाट स्नान करने जा रहे थे।

तभी दूसरा बाइक सवार राजुल वार्ष्णेय पुत्र अशोक कुमार निवासी मोहल्ला शिवपुरी बबराला एचपी पेट्रोल पंप के पर जा रहा था।

तभी विद्युत उपकेंद्र बबराला के नजदीक दोनों बाइक आपस में टकरा गई। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया था। जहां डॉक्टर ने घायल देवराज व राजुल को मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया।

राजुल वार्ष्णेय का अलीगढ़ उपचार के दौरान मौत हो गई थी जबकि इसमें दूसरे घायल बाइक सवार देवराज की भी उपचार के दौरान मौत हो गई।बबराला चौकी इंचार्ज विशाल शर्मा ने बताया कि पुलिस ने देवराज के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## आ गया माहे मोहर्रम बिछ गया फर्शे अज़ा

**सिरसी।** मोहर्रम का चांद दिखाई देते ही कस्बे भर में मजलिसो मातम का सिलसिला शुरू हो गया है। अलम व जरी मुबारक का जुलूस भी बरामद किया गया। पैगम्बरे इस्लाम ह. मौहम्मद स.अ. के नवासे ह. इमाम हुसैन ओर कर्बला के शहीदों की अजादारी के साथ ही शिया समुदाय में आज से 68 दिन चलने वाले सोग का भी आगाज हो गया। इमाम बारगाहों के साथ ही निजि अजाखानों पर भी सोग के काले कपड़े के निशान काले परचम लगा दिये गए हैं। अजादारों ने भी काले लिबास पहन लिए हैं। यूं तो 68 दिन तक अजादारी होती है, लेकिन चांद दिखायी देने के एलान के साथ ही दस मौहर्रम तक रात-दिन मजलिसों, जुलूसों व न्याज का सिलसिला खासतौर पर जारी रहता है। आ गया माहे मौहर्रम बिछ गया फर्शे अजा। अर्श से आंसू बहाने आ गई है फातिमा।

## कॉलर ट्यून बंद होना सही

**बबराला।** संचार मंत्रालय के अमिताभ की आवाज वाली कॉलर ट्यून हटाए जाने को लोगों ने सही कदम बताया। फोन काल पर साइबर ठगी को लेकर आगाह करती अमिताभ बच्चन की आवाज वाली कालर टकून अब बंद कर दी गई है। इसे हटाने की मांग उठने के बाद दिल्ली में संचार मंत्रालय स्तर से इसे बंद करन का निर्णय ले लिया गया। इंदौर में 21 जून को योगाभ्यास कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भाजपा नेताओं ने कहा कालर ट्यून के कारण इमरजेंसी में काल की स्थिति में विलंब होता है, इसलिए इसे हटाया जाना चाहिए। इसको गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने मंत्रालय की बैठक में प्रस्ताव को रखा।

# मोहर्रम त्योहार नहीं ,गम का महीना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सिरसी।** मौहर्रम एक गम का महीना है। इसी महीने में इस्लाम धर्म के नए साल की शुरूआत होती है। मोहर्रम की दस तारीख को हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मातम मनाया जाता है। इस दिन हजरत इमाम हुसैन के मानने वाले खुद को तकलीफ देकर इमाम हुसैन को याद में मातम करते हैं।

हजरत इमाम हुसैन और उनके साथ कर्बला में शहीद होने वालों की याद दुनिया भर में मनाई जाती है। इमाम हुसैन ने कर्बल (इराक) के मैदान में शहादत पूरी इन्सानियत के लिए दी थी। इसलिए गैर मुस्लिम भी इमाम हुसैन को इस महीने में याद कर ठंडे पानी व शर्बत आदि की सबील लगाते है। जबकि दुनिया भर के शिया मुसलमान मौहर्रम का चांद देखते ही काले लिबास पहनकर मजलिस-मातम आदि करते है। जो अड़सठ दिन तक चलता है। शिया मुसलमान इस 68 दिन में किसी भी तरह की खुशी, शादी आदि का कार्यक्रम नहीं करते है। अब सवाल यह उठता है कि इमाम हुसैन को इतनी बड़ी शहादत क्यों देनी पड़ी।

इसके लिए पैगम्बरे इस्लाम हजरत मौहम्मद मुस्तफा स.अ. की वफात के बाद के दौर में चलना होगा। जब मक्का से दूर सीरिया के गर्वनर यजीद ने खुद को खलीफा घोषित कर दिया। उसके काम करने का रीका इस्लाम के खिलाफ था। जब इमाम हुसैन ने यजीद को खलीफा मानने से इन्कार कर दिया। तब इससे नाराज यजीद ने अपने राजपाल वलीद को पत्र लिखा। तुम हुसैन को बुलाकर मेरी बैअत करने को कहो। अब वह नहीं माने तो उनका सिर काटकर मेरे पास भेजा जाये। राज्पाल ने इमाम हुसैन को बुलाकर यजीद का पैगाम सुनाया। तब इमाम हुसैन ने दो टूक जवाब दिया कि मुझ जैसा कभी भी यजीद जेसे की बैअत नहीं कर सकता। इमाम हुसैन के जवाब से बौखलाकर यजीद इमाम हुसैन के कत्ल का मंसूबा बनाने लगा। तब आपने अट्ठाइस सफर को मदीना छोड़ दिया ओर आठ जिल हिज्जा को मक्का पहुंचे, लेकिन हाजियों के लिबास में तलवारें छिपाए और खूरेंजी पर आमादा है। तब आपने खाना-ए-काबा की हुरमत बचाने के लिए हज को उमरे में बदला और अजीजों-अन्सार के साथ दो मौहर्रम को कर्बला पहुंचे। बहत्तर भूखे प्यासों के सामने लाखों की यजीद की फौज आ डटी ओर नहरे फरात पर पहरा बिठाकर पानी बन्द कर दिया। बस यहीं से हक ओर बातिल की जंग शुरू हो गई। हजरत इमाम हुसैन ने जब पैगम्बरे इस्लाम अपने नाना के दीन को दम तोड़ते देखा तब अवाज दी मेरे नाना के दीन घबराना नहीं मैं तुझे मरने नहीं दंगा और तुझ पर पैगम्बर अली अकबर ओर बत्तीस बरस के भाई अब्बास को कुर्बान कर तुझे नई जिन्दगी दूंगा। हजरत इमाम हुसैन ने कर्बला ओर इस्लाम को कयामत तक के लिए जिन्दा कर दिया। ऐसी अजीम कुर्बानी का ही नतीजा है जो आज मस्जिदों से अल्लाह हो अकबर की आवाज आ रही है। इमाम हुसैन ने बल दिया कि हक पर मरना जिन्दगी है।

# कस्बे में फर्जी पत्रकारों की बाढ़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सिरसी।** कस्बे में फर्जी पत्रकारों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। ऐसे पत्रकार कथित समाज सेवकों व छपास छुटभैया नेताओं की पहली पसंद हैं,क्योंकि उनके समाचारों को भरपूर स्थान मिलता है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय व प्रदेश सरकार द्वारा फर्जी पत्रकारों के विरूद्ध कार्रवाई को लेकर समय-समय पर आदेश जारी होते रहते हैं, लेकिन कार्रवाई न होने पर आदेश मात्र कागज का टुकड़ा बनकर रह जाता है।

कस्बे में दर्जन भर से अधिक पत्रकार है। जिनमें कुछ अशिक्षित/कम शिक्षित हैं जो अपनी अज्ञानता के चलते मीडिया के शिक्षित व ईमानदार पत्रकारों की छवि धूमिल कर रहे हैं।

वाहन पर प्रेस लिख्वाकर अनपढ़ व सीधे लोगों पर रौब झाड़ते है फिरते हैं। ऐसे लोग स्वयं को पत्रकार बताते हैं। जिनसे अपना नाम भी लिखना नहीं आता। पहनावे व बातचीत से भी मीडिया के नाम पर कलंक हैं। पुलिस-प्रशासन को चाहिए कि ऐसे कथित पत्रकारों की आईडी की जांच जिला सूचना कार्यालय से कराई जाए तथा प्रेस लिखे वाहनों की गतिविधियों पर भी नज़र रखी जाए जिससे कि मीडिया की साफ सुथरी छवि बनी रहे।

# कन्या इंटर कॉलेज बनवाने को प्रभारी मंत्री से मिले चेयरमेन पति

### जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति को सौंपा पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बबराला।** यारा फर्टिलाइजर बबराला में धर्मवीर प्रजापति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), होम गार्डस एवं प्रभारी मंत्री से नगर पंचायत गुन्नौर की सीमा के अन्तर्गत कन्याओं के लिए एक इण्टर कॉलेज बनवाए जाने की मांग पत्र देकर की गई।

नगर पंचायत अध्यक्ष गुन्नौर खुशबू प्रजापति ने संभल के प्रभारी मंत्री को चेयरमैन पति धर्मेन्द्र प्रजा. पति ने दिए पत्र में कहा कि नगर पंचायत गुन्नौर जनपद सम्भल की सीमा के अन्तर्गत कन्याओं के लिए एक इण्टर कॉलेज बनवाए जाने की आवश्यकता है। नगर पंचायत गुन्नौर जनपद सम्भल एक पिछड़ी निकाय है।इस निकाय की कुल आबादी जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार 23665 है, जो वर्तमान में लगभग 40,000 तथा निकाय का क्षेत्रफल 9 वर्ग कि0मी0 है। यहां पर शिक्षा का स्तर अच्छे स्कूल न होने के कारण काफी कम है।

आजादी के बाद से प्रथम बार नगर में संगठन, कार्यकर्ताओं की मेहनत लगन से जनता का विश्वास जीतकर अथवा आपके आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी का परचम अध्यक्ष पद पर लहराया गया है। जनता को काफी भरोसा है की नगर का विकास भारतीय जनता पार्टी द्वारा युद्ध स्तर पर कराया जायेगा।पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सदैव ही बेटियों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाता है।

एवं उनका नारा भी है बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओं।नगर क्षेत्र की हजारों बेटियां कस्बे में टैम्पुओं आदि में बैठकर नगर से अन्य क्षेत्रों में अपनी शिक्षा को पूरा करने के लिए जाती हैं। जिससे उनको सफर करने में ही काफी समस्या का सामना करना पड़ता है।

एवं कुछ इसी कारण शिक्षा से वंचित रह जाती है। जब से यहां पर भारतीय जनता पार्टी से अध्यक्ष पद पर मेरे द्वारा कार्यभार ग्रहण किया गया है। यह मांग और तेज हो गई है जिसका कारण सिर्फ यही है कि जनता को भरोसा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा यह कार्य प्राथमिकता से किया जायेगा।जनता की मांग को दृष्टिगत रखते हुए नगर क्षेत्र में एक कन्या इण्टर कॉलेज की स्थापना कराने की कष्ट करें।

जिससे आने वाली पीढ़ियों तक यह लाभ कन्याओं को मिलता रहे। एवं प्रधानमंत्री का सपना पूर्ण हो सके।



जनपद के प्रभारी मंत्री को ज्ञापन देते नगर पंचायत गुन्नौर चेयरमेन पति धर्मेन्द्र प्रजापति।

# सरकारी कार्यालयो में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर

### भाकियू बीआरएसएस कार्यकर्ताओं ने जन जागरण अभियान में लगाए आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) ने संगठन के विस्तार को जनजागरण अभियान चलाया और सरकारी कार्यालयों भृष्टाचार के आरोप लगाकर रोष जताया। ब्लॉक असमोली के ग्राम चिरावली मेंयुवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में आयोजित अभियान के दौरान जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने भृष्टाचार पर वार करते हुए कहा कि जनपद संभल में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। सरकारी कार्यालय में बिना लेनदेन के कोई काम नहीं होता है। जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा किसानों के काम को टालने का काम किया जाता है जिससे किसानों का आर्थिक शोषण हो रहा है। जिसको संगठन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा।

जबकि प्रदेश सरकार तमाम कल्याणकारी योजनाएं चला रही है जिससे आम जनमानस का लाभ हो सके। संगठन हमेशा से ही किसानों की, आम जनमानस की लड़ाई लड़ता रहा है और आगे भी लड़ता रहेगा। कार्यकारिणी द्वारा संगठन विस्तार करते हुए रोहित चौधरी को जिला सचिव संभल, इकबाल हुसैन को जिला महामंत्री संभल एवं चौधरी चित्रपाल सिंह को ग्राम महासचिव नियुक्त किया गया। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलद. ीप शर्मा ने नव नियुक्त पदाधिका. रियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए आम जनमानस को एवं किसान का सहयोग करते हुए संगठन की नीतियों को आगे बढ़ाते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। मुख्य रूप से मिंकू चौधरी, शिवनारायण सैनी, अनमोल कुमार, अमनजीत चौधरी, चौधरी जयवीर सिंह, मेंहदी सुफियान, ध्यान सिंह सैनी, इकबाल हुसैन, विकास सैनी, राहुल, विश्वकर्मा, कामेन्द्र गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

# टीएमयू फार्माकोलॉजी की एनिमेटेड स्ट्रिप प्रतियोगिता में विश्वास और आयुषी अव्वल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में इंडियन सोसाइटी फॉर रेशनल फार्माकोथेरेप्यूटिक्स-आईएसआरप ीट के तत्वावधान में ऑटोकॉइड्स पर कार्य करने वाली दवाइयों की अवधारणा और जनरल फार्माकोलॉजी की अवधारणा पर एनिमेटेड स्ट्रिप पर असाइनमेंट प्रतियोगिताएं हुईं। ऑटोकॉइड्स की एनिमेटेड स्ट्रिप असाइनमेंट में एमबीबीएस स्टुडेंट विशाल बिस्वास विजेता रहे। आयुषी राणा ने दूसरा, जबकि भव्या जैन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।जनरल फार्माकोलॉजी की एनिमेटेड/कॉमिकल स्ट्रिप पर आयुषी राणा का असाइनमेंट अव्वल रहा। स्टुडेंट्स राघव दूसरे तो इवाशी जैन तीसरे स्थान पर रहीं। नेशनल मेडिकल काउंसिल- एनएमसी के नए पाठ्यक्रम में शामिल स्व-निर्देशित शिक्षण-एसडीएल के तहत यह कार्यक्रम हुआ।अंततः 15 एमबीबीएस छात्रों को फाइनल राउंड के लिए चुना गया। फार्माकोलॉजी विभाग की फैकल्टीज निर्णायक मंडल में शामिल रही। अंत में सभी प्रतिभागी स्टुडेंट्स को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उल्लेखनीय है, सीबीएमई बैच- 2023 के छात्रों को ऑटोकॉइड्स पर कार्य करने वाली दवाइयों के पूरा होने के बाद औषधीय क्रिया की बेहतर समझ और जनरल फार्माकोलॉजी के लिए यह एनिमेटेड स्ट्रिप बनाने का असाइनमेंट दिया गया था। सभी छात्रों ने 2-3 मिनट में एनीमेशन स्ट्रिप के रूप में अपनी अवधारणा प्रस्तुत की और उनकी प्रस्तुति के लिए तीन मानदंडों अवधारणा, सामग्री और विषय की समझ पर आंका गया।

मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल एवम् फार्माकोलॉजी विभाग के एचओडी प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा ने बताया, एनिमेटेड/कॉमिकल स्ट्रिप की अवधारणा न केवल छात्रों को चिकित्सा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के संग-संग स्टुडेंट्स की मेमोरी और अंडरस्टेंडिंग को भी इंहैंस करती है। इन प्रतियोगिताओं में डॉ. शिल्पा पैट्रिक, डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. मीनू थॉमस, डॉ. गोविंद मिश्रा, डॉ. विष्णु पी. प्रभा, डॉ. सिमरन प्रीत सिंह, डॉ. धीरज पीएस, डॉ. मनु आर्य, डॉ. रो. हित शर्मा, डॉ. फरमान, डॉ. सुहैल, डॉ. अरुण, डॉ. ऋषिका, डॉ. आबिद, डॉ. साइमा, डॉ. अर्पण रस्तोगी, डॉ अनिमेष तिवारी आदि फैकल्टीज मौजूद रहीं

## एसपी और डीएसपी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

**भोजपुर।** बुधवार की रात को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा रूद्र प्रताप सिंह ने थाने का औचक निरीक्षण किया।इहस दौरान एसपी ग्रामीण और सीओ ने कंप्यूटर रूम,बैरक, हवालात, त्योहार रजिस्टर,मैस,मुक. दमाती माल रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर,थाना परिसर की साफ सफाई का गहनता से निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# पेडलपल्स रिटेल प्रा. लि. (वुट्टो) कंपनी ने किया टिमिट के भाग्यशाली छात्र का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


शुभम रावत

**मुरादाबाद।** टिमिट के छात्र छात्राओं के लिए इस वर्ष फिर से बंपर नौकरियों के ऑफर दिए जा रहे हैं। कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के सफलतम प्रयासों के फलस्वरूप टिमिट में लगातार कम्पनियों का रिक्रूटमेंट के लिये आना जारी है व प्रत्येक छात्र को अनेकानेक जॉब्स के अवसर दिलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में ऑटोमोबाइल सेक्टर की प्रतिष्ठितपेडलपल्स रिटेल प्राइवेट लिमिटेड (वुट्टो) ने टिमिट के एमबीए फाइनल ईयर के शुभम रावत को नोएडा में जॉब प्रदान की है। यह टिमिट के सर्वोत्तम सिलेबस, प्रैक्टिकल ज्ञानपरख शिक्षा व सर्वोत्तम फैकल्टिज व प्लेसमेंट सेल के अथक प्रयासो का परिणाम है कि नामी गिरामी ऑटोमोबाइल कंपनियाँ भी टिमिट के छात्रों को चयन करने को वरीयता प्रदान करती है। पेडल पल्स रिटेल प्राइवेट लिमिटेड, जिसे वुट्टो के नाम से भी जाना जाता है, भारत में इस्तेमाल किए गए दोपहिया वाहनों के बाजार पर केंद्रित एक कंपनी है। वे एक पूर्ण-स्टैक प्लेटफॉर्म के रूप में काम करते हैं। टिमिट के डीन प्रो0 विपिन जैन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि टिमिट के छात्रों को जॉब्स की कोई कमी नहीं है व हमारे सभी वाँछित योग्य छात्रों को जॉब अवश्य दी जाती है। टिमिट के प्लेसमेंट सेल ने विशिष्ट कार्य प्रणाली के बल पर अपना एक अलग ही मुकाम बनाया है जिसका परिणाम है कि टिमिट के विद्यार्थियों को शानदार जॉब के अवसर दिए जा रहे हैं। इस अवसर पर कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि0 डायरेक्टर श्री आक. ाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कम्पनी के अधिकारियों का व्यक्त किया व चयनित छात्र को मेहनत से मन लगाकर कार्य करने का मूल मंत्र दिया व कहा कि टिमिट का प्लेसमेंट पूरे मंडल में सर्वोत्तम है व टिमिट अपने छात्रों को उच्चतम स्तर का प्लेसमेंट देने को हमेशा प्रयासरत रहता है।

## एक नजर

### छात्रों को एडमिशन दिलाने में मदद करेगा 'आप' छात्र संगठन एसैप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन एसैप ने छात्रों को दिल्ली यूनिवर्सिटी में एडमिशन दिलाने में मदद के लिए डीयू के ऑट्र्स फैकल्टी के बाहर एक एडमिशन हेल्प डेस्क लगाया है, जहां छात्रों को उनकी हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। इसके अलावा, दिल्ली से बाहर के राज्यों से आकर डीयू के कॉलेजों में एडमिशन लेने वाले छात्रों को भी अपनी आशंकाओं-सवालों के जवाब के लिए कहीं भटकने की जरूरत नहीं है। इनके लिए एसैप ने जोन वार हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इन नंबरों पर कॉल कर छात्र अपने सवालों के जवाब पा सकते हैं। गुरुवार को ''आप'' मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर एसैप के सदस्य ईशना गुप्ता और दीपक बंसल ने यह जानकारी दी।ईशना गुप्ता ने कहा कि "आप" के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एसैप को लॉन्च कर देश के छात्रों को एक नया विजन दिया है। एसैप के कर्मठ सदस्य २४ घंटे छात्रों के साथ खड़े हैं। वहीं, एसैप सदस्य दीपक बंसल ने कहा कि एसैप २४ घंटे दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों की समस्याओं को उठाने के लिए काम कर रही है। संगठन के वॉलंटियर्स सक्रिय हैं।

### स्वास्थ्य चिकित्सा कैंप व भंडारे का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** माता वैष्णोदेवी स्थित कटरा में बहुप्रचारित महामाई सेवा न्यास के प्रमुख, लाजपतराय मार्किट के पूर्व अध्यक्ष, व्यापारी नेता व प्रबुद्ध व्यवसायी स्व.श्री रमेश बजाज को उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर याद किया गया। अपने मधुर संबंधों और प्रत्येक व्यक्ति के सुख-दुख के सहभागी श्री बजाज की स्मृति में लाजपतराय मार्किट में धर्मशिला अस्पताल के वरिष्ठ डाक्टरों के पैनल द्वारा करीब ४६७ लोगों के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच की गई। मौके पर ही कमजोर आंखों वाले मरीजों को चश्मे वितरित किए गए।स्व.श्री रमेश बजाज माता के अनन्य भक्तों में से एक थे, इसलिए उनकी स्मृति में देवी माता का भोग लगाकर प्रसाद वितरित व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुदर्शन बजाज,दीपक, दिनेश, आर्यन बजाज, जगबीर सिंह बीरा,भारत भूषण,श्रीमोहन चोपड़ा सहित उनके पारिवारिक सदस्य व न्यास के सहयोगी उपस्थित थे।

### रश्मिका मंदाना ने दमदार लुक में किया फैंस को सरप्राइज

**नई दिल्ली।** रश्मिका मंदाना ने गुरुवार सुबह फैंस को बड़ा सरप्राइज दे दिया! इस वक्त की बॉक्स ऑफिस क्वीन ने अपनी अगली फिल्म की अनाउंसमेंट कर दी है, जिसमें वो एक दमदार और अब तक कभी न देखे गए अवतार में नजर आने वाली हैं! पोस्टर में रश्मिका मंदाना एक दमदार और निडर अवतार में नजर आ रही हैं, हाथ में भाला लिए हुए। अपने इस पहले लुक को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, "आप सबको आखिरकार दिखा पा रही हूं कि हम किस पर इतनी मेहनत कर रहे थे! ये रश्मिका आपने पहले कभी नहीं देखी होगी और मैं बेहद एक्साइटेड हूं। इस प्रोजेक्ट को 'अनफॉर्मूला फिल्म्स' नाम के प्रोडक्शन हाउस का साथ मिला है। ऐसे में, अब सबकी नजरें शुक्रवार पर टिकी हैं और फैंस को जानने की बेसब्री है कि आखिर रश्मिका के इस धमाकेदार अवतार में क्या खास होने वाला है।

### रणनीतिक साझेदारी से विस्तार को मिलेगा बल

**नई दिल्ली।** एनलाइट मेटल्स ने स्टील वितरण मंच एसजी मार्ट के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह साझेदारी कंपनी को महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे महत्वपूर्ण बाजारों में विस्तार करने में मदद करेगी, साथ ही एचआर शीट्स, एचआर कॉयल्स, एपीएल अपोलो टीएमटी बार्स और एसजी प्रीमियम पाइप्स जैसे आवश्यक स्टील उत्पादों की पहुंच को देशभर में सुलभ बनाएगी। एनलाइट मेटल्स अब तक पुणे, मुंबई, रायपुर, हैदराबाद और आस-पास के क्षेत्रों में मजबूत उपस्थिति दर्ज कर चुकी है। यह साझेदारी कंपनी की स्थिति को एक अग्रणी मेटल एग्रीगेटर के रूप में और मजबूत करेगी।

### अपहरण कर पैसे ऐंठने का किया प्रयास, पांच धरे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस के किशनगढ़ थाने के स्टाफ ने पांच अपहरणकर्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से अपराध में प्रयुक्त कार बरामद की है। आरोपियों ने दिल्ली पुलिस अधिकारी के रूप में पेश होकर उनसे पैसे ऐंठने का प्रयास किया था। दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि १६.जून को, शिकायतकर्ता से किशनगढ़ थाने में एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि १५ जून की मध्य रात्रि को लगभग ०१:२० बजे से ०१:४० बजे के बीच उसे, फक्कर वाला पार्क, मुनिरका के पास से चार व्यक्तियों द्वारा अपहरण कर लिया और कथित व्यक्तियों द्वारा दिल्ली पुलिस के अधिकारी के रूप में पेश होकर उनसे पैसे ऐंठने का प्रयास किया गया था। इस दौरान शिकायतकर्ता किसी तरह भागने में सफल रहा।

# 4.16 करोड़ की लागत से बनेगा जिला/मंडल कार्यालय होमगाड्र्स, दिसंबर 2026 तक बनकर होगा तैयार



**मुरादाबाद।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा श्री धर्मवीर प्रजापति ने मुरादाबाद शहर में जिला/मंडलीय होमगाड्र्स कार्यालय का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचकर माननीय राज्यमंत्री ने पूरे विधि विधान से पूजा की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय राज्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में होमगाड्र्स कार्यालय को अपना भवन देने की दिशा में विभाग द्वारा तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में होमगाड्र्स विभाग में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। पहले होमगार्ड जवानों के लिए ड्यूटी का अभाव रहता था जबकि वर्तमान में भरपूर ड्यूटी मिल रही है। किसी दुर्घटना में होमगार्ड की मृत्यु के उपरांत उनके परिजन को मिलने वाली अनुग्रह राशि को बढ़ाकर 05 लाख रुपए कर दिया गया है। माननीय राज्यमंत्री ने बताया कि दुर्घटना में होमगार्ड की मृत्यु के उपरांत उनके परिजनों को आर्थिक रूप से अधिकतम मदद मुहैया कराने के उद्देश्य से होमगार्ड के खाते से संबंधित बैंक से 35 से 40 लाख रुपए तक आर्थिक सहायता दिलाने का कार्य किया जा रहा है जिससे उस परिवार का भरण पोषण बेहतर तरीके से हो जाता है। उन्होंने बताया कि अब तक आश्रित को होमगार्ड सेवा के लिए 05 साल के भीतर आवेदन करना होता था जिससे अधिकतर परिवारों के मृतक आश्रित को कम आयु और तय समय सीमा की बाध्यता के कारण होमगार्ड सेवा से जोड़ने में दिक्कतें आती थीं इसलिए सहानुभूतिपूर्वक इस मामले पर विचार करते हुए अब 05 साल की समयावधि की बाध्यता भी समाप्त कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार होमगार्ड जवानों के साथ खड़ी है उनका हर तरीके से ध्यान रख रही है। होमगार्ड जवान अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करें। ड्यूटी स्थल पर जिम्मेदारी ही भरोसा जीतने का माध्यम होता है। 04.16 करोड़ रुपए की लागत से करीब 03 हजार वर्गमीटर में मुरादाबाद में जिला/मंडलीय कार्यालय होमगाड्र्स का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण इकाई यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा इस बिल्डिंग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार इस बिल्डिंग को दिसंबर 2026 तक बनकर तैयार होना है।

इस बिल्डिंग में ऑफिस, गैराज, गार्ड रूम, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक, बाउंड्रीवाल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, ओवर हेड टैंक, सेप्टिक टैंक आदि शामिल हैं। इस दौरान डिविजनल कमांडेंट होमगाड्र्स श्री रामनारायण, डिविजनल कमांडेंट मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र श्री सुनील कुमार द्वितीय, जिला कमांडेंट होमगाड्र्स श्री अभिषेक नारायण सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने नागरिक सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवकों के साथ सर्किट हाउस के सभागार में की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने सर्किट हाउस के सभागार में जनपद के नागरिक सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवकों के साथ बैठक की। राज्य मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद मुरादाबाद में तुलनात्मक रूप से स्वयंसेवकों की संख्या अधिक है। उन्होंने महिला स्वयंसेवकों की संख्या बढ़ाने को लेकर भी चर्चा की और कहा कि कोरोना महामारी के बाद नागरिक सुरक्षा का महत्व काफी बढ़ गया है क्योंकि स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार से जरूरतमंद लोगों की सेवा करते हैं।उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को इससे जोड़ा जाए और उनमें सेवा भाव को विकसित करने पर जोर दिया जाए। नि:स्वार्थ भाव से की गई सेवा कभी भी निष्फल नहीं होती इसलिए जहां भी सेवा का अवसर मिले वहां अपने सेवा भाव से अपनी



पहचान स्थापित करें। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट किन्सुक सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

## बाबा अमरनाथ का भंडारा ट्रक हुआ रवाना, श्रद्धालुओं में उत्साह



**चन्दौसी।** श्रद्धा, आस्था और सेवा की भावना से ओत-प्रोत बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए भंडारे से भरे ट्रक को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना किया गया। ट्रक में भक्तों के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री, राशन, पूजा सामग्री और अन्य जरूरी सामान लोड किया गया है जो यात्रा मार्ग में लगने वाले भंडारों में उपयोग किया जाएगा। शिव बर्फानी मानव सेवा समिति के तत्वावधान में 40 दिन लगातार बाबा अमरनाथ भंडारा के लिए चंदौसी के सीता आश्रम स्थित मूँछों वाले शिवमंदिर से विधिवत पूजा अर्चना कर जम्मू-कश्मीर के लिए एक ट्रक खाद्य सामग्री लेकर रवाना हुआ। बाबा अमरनाथ भंडारा समिति के मीडिया प्रमुख कौशल किशोर वंदेमातरम ने बताया कि शिव बर्फानी मानव सेवा समिति का यह तीसरा विशाल भंडारा रवाना हुआ। उक्त भंडारा जम्मू के भगवती निवास स्थित यात्री केम्प पर श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की अनुमति द्वारा लगता है। भंडारा ट्रक के साथ समिति अध्यक्ष रूपेश शर्मा सहित पच्चीस सेवादार रवाना हुए हैं जो 27-28 जून को यात्री केम्प में पहुंचे तथा 01 जुलाई 2025 से भंडारा का शुभारंभ किया जायेगा। उक्त भंडारा लगभग 40 दिन लगातार चलेगा। उल्लेखनीय है कि बाबा अमरनाथ यात्रा जल्द शुरू होने वाली है और देशभर से लाखों श्रद्धालु हर वर्ष इस पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए पहुँचते हैं। ऐसे में भंडारे की व्यवस्थाएं यात्रा की सफलता और श्रद्धालुओं की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर राजीव गुप्ता, कपिल गुप्ता ओएलएफ, विक्की शर्मा, राजन वार्ष्णेय, लोकेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, संजय किराना, मनोज कुमार, शलभ वार्ष्णेय, अंशुल टनाटन, सोनी रंग, वीरेंद्र कुमार वीपी, गोपाल शरण, अंशुल गोयल, शरदचन्द्र लाले, चिराग वार्ष्णेय, सुमित चानू आदि उपस्थित रहे।

## एसडीएम के निर्देश पर नाले से हटाया गया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर पिछले कई माह अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है और नगरपालिका की भूमि को अतिक्रमण व अवैध कब्जा से मुक्त किया जा रहा है। गुरुवार को एसडीएम विनय मिश्रा के निर्देश पर बुल्डोजर की सहायता से संभल गेट स्थित एनकेबीएमजी कॉलेज रोड वाले नाले से अतिक्रमण हटाया गया। बता दें कि शहर में कई स्थानों पर नालों पर अतिक्रमण करके अवैध निर्माण कर लिए गए हैं जिससे बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। हालांकि नगरपालिका द्वारा नालों पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को पहले नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई थी लेकिन समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाने पर यह कार्यवाही जरूरी हो गई। अभियान के तहत दुकानों के छज्जे, टीनशेड, अस्थायी निर्माण और नाले के ऊपर बने कई पक्के निर्माणों को भी गिराया गया। एसडीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी हालत में सार्वजनिक संपत्ति पर कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# छत्रपति शाहू जी लोक कल्याणकारी राजा सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे : जयवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय सिविल लाइन पर छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पमाला माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गए। वक्ताओं ने कहा छत्रपति शाहूजी महाराज, जिन्हें राजर्षि शाहू महाराज के नाम से भी जाना जाता है, एक महान समाज सुधारक और कोल्हापुर के शासक थे। उन्होंने सामा. जिक न्याय और समानता के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव गोष्ठी की अध्यक्षता की एवं संचालन जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव ने किया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा विशेषकर दलितों और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए छत्रपति शाहूजी महाराज का जन्म 26 जून, 1874 को हुआ था। उन्होंने कोल्हापुर रियासत में 50% आरक्षण लागू किया, जिससे दलितों और पिछड़े वर्गों को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में समान अवसर मिले। उन्हें लोककल्याणकारी राजा और ष्सामाजिक न्याय के अग्रदूतष के रूप में जाना जाता है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य




और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए। उनकी जयंती को ष्सामाजिक न्याय दिवसष के रूप में मनाया जाता है। यदि लोकतंत्र में राजनी. तिक दलों के जन संपर्क एवं जन समस्याओं की सुनवाई पर सत्ता संरक्षित अराजकतत्वों तत्वों द्वारा प्राणघातक प्रहार होगा तो ये अराजकता का राज ही कहलाएगा। आरोपियों के विरुद्ध पक्षपातहीन कठोर दंडात्मक कार्रवाई हो अन्यथा ये माना जाएगा कि ये 'हाता नहीं भाता और पीडीए नहीं लुभाता' का एक ऐसा प्रकरण है जिसके पीछे सोची समझी साजिश रची गयी थी।

गोष्ठी मे जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, नाजिम अली, लाखन सिंह सैनी, जयपाल सैनी,धर्मेन्द्र यादव, प्रेमबाबू बाल्मीकि, महिला सभा की जिलाध्यक्ष शीरी गुल, जय कुमार प्रजापति, बी के सैनी, लुकमान खान,सुनीता सिंह एडवोकेट, प्रदीप यादव, योगेंद्र यादव, वेदप्रकाश सैनी,अशोक सैनी,सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र सिंह, दिव्यांशु सागर, दानिश मिर्जा,नन्हें सिंह एडवोकेट,डॉ जुबेर, हनी यादव, हिमांशु सागर, मो आरिफ एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## समाजसेवी केपी गुप्ता को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ समाजसेवी कांती प्रसाद (केपी) गुप्ता को सोक्रेट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। यह सम्मान उनके अथक सेवा कार्यों और जनहित में दिए गए योगदान के लिए मिला है। केपी गुप्ता केवल नाम के बिल्डर नहीं हैं, उन्होंने जीवनभर समाज की बुनियाद को मजबूत करने वाले कार्य किए हैं। उन्होंने अब तक 18,750 से अधिक गरीबों का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कराकर उनकी आंखों की रोशनी लौटाई है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

पहले मैं **BADARUDDIN S/o SHAKIL AHAMAD** RESIDENT- MOHALLA KALALAN, NAGINA, DISTRICT- BIJNOR, जाना जाता था। अब मैं इस नाम **BADRUDDIN S/o SHAKIL AHMAD** RESIDENT- MOHALLA KALALAN, NAGINA, DISTRICT- BIJNOR, से जाना जाऊंगा।
**बदरूद्दीन पुत्र शकील अहमद**
निवासी: मौहल्ला कलालान नगीना जिला बिजनौर, उ.प्र.

**खोया-पाया सूचना**

मैं पशु पति एक्रीलोन लि0 के सामने ओरियन्टो रोड लाईन लि0 ठाकुरद्वारा में एकाउण्टेण्ट के पद कार्यरत हूं। मेरे ऑफिस में बैंक जी0आर नम्बर 338 है जो 23 जून 2025 को अज्ञात व्यक्ति ऑफिस से फाड़ कर ले गया। उसका कोई व्यक्ति गलत उपयोग करता है। मेरा बैंक जी0आर नम्बर 338 वास्तव में कहीं खो गया है। **ऋषभ चौहान पुत्र देवेंद्र सिंह चौहान, निवासी-मोहल्ला बड़ाबाजार थाना ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

हमने अपने छोटा भाई शिव शंकर व उसकी पत्नी श्रीमती कविता को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**अवनीश कुमार पुत्र हरीपाल व श्रीमती लक्ष्मी पत्नी अवनीश कुमार निवासीगण आजम नगर चौपड़ा थाना मैनाठेर तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

# रिजर्व पुलिस लाइंस में किया गया प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** 42वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक बैडमिन्टन कलस्टर(बैडिमंटन/टेबल टेनिस) राजपत्रित/अराजपत्रित (महिला/पुरूष) प्रतियोगिता-2025 का आयोजन शहर के सिविल लाइन्स क्षेत्र स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में किया गया। यह प्रतियोगिता मुरादाबाद 26 जून से दिनांक 29 जून तक आयोजित होगी , जिसमे उत्तर प्रदेश पुलिस की 13 टीमो बरेली जोन,आगरा जोन,मेरठ जोन, कानपुर जोन, प्रयागराज जोन,वाराणसी जोन, गोरखपुर जोन,लखनऊ जोन,पीएसी पूर्वी जोन,पीएसी मध्य जोन,पीएसी पश्चिमी जोन,रेडियो जोन, जीआरपी जोन) टीमों के कुल 305 खिलाडियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण जोन की टीम उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु उपस्थित नहीं हुई। गत वर्ष की उक्त प्रतियोगिता जनपद मुरादाबाद में ही आयोजित की गयी थी।प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुनि. राज जी पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद एवं कुवंर आकाश सिंह पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद मुरादाबाद की गरिमामयी उपस्थित मे किया गया एवं जनपद के समस्त अधिकारीगण भी मौजूद रहे । आज खेली गयी प्रतियोगिता का उद्धघाटन मैच चौम्पियनशिप मे पीएसी पश्चिमी जोन ने पीएसी मध्य जोन को हराया, आगरा जोन ने कानपुर जोन को हराया, मेरठ जोन ने प्रयागराज जोन को हराया, गोरखपुर जोन ने रेडियो जोन का हराया, 50 प्लस सिंगल मे डीडी तिवारी जीआरपी ने आनन्द सिंह पश्चिमी जोन को हराया, आनन्द सिंह लखनऊ जोन को उमेश चन्द प्रयागराज ने हरा करा सेमीफाइनल मे प्रवेश किया, 55 प्ल्स डबल्स मे डीडी तिवारी व धीरेन्द्र पाण्डेय ने विपिन व अशोक को हराकर फाइनल मे प्रवेश किया । टेबिल टेनिस महिला वर्ग चौम्पियनशिप मे मेरठ जोन ने प्रयागराज जोन को हराकर विजयी रही । पुरूष वर्ग मे पश्चिमी जोन ने प्रयागराज को हारकर विजयी रही । मेरठ जोन ने बरेली जोन को हराकर फाइनल मे प्रवेश किया । निर्णायक मण्डल मे अजय पाठक आरएसओ मुरादाबाद, मनोज कुमार,

वर्षा चाहर, आसिफ सिद्दकी, फिरोज खान, पीसी महेश चन्द पाण्डेय, पीसी शिवनारयण राजपूत,पीसी सतीस कुमार, पीटीआई सुधीर शर्मा, आरक्षी रविन्द्र कसाना मौजूद रहे ।



# हर तरफ गूंजने लगी सदाएं हुसैन, सजने लगे इमामबाड़े व अजाखाने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** यह तो मजलूम का मातम है कम न होगा, हर दिल में होगा हर घर में होगा, मोहर्रम का चाँद दिखाई देने वाला है इस लिए नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन की शहादत का गम ताजा होने लगा है. हजरत इमाम हुसैन की शहादत के गम में इमामबाडे व आजाखाने सजने लगे है तथा आजादर ए हुसैन मोहर्रम की तैयारीयों में जुट गए है। उल्लेखनीय यह है की इस्लामिक इतिहास के मुताबिक सन 60 हिजरी में यजीद इब्ने माविया ने हुकमत कायम कर ली ओर अपनी हुकूमत के लिए लोगो से बेयत ले ली ओर जिसने उसकी बैयत नहीं की उसको कत्ल करना शुरू कर दिया ओर यजीद कहता था न कोई अल्लाह (ईश्वर ) है ओर न कोई अल्लाह की जानिब से रसूल आया ओर न ही कोई कुरान जैसी किताब आई शराब को उसने इस्लाम में हलाल कर दिया ओर औरतों की आबरू लूटने को जायज करार दे दिया ओर अपने बुरे कामों पर रसूल ए करीम के परिवार की मोहर लगवाने के लिए नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन से यजीद ने बैयत मांगी लेकिन इमाम हुसैन ने यजीद से कहा की मुझ जैसा तुझ जैसे की बैयत नहीं कर सकता ओर में लोगो पर जुल्म होता खामोश नहीं बैठ सकता। सन 60 हिजरी के इस्लामिक महीने की 27 रजब को यजीद ने मदीने में ही हजरत इमाम हुसैन को कत्ल करने का तथा मदीना छोड़ने का आदेश दे दिया तब हजरत इमाम हुसैन ने 28 रजब को अपने परिवार के साथ मदीना छोड़ दिया ओर दो मोहर्रम को हजरत इमाम हुसैन का काफिला कर्बला (इराक) पहुंचा तीन मोहर्रम को यजीद ने इमाम हुसैन के परिवार ओर साथियों का पानी बंद कर दिया ओर दस मोहर्रम सन 61 हिजरी को इमाम हुसैन ओर उनके 72 साथियों को यजीद की लाखों की फौज ने प्यासा शहीद कर दिया शहीदों में हजरत इमाम हुसैन के बेटे जनाबे अली असगर भी शामिल है। जिनकी उम्र छह माह थी। कर्बला के 72 शहीदों का गम हर वर्ष मनाया जाता है। मोहर्रम का चाँद दिखाई देने के बाद सवा दो महीने शिया समुदाय खुशियों के कार्यक्रमों को रद्द कर देते है ओर काले लिबास पहनते है, ओर औरतें अपने सुहाग की निशानी कहे जाने चूडियो को आजाखानो ए जाकर तोड़ देती है मोहर्रम में नौजवान बुर्जग औरतें मजलिसे मातम करके जुलुस निकालकर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करके जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद करके दुनियां को पैगाम देते है की इस्लाम जालिम के साथ नहीं बल्कि मजलूमो का साथ देने का पैगाम देता है।

आजादारी कमेटी के अध्यक्ष मेंहदी नकवी नेता बताया की गुरुवार को मोहर्रम का चाँद दिखाई देने की संभावना है।

इसलिए आजादारों ने मोहर्रम की तैयारिया शुरू कर दी है तथा उन्होंने पुलिस प्रशासन को पत्र लिखकर पहली मोहर्रम व अन्य मातमी जुलूसों में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस से सहयोग देने की अपील की है तथा नगर पंचायत से सफाई व्यवस्था व पथ प्रकाश व्यवस्था कराने की मांग की है तथा प्रदेश के विघुत विभाग मंत्री को प्रदेश में बिजली कटौती बंद कराने की मांग की है।

# शांतिभंग के आरोप में 14 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** पुलिस ने नगर सहित देहात क्षेत्र में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने 14 लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफतार किया है।

पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला निवासी आदिल पुत्र जरीफ शाह, इकराम पुत्र जाकिर, सुहैल पुत्र जमील को गांव के ही अशोक यादव के पुत्र आयुष यादव के साथ मारपीट करने के आरोप में गिरफतार किया है। गांव रामूवाला गणेश निवासी पीड़ित किन्नर सलमा की शिकायत पर राम प्रसाद पुत्र सल्लू , रवि पुत्र रामप्रसाद को उसके क्षेत्र में बधाई मांगने के पैसे को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट की। इस पर पुलिस ने रामप्रसाद व रवि को शांति भंग के आरोप में गिरफतार किया है। वहीं क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर निवासी अनुज पुत्र उमेश कुमार , व दूसरे पक्ष के रोहित पुत्र राजेंद्र , विशाल पुत्र राजपाल, विशाल पुत्र विजेंद्र , संजीव पुत्र रामचंद्र , पवन पुत्र रामचंद्र को खेत में खड़े पेड़ उखाड़ने लेकर हुई मारपीट में गिरफतार किया है। सुरजननगर चौकी के गांव रामपुर घोंघर निवासी रघुवंश सिंह व शंकर पुत्रगण स्व0 शंभू सिंह के बीच आम तोड़ने को लेकर हुए विवाद में शांति भंग के आरोप में गिरफतार किया है। रानीनांगल चौकी के गांव जाफराबाद निवासी अलीमुददीन पुत्र अली हुसैन को अपने रिश्तेदार की लड़की जौहरा पुत्री मोहम्मद हुसैन ग्राम टांडा मल्लू थाना रामनगर उधमसिंह नगर के साथ अपने पुत्र रिजवान का रिश्ता करने से इंकार करने को लेकर मौहम्मद हुसैन के साथ मारपीट करने के आरोप में शांति भंग में गिरफतार किया है। गुरूवार को पुलिस ने सभी आरोपितों का शांति भंग के आरोप में गिरफतार कर चालानी कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां पर सुनवाई के बाद सभी आरोपितों को जमानत पर छोड़ दिया है।

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 70-DRM-MB-25-26 DATE 26.06.2025 | 71-DRM-MB-25-26 DATE 26.06.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Zone Work from km 1235 to 1284 (SPN-TSA Stations) for General work for service Buildings for year 2025-2026 in the section of SSE/W/SPN under ADEN/SPN | Zone Work from km 1235 to 1284 (SPN-TSA Stations) for General work for residential Buildings for year 2025-2026 in the section of SSE/W/SPN under ADEN/SPN |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 21.07.2025 16:00 | 21.07.2025 16:00 |
| अनुमानित लागत | 99,89,253.91 | 1,19,92,532.86 |
| धरोहर राशि | 1,99,800.00 | 2,10,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 07.07.2025 | 07.07.2025 |
| टेन्डर फार्म की लागत | 00.00 | 00.00 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months | 12 Months |

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक 26.06.2025 1931/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### संचारी रोग नियंत्रण को लेकर उमरी कला में बैठक



**कांठ।** बुधबार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर पंचायत कार्यालय ऊमरी कलां में अध्यक्ष मोहम्मद उसमान अली के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करने, अनुपयोगी वस्तुओ में पानी जमा न होने देने , पानी की टंकी पूरी तरह से ढक कर रखने , पूरी बाह वाली कमीज और पेंट पहने , कूलर , गमले आदि को साप्ताहिक खाली कर सुखाने जैसी तमाम जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभासद , यूनिसेफ बी एम सी रेखा पटेल, स्वास्थ्य विभाग ब्रांड एंबेसडर मोहम्मद जीशान , लिपिक सुरेंद्र सिंह , लिपिक जय कुमार , समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### मांगों को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने भाजपा विधायक को दिया ज्ञापन



**बिलारी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे के आह्वान पर बिलारी के जिला अध्यक्ष व जिला महामंत्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल कुंदरकी के भाजपा विधायक रामवीर सिंह से मिला। जहां उन्होंने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। गुरुवार को कुंद. रकी विधायक रामवीर सिंह को ज्ञापन देकर कहा कि विभाग शासन व सरकार द्वारा 50 से कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को पेयरिंग कर बंद किए जाने के निर्देश को वापस लिए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भाजपा विधायक रामवीर सिंह को दिया। सरकार से इस आद. श को वापस लेने के लिए अनुरोध किया गया। जिससे गरीब बच्चे शिक्षा से वंचित न रह जाएं। विधायक रामवीर सिंह ने बताया कि वह जनहित की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। प्रतिनिधि मंडल में जिला संयुक्त मंत्री संदीप जटराना, जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, चरित्र कुमार, टीकाराम, पवन गौड,संसारी सिंह,सुबोध शर्मा, अमित गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह,आदेश कुमार यादव, भूपेंद्र, मुनेश आदि सहित अनेकों अध्यापक मौजूद रहे।

### भीमराव अंबेडकर पार्क का जीर्णोद्धार कराया



**बिलारी।** नगर पालिका द्वारा भगवान परशुराम पार्क, चौधरी चरण सिंह पार्क और बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क का जीर्ण उद्धार कराया जा रहा है। बृहस्पतिवार की दोपहर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने अपनी टीम के साथ तीनों पार्कों में जाकर कार्य की प्रगति देखी। इस दौरान उन्होंने बताया नगर में शाहबाद रोड स्थित भगवान परशुराम पार्क की भूमि 810 मी अंकित है किंतु मौके पर 525 मीटर है आसपास के अन्य निवासी भी अपनी जगह को कम बता रहे हैं तो फिर बाकी जगह गई कहां ? संभावना यह है कि पहले शाहबाद मार्ग सिंगल रोड था और नाला नहीं था अब जो चौड़ा नाला बना है वह संभवत इसी जगह में है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के ज्ञापन पर राजस्व प्रशासन इसकी जांच पड़ताल में लगा हुआ है। उन्होंने बताया की पार्क के पश्चिम की भुजा में बढ़ोतरी हुई है जिससे अब पार्क क्षेत्रफल 525 वर्ग मीटर हो गया है इसी प्रकार नगलिया मोड़ पर स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क और तहसील के सामने स्थित डॉक्टर अंबेडकर पार्क का भी जीरणोद्धार चल रहा है। उन्होंने बताया कि तीनों पार्कों का कार्य आर्किटेक्ट विदिशा वाष्णेय की देखरेख में चल रहा है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि फिट इंडिया अभियान के समर्थन में फिट बिलारी अभियान भी हमने आरंभ किया है इसके पहले चरण में पालिका परिषद में योगाभ्यास सभासद निहाल सिंह लाठर, मीना गुप्ता, बीना गुप्ता आदि की देखरेख में चलाया जा रहा है। इसके अलावा लगभग चर्बी का भूमि तलाश ली गई है जिसमें जिम बैडमिंटन आदि की सुविधा रहेगी इसलिए ताकि नगरवासी शारीरिक रूप से फिट रह सकें।

### केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइन का नहीं हो रहा पालन

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा 15 मई 2025 को पारित आदेश (संजय कुमार बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य) के तहत केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नई दिल्ली द्वारा गाइडलाहन 13 जून 2018 अनिल कुमार तोमर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया कोल्हू एवं खाण्डसारी इकाईयों के संचालन हेतु खाण्डसारी नियमावली 2021-25 में वर्णित गाइडलान का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया परंतु विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव जनैटा में आज भी राब में चीनी मिलाकर गुड़ का कार्य जारी है जो कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेश की अवेहलना करना है।

# अभामिस के कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार के साथ किया प्रदर्शन, डिप्टी एसपी से न्याय की लगाई गुहार



**ठाकुरद्वारा।** गुरूवार को अखिल भारतीय किसान मजदूर कार्यकर्ता के नेतृत्व में कोतवाली क्षेत्र के गांव बादरझल्ला निवासी कपिल कुमार अपने परिवार जनों के साथ क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर एकत्र हुए । जहां पर किसान नेता प्रीतम सिंह ने क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा को मोबाइल द्वारा अवगत कराते हुए ठाकुरद्वारा कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए बताया कि 23 जून 2025 को शाम 8.30 बजे पीड़ित पक्ष के घर गांव के ही दिग्वेंद्र सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह अपने घर परिवार के चार सदस्यों को लेकर पीड़ित के घर में घुस गए । जहां पर गाली गलौज करते मारपीट की। मारपीट में घायल को उपचार के लिए सीएचसी ठाकुरद्वारा भर्ती कराया गया था। जहां से घायल को उपचार के लिए मुरादाबाद को रेफर कर दिया गया है। आरोप है कि पुलिस ने पीड़ित पक्ष पर दबाब बना रही है तो अन्यथा दूसरे पक्ष से तहरीर लेकर झूठे मुकदमें जेल भेजने की धमकी दे रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा रूद्व कुमार सिंह ने निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया है । अभाकिमस के कार्यकर्ता ने पीड़ित पक्ष के साथ पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मारपीट करने वालों के तत्काल मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। तथा हमलावर पक्ष की शिकायत की निष्पक्ष जांच की जाए। इस दौरान कपिल कुमार राखी देवी वीपी सिंह संजय चौहान तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य उस्मानपुर पाकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# गांव में छह वर्ष से नहीं बदला खराब ट्रांसफार्मर, एसडीओ को दिया ज्ञापन



**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव मिलक अमावती के ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गांव में छह वर्ष से फुंके पड़े ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग को लेकर पीपलसाना बिजली घर पर तैनात उप खंड अधिकारी अंकित को ज्ञापन सौंपा है। एसडीओ अंकित को दिये ज्ञापन में ग्रामीणों प्रकाश सिंह,विशाल शर्मा, विपिन चंद्रा, अमित शर्मा,शेर सिंह, राजेश, राहुल,राजू और अमित ने कहा है कि 25वर्ष पहले गांव में 63केवी का ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली की आपूर्ति शुरू की गई थी। गांव की आबादी और विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने पर विभाग ने 8वर्ष पूर्व गांव में 25केवी का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया था। वर्ष 2019में आंधी में जिन पोलों पर ट्रांसफार्मर रखा था वह टूट गये। इस कारण 25 केवी का ट्रांसफार्मर जमीन पर गिर गया जो आज तक वैसा ही पड़ा हुआ है।बिजली विभाग से पोल लगाकर ठप पड़ी विद्युत आपूर्ति सुचारू कराने को लेकर पत्राचार एवं मौखिक अनुरोध भी किया पर आज तक कोई कार्यवाही नही हुई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है,साथ ही बिजली के कनेक्शन भी बढ़ रहे हैं।पूरे गांव को आज भी 63 केवी का ट्रांसफार्मर बिजली की आपूर्ति कर रहा है। भार अधिक होने की वजह से ट्रांसफार्मर फुंकने से कई दिनों तक पूरे गांव में अंधेरा पसरा रहता है। गर्मियों में बिजली की खपत बढ़ने से परेशानियां बढ़ रही हैं।

उप खंड अधिकारी पीपलसान ने ग्रामीणों की समस्या सहानुभूतिपूर्वक सुनी और अग्रिम कार्रवाई करने के लिए जहांगीरपुर बिजली घर पर तैनात जेई को साईड की जांच कर नियमानुसार विभागीय कार्यवाही कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

# सपा महानगर अध्यक्ष ने राजर्षि छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती पर किया याद




**मुरादाबाद।** मकबरा स्थित महानगर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर कोल्हापुर के शासक राजर्षि छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती मनाई गई इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने राजर्षि छत्रपति शाहू जी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर समा. जवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह आज की पीढी के लिए प्रेरणा थे उन्हे एक सच्चा लोकतंत्रवादी और समाज सुधारक माना जाता था। शाहू महाराज एक योग्य शासक थे जो अपने शासन के दौरान कई प्रगतिशील नीतियों से जुड़े थे उन्होंने अपने राज्य में पिछडी जाति के लोगों के हित के लिए काम किया। जाति और पंथ की परवाह किए बिना सभी को प्राथमिक शिक्षा उनकी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में से एक थी। इकबाल हुसैन अंसारी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि उनके आदर्शो और विचारों पर चलने का आहवान किया। सभा की अध्यक्षता इकबाल हुसैन अंसारी ने की तथा संचालन महानगर महासचिव गजेंद्र यादव ने किया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी, महानगर महासचिव गजेंद्र यादव ,लालू परवेज,कमरूज्जमा सैफी अध्यक्ष नगर विधानसभा, हाजी राशिद हुसैन अंसारी महानगर अध्यक्ष मजदूर सभा, मोहम्मद जुनेद, शहीद अनवर ,अकरम अंसारी,मो० शमशाद मीडिया प्रभारी,शरीफ अहमद, दानिश खान आसिफ मलिक, जमीर अहमद मोहम्मद खालिद , इस्लामुद्दीन अकरम मामू असलम खान, आमिर,आशू खान,मो०फरमान आदि रहे।

### सगे भाइयों में खूनी संघर्ष चार गंभीर रूप से घायल

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव कांकर खेड़ा में सगे भाइयों में खूनी संघर्ष होने की घटना से खलबली मच गई । हुए झगड़े में महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए,गांव निवासी सगे भाई वाहिद और शाहिद में पुरानी रंजिश को लेकर गुरुवार को लगभग दिन के 11 बजे झगड़ा हो गया, हुए झगड़े में लाठी डंडे जमकर चले ईट पथराव होने से गांव में भगदड़ मच गई, अफरा तफरी का माहौल बन गया। दोनों पक्षों ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

## उत्तर रेलवे
### ई-निविदा सूचना

| विभाग | Electrical (TRD) |
|---|---|
| टेंडर नं. | T-05-TRD-MB-25-26 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के खुर्जा-हापुड़ खंड पर हाफिजपुर स्टेशन पर बैलास्ट साइडिंग के प्रावधान के संबंध में टी.आर.डी कार्य। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक व समय | 17.07.2025, 15:00 Hrs. |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹60,76,624.71/- (Including GST @ 18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | ₹1,21,500/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 दिन |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 06 माह |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-03 दिनांक: 25.06.2025 1917/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय ग्राम पंचायत लदावली वि0 ख0 छजलैट (मुरादाबाद)

पत्रांकः मीमो/ग्रा.पं./ग्राम निधि व केन्द्रीय वित्त/15वां वित्त/राज्य वित्त/2025-26 दि. 26.06.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

विकास खण्ड छजलैट की ग्राम पंचायत लदावली में पंचायती राज अधिनियम एवं नियमावली 1947 (यथा संसोधित 1994) के नियम संख्या 157 सहपठीत नियम संख्या 152 (क) एवं शासनादेश संख्या 58/2021/2350/33-3-2021-2257/2021 के क्रम में ग्राम निधि 15 वां केंद्रीय वित्त, पंचम वित्त आयोग के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है, कार्य निम्नलिखित हैं

| क0सं0 | कराये जाने वाले कार्यो का विवरण | योजना का नाम | कार्य की मात्रा/नग | मटेरियल लागत | अनुमानित धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नाला मरम्मत एवं निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 100मी0 | 407918 | 580740 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानो पर हैण्डपम्प रिबोर कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 8 हैण्डपम्प | 85000 | 232232 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानो पर हैण्डपम्प सोकपिट निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 12 सोकपिट | 75000 | 100000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानो पर हैण्डपम्प मरम्मत कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 10 हैण्डपम्प | 70000 | 100000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत में पेयजल सुविधा कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 0 | 80000 | 120000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 6 | नाला निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 25×2.5मी0 | 224500 | 360000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 7 | ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानो पर सफाई कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 0 | 100000 | 170000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 8 | विद्यालय में पेयजल सुविधा कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 0 | 110000 | 110245 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 9 | उप स्वास्थ्य केन्द्र में पेयजल सुविधा एवं कायाकल्प कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 0 | 102100 | 142150 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 10 | ग्राम पंचायत में पेयजल निकासी हेतू नाली मरम्मत कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 25×2.5मी0 | 102140 | 124050 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 11 | मुनीराज के घर से खेम सिहं के प्लाट तक नाली एवं सी0सी0 टाईल्स एवं दीवार निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 25×2.5मी0 | 195640 | 240000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 12 | हरज्ञान के घर से हरकिशोर के घर तक नाली एव सी0सी0 टाईल्स सडक निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 25×2.5मी0 | 124501 | 200000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 13 | बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 25×25मी0 | 301200 | 400000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 14 | बब्लू गुर्जर के घर से राजपाल के घर तक नाली एवं सी0सी0 टाईल्स सडक निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 25×2.3मी0 | 295460 | 340000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 15 | ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानो पर चैनल एवं पुलिया निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 10 | 107918 | 180740 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 16 | मेन रोड से स्योनाथ के घर तक नाली एवं सी0सी0टाईल्स सडक निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 25×2.5मी0 | 110214 | 150000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 17 | सुरेन्द्र के घर से रामपाल के घर तक नाली एव सी0सी0टाईल्स सडक निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 35×2.00मी0 | 125460 | 200000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 18 | ब्रजपाल सिहं के घर से सुशील गुर्जर के घर तक नाली एवं सी0सी0टाईल्स कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 45×2.3मी0 | 195642 | 250000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 19 | ब्रजपाल सिहं के घर से नहर तक नाली एवं सी0सी0टाईल्स कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 55×2.5मी0 | 195642 | 250000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 20 | नाली एवं सी0सी0 टाईल्स कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 55×1.5मी0 | 120150 | 200000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 21 | कांठ रोड से पानी की टंकी तक नाली एवं सी0सी0 टाईल्स सडक निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 105×2.00मी0 | 401254 | 500000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 22 | श्यामी के घर से अम्बेडकर पार्क तक नाली एवं सी0सी0 टाईल्स सडक निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 45×2.5मी0 | 195420 | 240000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 23 | पार गुर्जर के घर से नहर तक नाली एवं सी0सी0 टाईल्स कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 105×2.5मी0 | 495014 | 600000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 24 | भगवान दास के घर से ब्रमेश के घर तक नाली एवं सी0सी0 टाईल्स सडक निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 45×2.8मी0 | 112501 | 150000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 25 | प्रशासनिक भवनो का रख-रखाव कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 3 | 215402 | 300000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 26 | रेंट्रोफिटिंग कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 25 | 78000 | 100000 | 6 प्रतिशत | 204 | 6 माह |
| 27 | अन्य कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 95×2.3मी0 | 401520 | 500000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 28 | ग्राम पंचायत में नाली एवं सी0सी0 टाईल्स कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 70×2.9मी0 | 312500 | 400000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 29 | पंचायत भवन का कायाकल्प कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 1 | 249850 | 300000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 30 | पप्पू के घर से बब्बू क घर तक नाली मिटटी एवं सी0सी0 टाईल्स सडक निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 55×2.4मी0 | 195784 | 249670 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 31 | ग्राम पंचायत में मिटटी भराब कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 25×35मी0 | 125400 | 194000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 32 | जयकुमार के घर से मनोज के घर तक नाली एवं सी0सी0टाईल्स सडक निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 30×3.5मी0 | 156000 | 181000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 33 | लाल सिहं के घर से बैद जी के प्लाट तक नाली एवं सी0सी0टाईल्स कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 76×2.5मी0 | 274000 | 371000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 34 | अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 1750वर्गमी0 | 1513727 | 2436000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 35 | मुरारी के घर से बचन के घर तक सी0सी0टाईल्स सडक निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 110मी0 | 425470 | 600000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |
| 36 | मुरारी के घर से बचन के घर तक नाली निर्माण कार्य | 15 वां/5 वां वित्त आयोग | 220मी0 | 215470 | 300000 | 2 प्रतिशत | 200 | 6 माह |

**ग्राम पंचायत में 15 वां वित्त एवं राज्य वित्त आयोग से कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री आपूर्ति हेतू निविदा से संबंधित विवरण–**

| क्र. सं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रारम्भ | 27.06.2025 | प्रातः 10.00 बजे |
| 2 | निविदा समाप्त | 03.07.2025 | दोपहर 12.00 बजे |
| 3 | निविदा खोलने जाने का दिनांक | 03.07.2025 | शाम 03.00 बजे |

1. कार्य से सबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं
2. आयकर व्यापार कर नियामानुसार देय होगां
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त हाने के उपरान्त किया जायेगां
4. कार्यदेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगां
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगां

**सचिव/ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत लदावली विकास खण्ड**
**छजलैट, जिला मुरादाबाद**

खेल विशेष

## तेलंगाना में मुक्केबाजी टूर्नामेंट में लवलीना, निखत करेंगी शिरकत

**तेलंगाना, वार्ता।** दो बार की विश्व चैंपियन निखत ज़रीन, ओलंपिक गेम्स टोक्यो 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो, 27 जून से एक जुलाई तक तेलंगाना के सरूरनगर इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली शीर्ष भारतीय महिला मुक्केबाजों में शामिल होंगी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और तेलंगाना खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में तेलंगाना मुक्केबाजी महासंघ द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में 15 इकाइयों की मुक्केबाज़ भाग लेंगी, जिसमें आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष 12 टीमें रेलवे, हरियाणा, अखिल भारतीय पुलिस, सेवाएं, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और सिक्किम शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन, ओलंपियन प्रीति, विश्व युवा चैंपियन अरुंधति चौधरी और 100 से अधिक अन्य शीर्ष दावेदार शामिल हैं। मुक्केबाज दस भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक में स्वर्ण और रजत पदक विजेता को पटियाला में विशिष्ट राष्ट्रीय शिविर में शामिल होने का अवसर मिलेगा। सभी टीमें अधिकतम 10 मुक्केबाजों को मैदान में उतार सकती हैं, बशर्ते उनका जन्म 1 जनवरी 1985 और 31 दिसंबर 2006 के बीच हुआ हो। चैंपियनशिप विश्व मुक्केबाजी तकनीकी और प्रतियोगिता नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक मुकाबले में तीन मिनट के तीन राउंड होंगे, जिनके बीच में एक मिनट का आराम होगा। दस-अंक-अनिवार्य स्कोरिंग प्रणाली का पालन किया।

# BCCI-ECB सऊदी टी-20 लीग के विरोध में

### ● नहीं देंगे खिलाड़ियों को एनओसी, सऊदी की एसआरजे स्पोर्ट्स कन्वेस्टमेंट्स 4400 करोड़ का निवेश करेंगी



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) सऊदी अरब की ओर से शुरू किए जाने वाले वर्ल्ड टी-20 लीग का विरोध करेंगे। वहीं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस लीग के पक्ष में है और अपने यहां मैच कराने के लिए भी सहमत है।

द गार्जिन की रिपोर्ट के मुता. बिक, लॉर्ड्स में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान ईसीबी और बीसीसीआई ने इस नई लीग का विरोध करने का फैसला किया। दोनों बोर्ड अपने खिलाड़ियों को इस लीग में खेलने के लिए 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) नहीं देंगे और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से भी इसे मंजूरी न देने की अपील करेंगे। ईसीबी ने आईपीएल प्लेऑफ में अपने खिलाड़ियों को खेलने की नहीं दी थी अनुमति ईसीबी के साथ बीसीसीआई का गठबंधन इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत-पाक के बीच तनाव के कारण आईपीएल के शेड्यूल में बदलाव किया गया था। आईपीएल के प्लेऑफ के मैच के दौरान ही वेस्टइंडीज-इंग्लैंड की वनडे सीरीज के भी मुकाबले थे। इसकी वजह से ईसीबी ने जोस बटलर, जैकब बेथेल और विल जैक्स को आईपीएल में खेलने की अनुमति नहीं दी गई थी।

जिसके बाद बीसीसीआई के साथ संबंध खराब होने की चर्चा हो रही थी। ईसीबी ने जोस बटलर सहित कई खिलाड़ियों को आईपीएल के प्ले ऑफ में खेलने की अनुमति नहीं दी थी। सऊदी की एसआरजे स्पोर्ट्स इन्वेस्टमेंट्स इस लीग में 4400 करोड़ रुपए निवेश करेगा सऊदी की एसआरजे स्पोर्ट्स इन्वेस्टमेंट्स ने इस नई लीग के लिए 400 मिलियन यूके पाउंड (लगभग 4400 करोड़ रुपए) निवेश करने की योजना बनाई है, जिसमें आठ टीमें हर साल चार अलग-अलग जगहों पर टूर्नामेंट खेलेंगी, जैसे टेनिस के ग्रैंड स्लैम खेला जाता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस नई लीग के पक्ष में है। वह चार में से एक टूर्नामेंट अपने यहां कराने के लिए भी राजी है। क्योंकि उनकी बिग बैश लीग में अभी तक बड़ा निजी निवेश नहीं हुआ है। दूसरी ओर, ईसीबी ने अपनी द हंड्रेड लीग की 49प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 520 मिलियन यूके पाउंड (लगभग 5700 करोड़ रुपए) कमाए हैं, और क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने एसए 20 लीग की फ्रेंचाइजी बेचकर ने सिर्फ100 मिलियन (5000 करोड़) से ज्यादा जुटाए हैं। भारत-इंग्लैंड के बिना लीग का महत्व कम हो सकता है भारतीय और इंग्लिश खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से इस नई लीग का महत्व कम हो सकता है। वहीं, वर्ल्ड कैलेंडर पहले ही 20 से ज्यादा टी-20 और 10 ओवर की लीग से भरा है। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 का खिताब अपने नाम किया। आईसीसी से इस लीग पर अभी आधिकारिक बयान नहीं आए आईसीसी ने अभी इस लीग पर कोई औपचारिक फैसला नहीं किया है। वहीं उसके बीसीसीआई के खिलाफ जाने की संभावना भी कम है। आईसीसी के नए चेयरमैन शाह पहले बीसीसीआई के सचिव रह चुके हैं।

# भारत ने इंग्लैंड को दो विकेट से हराया

### ● भारत की मिश्रित दिव्यांग टीम ने सीरीज के तीसरे मुकाबले में रोमांचक जीत दर्ज की

**लंदन, वार्ता।** भारत की मिश्रित दिव्यांग टीम ने ऐतिहा. सिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मिश्रित दिव्यांग विटालिटी टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में इंग्लैंड को आखिरी ओवर में दो विकेट से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की।

यह अवसर इसलिए भी ऐतिहासिक रहा क्योंकि पहली बार कोई भारतीय दिव्यांग टीम इस मैदान पर खेल रही थी।तारीख, मैदान और नतीजा तीनों ने 1983 की यादें ताजा कर दीं, जब कपिल देव की कप्तानी में भारत ने 25 जून को लॉर्ड्स में ही विश्व कप जीता था। जीत के बाद भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के महासचिव रवि चौहान ने कहा कि हम अपनी टीम की इस ऐतिहासिक जीत को कपिल देव सर की 1983 की विश्व कप विजेता टीम को समर्पित करते हैं। मुकाबले के दौरान दोनों टीमों ने भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर दिलीप दोषी के सोमवार को लंदन में निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए काली पट्टियां बाँधी थीं।

इसके अलावा इस दिन यहां 25 जून को ही विश्व मिश्रित दिव्यांग दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। लॉर्ड्स में यह मुकाबला क्रिकेट डिसएबिलिटी डे का हिस्सा था।

# हर्षित को टीम से रिलीज किया गया

### बर्मिंघम नहीं गए, पहले टेस्ट के लिए टीम में शामिल किए गए थे हर्षित राणा



**लंदन, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट से पहले टीम से रिलीज कर दिया गया है। युवा गेंदबाज को पहले टेस्ट में कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, राणा टीम के साथ लीड्स से बर्मिंघम नहीं गए हैं। टीम इंडिया लीड्स से बर्मिंघम रवाना भारतीय टीम लीड्स से बर्मिंघम के लिए रवाना हो गई। टीम अगले दो दिन आराम करेगी और फिर दूसरा टेस्ट शुरू होने से पहले ट्रेनिंग शुरू करेगी। दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से खेला जाना है। भारतीय टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से पीछे है। कोच ने राणा को टीम से रिलीज के दिए थे संकेत कोच गौतम गंभीर ने राणा के बारे में कहा, श्मैंने अभी चीफ सिलेक्टर से बात नहीं की है, लेकिन कुछ खिलाड़ियों को छोटी-मोटी चोट की आशंका थी। इसलिए हमने उन्हें बैकअप के तौर पर रखा था।

लेकिन अब सब ठीक लग रहा है, तो अगर सब फिट हैं, तो उन्हें वापस जाना होगा। भारत हेडिंग्ले टेस्ट में पांच बल्लेबाजों के शतक लगाने के बाद भी टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा।

यह टेस्ट इतिहास में पहली बार हुआ कि किसी टीम ने पांच शतक लगाने के बावजूद मैच गंवाया। यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल और ऋषभ पंत (दो बार) ने शतक बनाए, लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 371 रनों का लक्ष्य हासिल कर पांच विकेट से जीत दर्ज की। बेन डकेट ने दूसरी इनिंग में 149 रनों की पारी खेली। दोनों टीमों के बीच कुल 1673 रन बने, जो भारत-इंग्लैंड टेस्ट में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट 2 जुलाई को एजबेस्टन में खेला जाएगा।

## पाकिस्तान के खिलाफ तीन टी-20 की मेजबानी करेगा बांग्लादेश

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश 20 जुलाई से मीरपुर में तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए पाकिस्तान की मेजबानी करेगा। इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान में इतने ही टी-20 मैच खेलने वाले दोनों देश एक बार फिर सबसे छोटे प्रारूप में एक दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। पाकिस्तान में सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद बांग्लादेश आगामी मुकाबले में जीत की राह पर लौटना चाहेगा। जुलाई में होने वाले सभी तीन मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में तैयारी का काम करेगी, क्योंकि अगले साल आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप होना है। बांग्लादेश इस समय श्रीलंका के दौरे पर है जहां वह दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने गयी है। गॉल में टेस्ट सीरीज़ का पहला मैच ड्रा समाप्त हुआ था।



# सर्जरी के बाद सूर्या की सेहत में सुधार

**म्यूनिख, वार्ता।** भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव जर्मनी में हर्निया की सर्जरी के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं और उनकी सेहत में अपेक्षित सुधार है। सूर्यकुमार ने सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि उन्होंने यहां सर्जरी करवाई है और वह पहले की तरह ही मैदान पर वापसी के लिए उत्सुक हैं। उन्होने लिखा कि पेट के निचले हिस्से में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सर्जरी के बाद मैं स्वास्थ्य लाभ ले रहा हूं। वापसी का बेसब्री से इंतजार है। भारत के इस विस्फोटक बल्लेबाज ने भारत के लिए आखिरी बार फरवरी की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में खेला था। इसके अलावा 34 वर्षीय खिलाड़ी हाल ही में हुए इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। इस लीग में उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 16 पारियों में 717 रन बनाए थे और इस इवेंट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। भारत ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला शुरू की है।

# विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के साथ 9 साल के आरित ने ड्रॉ खेला

### अर्ली टाइटल्ड टयूसडे टूर्नामेंट में किया कारनामा, भारत के वी.प्रणव बने चैंपियन





**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के 19 साल के गुकेश के बाद अब 9 साल के आरित कपिल ने वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के साथ ड्रॉ खेला है। दिल्ली के आरित ने कार्लसन को ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट 'अर्ली टाइटल्ड टयूसडे' में ड्रॉ पर रोक दिया।

आरित ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन कार्लसन के हर मूव का शानदार जवाब दिया और उन्हें पूरी तरह हार की स्थिति में पहुंचा दिया था। हालांकि, मैच के आखिरी पलों में आरित के पास समय बहुत कम बचा था। सिर्फ कुछ सेकंड बचे होने के कारण वह अपनी बढ़त को जीत में नहीं बदल सके और मुकाबला ड्रॉ हो गया। गुकेश से हारने के बाद कार्लसन ने चेस बोर्ड पर गुस्सा उतारा था हाल ही में डी गुकेश का सामना करते हुए जब मैग्नस कार्लसन को हार मिली थी, तो उन्होंने अपनी झल्लाहट को खेल की मेज पर दिखाया था। हाथ पटककर उन्होंने सारे मोहरे गिरा दिए और चेस रूम से बाहर चले गए। वहीं, आर प्रागन. नंदा 16 वर्ष की उम्र में कार्लसन का हरा चुके हैं। कार्लसन के खिलाफ ड्रॉ, एक बड़ी उपलब्धि कार्लसन को शतरंज इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। वे 2013 से 2023 तक वह वर्ल्ड चैंपियन रहे हैं। उन्होंने क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज तीनों फॉर्मेट में वर्ल्ड खिताब जीते हैं। नॉर्वे के इस दिग्गज खिलाड़ी को मात देना या उनके खिलाफ ड्रॉ निकालना किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए बड़ी उपलब्धि होती है।

## अब शिक्षा के मैदान पर नई पारी की शुरुआत करेंगे रिंकू

**लखनऊ, वार्ता।** टीम इंडिया के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह जल्द ही शिक्षा के क्षेत्र में अपनी नयी पारी की शुरुआत कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नीति के तहत खेल विभाग ने रिंकू की बीएसए के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव शासन को भेजा है जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद जतायी जा रही है। यूं तो रिंकू ने नौवीं कक्षा तक पढाई की है मगर उन्हे पद के लिए न्यूनतम योग्यता पूरी करने के लिए पर्याप्त समय दिया जा सकता है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा निद. ेशालय ने पत्र जारी कर रिंकू से शैक्षणिक दस्तावेज और अन्य औप चारिकताएं पूरी करने को कहा है। आईपीएल में दो साल पहले अपनी धुआंधार पारी के बाद चर्चा में आये अलीगढ़ के 28 वर्षीय रिंकू ने 2023 में आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच में भारत के लिए पदार्पण किया था।

# दूसरे टेस्ट से पहले आर्चर घरेलू मैच खेलें तो बेहतर: वॉन

### आर्चर काउंटी मैच में फिट रहे तो दूसरे टेस्ट में उन्हें खिलाया जाएगा

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने तेज गें. दबाज जोफ्रा आर्चर को भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेलने से पहले लाल गेंद से एक और घरेलू मैच खेलने की सलाह दी है। तेज गेंदबाज आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

आर्चर रविवार से काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स टीम से खेलेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, आर्चर काउंटी मैच में फिट रहे तो दूसरे टेस्ट में उन्हें खिलाया जा सकता है। दूसरा टेस्ट दो जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने भी भारत-इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले बयान दिया था कि 30 साल के आर्चर फिर से टेस्ट जर्सी पहनने के लिए बेताब हैं। आर्चर चार साल से टेस्ट टीम से बाहर हैं। आर्चर ने इस सप्ताह की शुरुआत में चार साल से अधिक समय के बाद लाल बॉल से अपना पहला मैच खेला। वह चेस्टर-ले-स्ट्रीट में डरहम के खिलाफ चार दिवसीय मैच में ससेक्स के लिए उतरे और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की झलक दिखाई। आर्चर ने 31 रन बनाए और 18 ओवरों में 32 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने आर्चर के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी को टेस्ट क्रिकेट में वापसी का रास्ता माना था, लेकिन वॉन को भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इस बेहतरीन दाएं हाथ के गें. दबाज को जल्दबाजी में शामिल करने का कोई कारण नहीं दिखता। इंग्लैंड पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाए हुए है। वॉन का मानना है कि आर्चर को रविवार से वार. विकशायर के खिलाफ ससेक्स के लिए एक और चार दिवसीय मैच खेलना चाहिए और देखना चाहिए कि वह अपनी चोट से कितने उबर गये है, उसके बाद ही उन्हें टेस्ट टीम में शामिल किया जाना चाहिए। वॉन ने बीबीसी से कहा कि अच्छी बात यह है कि जोफ्रा की वापसी हो रही है, लेकिन मैं उसे एक और चार दिवसीय मैच खेलते देखना चाहूंगा। वह चार साल से लंबे प्रारूप में नहीं खेले हैं, तो डरहम के खिलाफ ससेक्स के लिए एक मैच के बाद आप उसे वापस क्यों बुलाएंगे। उन्होने कहा कि हम जानते हैं कि टेस्ट मैच के स्तर पर काउंटी क्रिकेट से बहुत अलग होता है। उसे एक और चार दिवसीय मैच खेलने दें। मैं उसी लाइन-अप के साथ जाऊंगा, जब तक कि गेंदबाज ठीक हैं और कोई परेशानी नहीं है तभी उसे खिलाना चाहिये। इंग्लैंड और भारत के बीच दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होगा।

## विंडीज ने दबदबा बनाया मगर ऑस्ट्रेलिया ने की वापसी

**बारबाडोस, वार्ता।** जेडन सील्स और शमर जोसेफ की घातक गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को 180 रन पर समेट दिया। 1995 के बाद से कैरेबियाई क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया का सबसे कम पहली पारी का स्कोर है। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला ऑस्ट्रेलिया के लिए कठिन जान पड़ा जब उसके तीन अहम बल्लेबाज मात्र 22 रन पर पवेलियन लौट गये। हालांकि उस्मान ख्वाजा (56) और ट्रैविस हेड (59) ने 89 रनों की साझेदारी करके पारी को कुछ हद तक संभाला।

# जूनियर हॉकी : भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

### अजीत यादव 52वें मिनट पर चौथे क्वार्टर में गोल करके जीत सुनिश्चित की

**बर्लिन, वार्ता।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने यहां चल रहे चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे स्थान के लिए ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया। रोहित ने 45वें मिनट में भारत के लिए बराबरी का गोल किया, जबकि अजीत यादव ने 52वें मिनट पर चौथे क्वार्टर में गोल करके जीत सुनिश्चित की।

इससे पहले, कप्तान टोबी मैलन ने बुधवार को दूसरे हाफ में ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई थी। पहले हाफ में दोनों टों ने एक दूसरे पर हमले किए लेकिन शुरुआती दो क्वार्टर में कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो पाई। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरकार तीसरे क्वार्टर में गोल किया, जब टोबी मैलन ने 40वें मिनट में फील्ड गोल करके टीम को 1-0 से आगे कर दिया। भारत ने तेजी से जवाब दिया और पांच मिनट बाद ही बराबरी का गोल कर दिया। रोहित ने पेनल्टी कॉर्नर के बाद गोल करके बराबरी हासिल की। भारत ने अपनी लय को बनाए रखते हुए अंतिम क्वार्टर में जीत हासिल की। 52वें मिनट में अजीत यादव ने ओपन प्ले में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई और जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ ही चार देशों के टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया। पूल चरण में भारत ने मेजबान जर्मनी से 1-7 से हार के साथ शुरुआत की, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3-1 की जोरदार जीत के साथ वापसी की और फिर स्पेन के खिलाफ 1-5 से हार का सामना किया।

# पाक क्रिकेटर अब्बास ने ईशान के साथ फोटो शेयर की

### दोनों काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर के लिए खेल रहे, ईशान ने 87 रन बनाए



**नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन के साथ दो फोटो शेयर की है। दोनों खिलाड़ी फिलहाल काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन वन में नॉटिंघमशायर की ओर से खेल रहे हैं। नॉटिंघमशायर और यॉर्कशायर के बीच खेला गया मैच ड्रॉ रहा। इस मैच में ईशान किशन ने 87 रनों की पारी खेली। वहीं, उन्होंने अब्बास की गेंद पर यॉर्कशायर के ओपनर एडम लिथ का कैच पकड़ा। लिथ बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। ईशान किशन ने मोहम्मद अब्बास की गेंद पर यॉर्कशायर के ओपनर एडम लिथ का कैच पकड़ा। ईशान का नॉटिंघमशायर के साथ दो मैचों के लिए अनुबंध ईशान किशन नॉटिंघमशायर के साथ इस सीजन के दो काउंटी चैंपियनशिप मैचों के लिए एक अनुबंध किया है। किशन ने साउथ अफीका के खिलाड़ी काइल वेरिन का स्थान लिया हैं, जो इस महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए नेशनल डयूटी पर हैं। किशन ने कहा कि इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलने का मेरा पहला अनुभव बहुत रोमांचक है और मुझे अपनी प्रतिभा को दिखाने का शानदार मौका मिला है। मैं बेस्ट क्रिकेटर बनना चाहता हूं।श ईशान की इस साल सेंट्रल क्रॉन्ट्रेक्ट में वापसी हुई ईशान की इस साल 2024-2025 के सेंट्रल क्रान्ट्रेक्ट में वापसी हुई। उन्हें ग्रेड सी में रखा गया है। इस ग्रेड के खिलाड़ियों को 1 करोड़ रुपए मिलते हैं। पिछले साल ईशान को बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट 2023-24 से बाहर किया गया था। ईशान मानसिक थकान की बात कहकर साउथ अफीकी दौरे के बाद से टीम में शामिल नहीं हुए थे। उसके बाद वह घरेलू क्रिकेट में भी उपलब्ध नहीं रहे थे। ईशान ने 2023 में हुए रणजी मैच में झारखंड टीम से नहीं खेला था, वहीं अगले सीजन में भी वह अपने टीम के साथ खेलते नहीं दिखे।

# हार्दिक पांडया संग रिश्ते पर ईशा गुप्ता ने तोड़ी चुप्पी

### कहा: सिर्फ कुछ समय तक बातचीत हुई, हम दोनों एक दूसरे के लिए नहीं बने थे

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने क्रिकेटर हार्दिक पांडडा के साथ रिश्ते को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि दोनों कुछ समय के लिए एक-दूसरे से बातचीत कर रहे थे, लेकिन वह रिश्ता कभी डेटिंग तक नहीं पहुंचा।

ईशा ने सिद्धार्थ कन्नन को दिए एक इंटरव्यू में कहा, ष्हां, कुछ समय तक हमारी बातचीत हुई थी। मैं इसे डेटिंग नहीं कहूंगी, लेकिन हम कुछ महीनों तक बात कर रहे थे। हम उस स्टेज पर थे जहां लगता था शायद कुछ हो जाए, शायद नहीं। ये बातचीत डेटिंग स्टेज तक पहु. चने से पहले ही खत्म हो गई। हम एक या दो बार ही मिले थे।ष जब ईशा से पूछा गया कि क्या उनके बीच कपल बनने की संभावना थी, तो उन्होंने कहा, ष्शायद हो सकता था, लेकिन लगता है कि ऐसा होना नहीं था। उस समय हार्दिक पहले से ही टीवी पर कुछ बयान देकर विवादों में थे और तब तक हमारी बातचीत भी बंद हो चुकी थी।ष ईशा गुप्ता ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत फिल्म श्जन्नतश 2 से की थी।

ईशा ने 'कॉफी विद करण' के उस एपिसोड का भी जिक्र किया जिसमें हार्दिक पांडडा और केएल राहुल साथ आए थे। इस एपिसोड में हार्दिक के बयानों पर विवाद हुआ था। उन्होंने कहा कि मैं उस समय तक खुद को काफी मजबूत बना चुकी थी।

# एमडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, अवैध निर्माण के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष का जोन-3 के सबजोन-16, 17 एवं 19 का सघन निरीक्षण ख्र अवैध निर्माणों पर कड़ी कार्रवाई की ।विकास प्राधिकरण (डक।) के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह, आई.ए.एस. द्वारा आज जोन-3 के अंतर्गत आने वाले सबजोन-16, 17 एवं 19 का सघन स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने क्षेत्र में हो रहे विशेष रूप से बड़े औद्योगिक निर्माणों ख्र जो कि फैक्ट्रियों के रूप में निर्मित हैं ख्र पर गंभीर चिंता जताई। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि इन फैक्ट्री निर्माणों की मानचित्र स्वीकृति की स्थिति की जांच कर, स्वीकृति रहित निर्माणों की सूची तत्काल तैयार की जाए, तथा उस पर विधिसम्मत और प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई अमल में लाई जाए। इस कार्य हेतु क्षेत्र में तैनात अवर अभियंता आयुष कुमार एवं सोहनवीर को विशेष रूप से निर्देशित किया गया। उपाध्यक्ष का स्पष्ट निर्देश: सघन कार्रवाई और जवाबदेही सुनिश्चित करें। उपाध्यक्ष श्री अनुभव सिंह ने सबजोन-16, 17 एवं 19 में चल रहे सभी अवैध निर्माण कार्यों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से सघन प्रवर्तन अभियान चलाया जाए। इसके साथ ही संबंधित व्यक्तियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, जिससे



भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताएं रोकी जा सकें। प्राधिकरण की सख्त चेतावनी विकास प्राधिकरण पुन: नागरिकों से अपील करता है कि बिना स्वीकृत मानचित्र के कोई भी निर्माण कार्य न करें। यदि कोई निर्माण कार्य अनधिकृत पाया जाता है, तो प्रवर्तन टीम द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के सीलिंग, ध्वस्तीकरण एवं विधि सम्मत कार्रवाई तत्काल प्रभाव से की जाएगी।


## कोर्ट के आदेश पर दो लड़कियों समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ठाकुरद्वारा के आदेश पर पिता-पुत्र एवं दो लड़कियों के खिलाफ घर में घुसकर जानलेवा हमला करने, छेड़छाड़ करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गौधी हमीरपुर निवासी अहसान अली पुत्र शाबिर ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ठाकुरद्वारा की अदालत में प्रार्थना-पत्र देकर कहा है कि कोतवाली बिलारी के मोहल्ला अंसारियान निकट हुसैनी झंडा निवासी महमूद रंजिश रखता है। 7 मार्च को आरोपी अपने बेटे महमूद और दो बेटियों नजराना और शमा परवीन को लेकर घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। तुम हमारे खिलाफ मुकदमा लिखाओ तो हमारी लोकेशन घर की आएगी तुमसे हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है ध केस की विवेचना उप निरीक्षक अजय दुबे कर रहे हैं।

# सड़क के चौड़ी करण से टूटी पाइपलाइन, भरा पानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कांठ।** सड़क के चौड़ी करण के चलते आज वाटर सप्लाई की पाइपलाइन टूट गई जिससे सड़कों के आसपास पानी बह गया लेकिन पानी निकलते हुए अजब नजारा भी देखने को मिला है। कांठ में मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। जिसके चलते सड़क के किनारो पर जेसीबी द्वारा खुदाई की जा रही है दो दिन पहले भी सड़क किनारे खुदाई हुई लेकिन उस दिन तो कुछ नहीं हुआ मगर आज दोपहर बाद अचानक पाइपलाइन फट जाने से तेज रफ्तार के साथ पानी फव्वारे के आकार में निकलना शुरू हो गया। जिसे देखकर लोगों ने जमकर फोटो ग्राफी की और उसका आनंद उठाया जब तक नगर पंचायत द्वारा इस पाइप में चल रही पानी की सप्लाई को बंद किया गया तब तक सड़क किनारे काफी तादाद में पानी बह गया। बतादे की सड़कों के किनारे कई तरह की पाइपलाइन पहले दाबी जा चुकी हैं बीएसएनल एवं अन्य कंपनियों के केवल भी इन्हीं सड़कों के किनारे दबे हुए हैं अब सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है तो कहीं केवल कहीं



तार और कहीं पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो रही है। जिसकी मरम्मत का कार्य भी किया जा रहा है।

# कुंदरकी-पाकबड़ा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का विधायक ने किया भूमि पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कुंदरकी।** विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने पुलिस चौकी ग्रोथ सेंटर निकट एस०ई०जेड० स्पेशल इकोनोमिक जोन) से कुन्दरकी - डींगरपुर - रतनपुर कंला - पाकबड़ा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (चौनेज 8.640 से 21.540 तक) का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। लोक निर्माण विभाग की इस परियोजना की स्वीकृत लागत 3995.58 लाख रुपये और स्वीकृत लंबाई 12.900 किमी है। इस अवसर पर कुंद. रकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा की यह चार लेन मार्ग औद्योगिक क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा होगा, जिससे व्यापार और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। रोड की खराब हालत के कारण यह औद्योगिक क्षेत्र जिस तरह से विकसित होना चाहिए था वह नहीं हो पाया। मुरादाबाद के विकास के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में यह मार्ग मुरादाबाद के आर्थिक विकास को नई



ऊंचाइयों पर ले जाएगा। विधायक ने आगे कहा की बेहतर सड़कें विकास का कारक होती हैं और निवेश का आधार बनती हैं। हमारी सरकार ने गड्ढा मुक्त सड़कें दी हैं जबकि पूर्व की सरकारों में प्रदेश की पहचान गड्ढा युक्त सड़क हो गई थीं। सरकार ने सुशासन की व्यवस्था स्थापित की है, जिसका परिणाम है कि प्रत्येक जिला व तहसील मुख्यालयों को फोर-लेन से जोड़ा गया है।शिलान्यास कार्यक्रम में अधिशासी अभियन्ता सुनील प्रकाश, सहायक अभियन्ता सोमपाल सिंह, सहायक अभियन्ता सुधीर कुमार, डिपो मैनेजर अनिल कुमार शर्मा , ब्लॉक प्रमुख पति गुलाम जिलानी, नसीम खान, मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह जाटव, संजय कश्यप, अरविंद ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, ब्रजेश कुमार लोधी, हाजी अकरम, हाजी सलीम, ग्राम प्रधान विक्रम , सोनू ठाकुर, संजय दिवाकर, विजेंद्र चौधरी, नवनीत धारीवाल, यादराम पाल, असलम, नजाकत अली, आकिल प्रधान, अनिल कुमार जाटव, दिलशाद हुसैन, रामकुमार, समर सिंह, मोनू कश्यप, फहीम, मोहम्मद उमर, शरीफ अहमद, मजीद सैफी, राहिल, कादिर, रोहित सिंह, जय सिंह आदि उपस्थित रहे।

## वॉलीबॉल खिलाने के बहाने ले जाकर पीटा, अज्ञात सहित चार पर केस

**कांठ।** छजलैट थाना क्षेत्र के गांव मुंडाखेड़ी निवासी जुबेर पुत्र मो० हारुन को 24 जून की दोपहर करीब 1 बजे अस्माइलपुर का दीपांशु पुत्र आनन्द कुरी रवाना मे बालीवाल खेलने को कहकर ले गया था। कूरी रवाना गांव से थोडा पहले रामलीला ग्राउन्ड पर दीपांशु ने बाइक रोक दी थोडी देर मे कूरी रवाना का सोनू पुत्र अमीर चन्द, बैरमपुर का निखिल पुत्र नामालूम व एक अन्य व्यक्ति अज्ञात वहाँ पर आ गए जिसमे निखिल ने गाली गलौच करनी शुरु कर दी। गाली देने से मना किया तो उक्त चारो ने मारपीट की। बैल्टो से मारा। जिससे उसे काफी चोटे आयी। उक्त लोग बाद में जान से मारने की धमकी देकर चले गए । पुलिस ने अज्ञात सहित चारों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## एक नजर

### कांग्रेस संगठन सृजन की बैठक का चौहरा में आयोजन

**कांठ।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन बैठक का आयोजन चौहरा गांव के फुरकान शहनाई मंडप में किया गया जिसमें मानपुर गधापुर बीबीपुर साराय खजूर मुजफ्फरपुर टांडा छजुपुरा समदपुर खानपुर से आए बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी खुशतर मिर्जा जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर कांग्रेस नेता सुधीर रस्तोगी डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी मोहम्मद अहमद ग्राम प्रधान नरेंद्र सैनी ठाकुर जयप्रकाश सिंह फिरोज अनवर अंकुश चौधरी शहजाद अली मेहर सिंह सैनी अनवर जाकिर मौलाना आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता पूर्व प्रधान रजा हुसैन और संचालन शरीफ आजाद ने किया

### ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर एसडीएम ने की बैठक



**चन्दौसी।** आगामी ग्राम पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी चन्दौसी विनय मिश्रा द्वारा गुरुवार को तहसील सभागार में लेखपालों और सुपरवाइजर के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देना था। एसडीएम ने संबंतिधत को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी सुपरवाइजर अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य समयबद्ध एवं त्रुटिरहित रूप से पूर्ण करें। इसके अलावा पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने और मृतकों या स्थानांतरित व्यक्तियों के नाम हटाने की प्रक्रिया को गंभीरता से लेने को कहा गया। एसडीएम ने लेखपालों को भी निर्देशित किया कि वे चुनाव से संबंधित प्रत्येक गतिविधि में बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने कहा, 'ग्राम पंचायत चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद होते हैं। अत: इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### तुषार वार्ष्णेय बने अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के नगराध्यक्ष

**चन्दौसी।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा चन्दौसी निवासी तुषार वार्ष्णेय को संगठन नगराध्यक्ष बनाया गया। साथ ही आशा व्यक्त की है कि वह वैश्य समाज के युवाओं को संगठित करने, उनको एक मंच पर लाने, समाज के लिए समर्पित परोपकार, सेवा और स्वदेश के लिए समर्पण की भावना के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर अमित वार्ष्णेय (प्रदेश अध्यक्ष), प्रदीप अग्रवाल (जिलाध्यक्ष), शिखर गोयल (युवा जिलाध्यक्ष), अन्नू रतन, मोहित गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, दुर्गा टंडन, गौरव गोयल, भविष्यरतन आदि लोग उपस्थित रहे।

## घर से मजदूरी करने निकला राजमिस्त्री लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव आदमपुर निवासी ग्रामीण तौफीक की तहरीर पर 45वर्षीय पिता मौहम्मद रफीक पुत्र असगर अली की गुमशुदगी दर्ज की है। ग्रामीण का कहना है कि पिता हल्द्वानी में राजमिस्त्री का काम करते हैं। 20जून की सुबह11बजे कपड़े लेकर काम करने हल्द्वानी गये थे आज तक नहीं पहुंचे। उनको रिश्तेदारियों में भी ढूंढा पर कहीं पता नहीं चला मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच उप निरीक्षक माहिर अब्बास को दी है।

# तहसील बार कार्यकारिणी ने ली कर्तव्य निष्ठा की शपथ बार और बेंच के तालमेल पर रहा जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** वरिष्ठ अधिवक्ता महावीर सिंह की अध्यक्षता में आज तहसीलदार कांठ की नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आए मुख्य अतिथि बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष शिशिर मेहरोत्रा और न्याय अधिकारी कुंबर सूर्य सेन ने पद और कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान शिशिर मेहरोत्रा ने कहा कि अधिवक्ताओं के हित के लिए काम करना उन्हें अपना काम जैसा लगता है और वह तहसील कांठ के अधिवक्ताओं की हर समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। और आगे भी इसी तरह से अधिवक्ता हित के कार्य वह करते रहेंगे। न्यायाधिकारी कुंबर सूर्यसेन ने बार और बेंच के तालमेल पर जोर दिया उन्होंने कहा कि अधिवक्ता अपने कर्तव्यों का निष्ठा के साथ निर्वहन करें और उनसे जो सहयोग की







अपेक्षा वह करते हैं संविधान के दायरे में रहकर हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कांठ तहसील के अधिवक्ताओं की तारीफ की और उन्हें जिम्मेदार बताया। इस दौरान पूर्व में बार के अध्यक्ष और अन्य पदों पर रहे सभी अधिवक्ताओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारों को भी एल्डर कमेटी ने सम्मानित किया।

नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार और प्रमोद शर्मा ने सभी को बार हित में कार्य किए जाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर दीपक विश्नोई गजेंद्र सिंह कमल सिंह प्रदीप कुमार चरन सिंह ढाका सुगम पवार चरन सिंह देशवाल डॉक्टर विनीत नैन मोहम्मद शहाबुद्दीन चंद्रपाल सिंह मोहम्मद अयूब नन्हे खान सुनील कुमार बिश्नोई बृजेश कुमार सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। संचालन संयुक्त रूप से संजीव कुमार बिश्नोई एवं शहजाद रफी द्वारा किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में सेवा द सर्विंग संस्था की संस्थापिका मानुषी रस्तोगी एवं एच एल एल लाइफकेयर लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शहर के पीतल नगरी स्थित छज्जू मल स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हेमराज सिंह एवं नीतू सक्सेना उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रसिद्ध जादूगर चौधरी अजय दिवाकर जादूगर मिस्टर इंडिया के द्वारा जादू के माध्यम से बच्चों को नशे की बुराइयों के प्रति जागरूक किया गया, उनकी प्रस्तुति न केवल मनोरंजक रही बल्कि बच्चों और उनके अभिभावकों की समझ के अनुसार तैयार की गई थी, जिससे नशे तंबाकू और शराब जैसी बुरी आदतों से दूर रहने का संदेश सरल प्रभावशाली ढंग से दिया गया। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए कई सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें अक्षय शर्मा अभिषेक गुप्ता, विवेक एवं देवेंद्र प्रमुख रूप से शामिल रहे, सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए नशा मुक्ति की दिशा में सामूहिक प्रयास आवश्यकता पर बल दिया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को कम उम्र से ही नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और एक स्वस्थ समाज की नींव रखना है। मद्यनिषेध विभाग से संबद्ध जादूगर चौधरी अजय दिवाकर ने अपने जादू के माध्यम से समाज में एक सकारात्मक संदेश प्रसारित किया कि बच्चे किस प्रकार नशे जैसे घातक पदार्थों से दूर रह सकते हैं, उनकी जादुई प्रस्तुतियों ने बच्चों एवं उपस्थित जनसमूह पर गहरा प्रभाव डाला और नशा मुक्ति का संदेश रोचक एवं प्रभावशाली तरीके से पहुंचाया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में बच्चे और बड़े उपस्थित रहे जिनमें संस्था के वालंटियर्स इंटर्नशिप कर रहे छात्र,कॉलेज स्टूडेंट्स एवं एनजीओ से जुड़े सभी विद्यार्थी शामिल रहे, सभी ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और नशा मुक्त समाज की दिशा में एकजुटता दिखाई। संस्था सेवा द सर्विंग की संस्थापिका मानुषी रस्तोगी ने इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## बाइको की भिड़ंत में दो घायल

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के जलालपुर रोड पर बाइको की आमने-सामने की भिड़ंत में दो बाईक सबार हुए घायल। मुजाहिद पुत्र शाहिद, मेहरून निशा निवासी ग्राम अलवारा थाना सैफनी जनपद रामपुर बाइक से जा रहे थे जहां कुंदरकी थाना क्षेत्र के जलालपुर रोड पर आमने-सामने की बाइकों की भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों घायल हो गए घायलों को कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# युवाओं में बढ़ती नशे की आदत बनी चिंता का कारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सर्वधर्म सामाजिक संगठन के अध्यक्ष नरेश राघव द्वारा युवाओं को नशा न करने के लिए अपील करते हुए कहा गया कि नशा करना एक बुरी आदत है, इसे छोड़ने का संकल्प लें। पश्चिमी संस्कृति वाले देशों का अनुसरण करते हुए जिस तरह से आज हमारे देश में युवाओं का नशे की तरफ रूझान बढ़ रहा है, वह गंभीर चिंता का विषय है। वह युवा जिसे हम अपने देश की शक्ति मानते हैं जिसे हम देश का उज्ज्वल भविष्य मानते हैं, उसे आज नशे के कीड़े ने ऐसा जकड़ लिया है जैसे शिकारी अपने शिकार को। मद्य सेवन मादकता तो प्रदान करती ही है, इसी के साथ वह व्यक्तित्व के विनाश निर्धनता की वृद्धि और मृत्यु के द्वार भी



खोलता है। एक बुराई के रूप में नशा एक अभिशाप है। एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन मौत के आगोश में चला जाता है एवं उसका परिवार बिखर जाता है।

# भीख से सीख की ओर कार्यक्रम के तहत किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**चन्दौसी।** जिला प्रशासन सम्भल के सहयोग से उम्मीद संस्था द्वारा 'भीख से सीख की ओर' कार्यक्रम के अंतर्गत एक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन काशीराम कॉलोनी में विस्थापित हुए परिवारों की स्वास्थ्य जांच के लिए किया गया। शि. विर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से आई टीम द्वारा भीख मांगने में लिप्त समुदाय के लोगों की जांच की गई। शिविर में लगभग 50 लोगों की जांच की गई तथा 03 गर्भवती महिलाओं और लगभग 08 बच्चों का टीकाकरण भी कराया गया। गर्मी के प्रकोप और उमस के मौसम के कारण अधिकतर मरीज खांसी बुखार और खुजली से पीडिघ्त थे। सभी मरीजों को मुफ्त दवाइयां दी गई और जिन को जांच की आवश्यकता थी उन्हें अस्पताल रेफर किया गया। टीम की ओर से डॉ हिमांशु ने समुदाय के लोगों को साफ सफाई बनाए रखने के लिए जागरूक किया। इस दौरान उम्मीद संस्था की ओर से डॉ रैना शर्मा, सचिन कुमार और प्रियंका सिंह रहे। अस्पताल की टीम से डॉ हिमांशु के साथ प्रीतम चौधरी, मुस्तशिम मलिक, सविता, रेखा, विवेक, अमरीन, हीना मौजूद रहे।

# एसडीएम ने कॉलोनाइजर्स के साथ की बैठक

## नियम पूर्ण करने को 10 दिन का दिया समय, विनियमित क्षेत्र में नक्शा पास कराकर ही करें कॉलोनी का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर एवं आसपास क्षेत्र में कॉलोनियों से संबंधित समस्याओं और उनके समाधान को लेकर गुरुवार को एसडीएम विनय मिश्रा द्वारा स्थानीय कॉलोनाइजरों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में अवैध कॉलोनियों, मूलभूत सुविधाओं की कमी, जल निकासी, सड़क निर्माण, पार्किंग और नियमित. ीकरण से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम ने कॉलोनाइजरों से कहा कि वे नियमों के अनुरूप ही कॉलोनियों का विकास करें और लोगों को मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, बिजली, सड़क और सीव. रेज उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो कॉलोनाइजर बिना अनुमति के प्लॉटिंग कर रहे हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कॉलोनाइजरों ने भी अपनी समस्याएं और चुनौतियां सामने रखीं। उन्होंने कहा कि कई बार प्रशासनिक प्रक्रियाएं बहुत लंबी होती हैं, जिससे विकास कार्यों में देरी होती है। इस पर एसडीएम ने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देने की बात कही। एसडीएम ने सभी कॉलोनाइजरों से सहयोग की अपील की और कहा कि प्रशासन नागरिकों को बेहतर जीवन सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसके लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। एसडीएम ने कहा कि प्लाटिंग करते समय 15 प्रतिशत भूमि पार्किंग के लिए छोडें, साथ ही प्रवेश





पर सड़क मानक के अनुसार होनी चाहिए जिससे छोटे-बड़े वाहनों के आवागमन में रुकावट न हो। साथ ही कॉलोनी में पार्क बनाकर वहां वृक्षारा. ेपण करना आवश्यक है। सभी कॉलोनाइजर विनियमित क्षेत्र से कॉलोनी का नक्शा पास करायें। पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि कुछ कॉलोनियों का निर्माण हो चुका है। उत्तराखंड का उदाहरण है जहां एक ही विन्डो पर कार्य किया जाता है। संभल जनपद में भी इस प्रकार की व्यवस्था होनी चाहिए।

वहीं प्रॉपर्टी डीलर अनुज शर्मा ने कहा कि कैथल में वर्ष 1994 से कॉलोनी काटी गयीं, उस समय से अब नियम बदल गये हैं। इस पर एसडीएम ने कहा कि नजीर मत बनाइए, आप सही करने का प्रयास कीजिए। कॉलोनी का ले-आउट तैयार कर ही निर्माण करें। फिलहाल कॉलोनी बनाने वालों को नियमों को पूर्ण करने के लिए 10 दिन का समय उपजिलाधिकारी द्वारा दिया गया है। बैठक में ग्रीश अनुज कुमार, पवन कुमार वार्ष्णेय, राजेश कुमार, विपुल श्रीवास्तव, ताहिर हुसैन, अंकित सिंह आदि कॉलोनाइजर मौजूद रहे।

# नगरपालिका की भूमि पर बने अवैध मकानों को स्वयं खाली कर रहे लोग

**चन्दौसी।** नगरवासियों को यह आशा नहीं थी कि आने वाला शासन एवं प्रशासन उनके द्वारा अवैध रुप से नगरपालिका की जमीन पर कब्जा कर बनाये गये मकानों को खाली करना पड़ेगा। पिछले 20-25 वर्षों तक लक्ष्मनगंज वारिसनगर में नगरपालिका की जमीन पर कुछ भू-माफियाओं ने प्लाटिंग कर लोगों को मकान बनवा दिए। वहीं कुछ मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने हुए हैं जो कि आज टाईल्स-पत्थर से सुसज्जित हैं एवं दो मंजिला इमारत के रुप में खड़े हैं। पूरे मौहल्ले में नगरपालि. का की जमीन का बंदरबांट हो गया है जहां जिसने चाहा उपनिबंधक कार्यालय में रजिस्ट्री कराकर प्लाट बना लिया। यह अवैध कब्जा कोई 5-10 वर्ष से नहीं हो रहा था बल्कि इसे पूरे 25 वर्ष हो चुके हैं। अब ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि दो दशकों से भी अधिक समय में किसी भी अधिकारी या जन प्रतिनिधि का ध्यान इन अवैध कब्जा करने वालों पर नहीं गया अन्यथा 33 मकान व एक मस्जिद अवैध रुप से नहीं बन जाते। अब एक ऐसे उपजिलाधिकारी का चन्दौसी में तैनाती हुई जिन्होंने शहर में नगरपालिका की भूमि पर



अवैध कब्जा हटाने का कार्य वृहद स्तर पर किया है। उपजिलाधिकारी इन अवैध मकानों को चिन्हित कर नोटिस दिये और मकानों को खाली करने का समय दिया गया। लोगों द्वारा अब मकानों को खाली किया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार, सभी मकानों के खाली होने के बाद उन्हें जमींदोज किया जायेगा। फिलहाल लोगों ने अवैध रुप से बनाये हुए मकान खाली करने शुरु कर दिये हैं।

# विश्वास की कमी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व कतर के शासकों के प्रयासों से यूं तो ईरान-इजरायल के बीच जो सीजफायर हुआ, वह बदस्तूर जारी है, लेकिन जिस तरह दोनों तरफ से अभी भी शब्दों के बाण चल रहे हैं। वह यह बताने के लिए काफी हैं कि जो शांति दिखाई दे रही है वह केवल सतही है। इसमें गहराई नहीं है और दोनों देशों के बीच जो अविश्वास की खाई है, वह किसी भी तरह से भरती दिखाई नहीं दे रही है। ईरान के विदेश मंत्री सईद खातिबजादेह ने एक लेबनानी चैनल के माध्यम से कहा है कि अमेरिका ने जिस तरह ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया है, वह उसका मुआवजा वसूलेगा। इसके लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराने की बात भी कही है। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला खामेनेई ने ईरान के लोगों को जंग जीतने की बधाई दी है और एक्स पर कहा है कि ईरान ने अपने हमलों से इजरायल को धराशाई कर दिया, उसको कुचल दिया। यह कहते हुए उन्होंने अमेरिका पर भी हमला बोला और कहा कि अमेरिका ने इजरायल का खुलकर साथ दिया और जंग के आखिर में तो वह खुलकर मैदान में आ गया क्योंकि उसे डर था कि अगर वह जंग में नहीं कूदा तो इजरायल का ईरान के हाथों खात्मा तय है। खामेनेई ने कहा है कि हालांकि अमेरिका भी कुछ नहीं कर पाया और ईरान ने अमेरिका के मुंह पर जोरदार तमाचा मारा। ईरान ने अमेरिकी एयरबेस पर हमला किया और उसे नुकसान पहुंचाया। इस तरह ईरान ने बता दिया कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका के ठिकाने उसकी पहुंच से दूर नहीं हैं। ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स के कन्जर्वेटिव सदस्य रिचर्ड भी मानते हैं कि ईरान व इजरायल के बीच युद्ध विराम से सैन्य कार्रवाई में कमी आ सकती है, लेकिन इससे शांति समझौते की संभावना नहीं है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट सामने आई है कि जो कहती है कि सीजफायर कराना ही डोनाल्ड ट्रम्प के लिए भारी पड़ सकता है। द टेलीग्राफ की एक खबर के अनुसार सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि असली जवाब ईरान अमेरिका की सरजमीं से दे सकता है और वह भी स्लिपर सेल्स के जरिये। अखबार यहां तक कहता है कि यह बात ट्रम्प समेत पूरे सिस्टम के लिए खतरे की घंटी है। ये तमाम बातें हैं, जो यह बता रही हैं कि भले ही सीजफायर हो गया है, लेकिन अभी यह गारंटी मिलनी बाकी है कि समय के साथ इसमें मजबूती आएगी, क्योंकि कोई भी पक्ष झुकने के लिए जरा भी तैयार दिखाई नहीं दे रहा है और सबसे बड़ी बात यह है कि जिन बातों को लेकर यह युद्ध शुरू हुआ था वे मुद्दे जस के तस हैं। उनको लेकर कोई समाधान निकलता दिखाई नहीं दे रहा है। गाजा की समस्या भी जस की तस बनी है। इजरायल वहां रोज हमले कर रहा है। इजरायल ईरान के बीच सीधी भिड़ंत के दौरान ही 12 दिनों में 800 से अधिक फलस्तीनियों की जान इजरायली हमलों में चली गई है। ईरान बराबर अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे न हटने की बात कह रहा है। जब तक झगड़े का कारण बने मुद्दों पर बैठकर बातचीत नहीं होती तब तक मध्य पूर्व में शांति स्थापना को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता।

## सपना बनकर रह गया घर खरीदना



महंगाई चरम पर है और शहरी अर्थव्यवस्था में गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना सपना बनकर रह गया है, मुंबई में घर लेने के लिए भारत के सबसे अमीर पांच प्रतिशत लोगों को भी 109 साल तक अपनी आमदनी का 30 प्रतिशत बचाना पड़ेगा, यही हाल ज्यादातर बड़े शहरों का है, जहां आप अवसर और सफलता की तलाश में एडियां घिस देते हैं, कहां से आएगी इतनी बचत, गरीब और मध्यम वर्ग की विरासत दौलत नहीं, जिम्मेदारियां होती हैं, बच्चों की महंगी शिक्षा, महंगे इलाज की चिंता, माता-पिता की जिम्मेदारी या परिवार के लिए छोटी-सी गाड़ी, फिर भी दिलों में रहता है एक सपना एक दिन एक घर होगा अपना।

**-राहुल गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता**

# इस्लामी हिज़्री के पहले महीने मोहर्रम की अज़ीम है फज़ीलत




आलमे इन्सानियत में जब भी नए साल की बात जेहन में आती है हर इंसान खुशी और जश्न के तसव्वुर में डूब जाता है, मगर मजहबे-इस्लाम एक ऐसा वाहिद मजहब है जिसका नया साल अल्लाह-तआला की इबादत, वाजिबात की अदायगी और रंज व गम के साथ इंसानी जेहन को मकसदे-जिन्दगी की फिक्र और तहफ्फुजे दीन की दावत देता हुआ शुरू होता है। मोहर्रम जहां मजहबे-इस्लाम का पहला महीना है वहीं यह इस्लाम के चार मोअतबर महीनों में से एक है। जिसमें अल्लाह तआला की तरफ से किसी भी तरह की लड़ाई पर पाबंदी है। माहे- मुहर्रम की एक खुसूसियत यह भी है कि तारीख में यह महीना हमेशा से एक अहम महीना रहा है फिर चाहे वह नुजूले-इस्लाम के पहले का दौर हो या बाद का, क्योंकि इसमें तारीख के अहम वाकिआत गुजरे हैं और इन्हीं वाकिआत की वजह से यह गौर का मौजू रहा है कि आखिर वो कौन सा वाकिआ है जिसने इस महीने को इतनी अहमियत दी।

वैसे अगर हम तारीख में इसका जवाब तलाश करें तो पाएंगे कि इस महीने में तारीख के दो अहम वाकिआत गुजरे हैं जिसमें पहला तो यह है कि इस महीने में हजरत मूसा अलै. ने फिरऔन पर फतह हासिल की थी और दूसरा वाकिआ यह है कि इस महीने में सन 61 हिजरी में पैगम्बरे इस्लाम के नवासे इमाम हुसैन (अलै.) ने दीने- इस्लाम की रूह को बचाने के लिए कर्बला के मैदान में अपने अहले बैत और असहाब के साथ अपनी अजीम कुर्बानी दी, जिसके बाद माहे - मुहर्रम इमाम हुसैन (अलै.) और करबला से ऐसा मंसूब हुआ कि मोहर्रम का जिक्र आते ही आलमे-इंसानियत के जेहन में जो पहली बात आती है वो वाकि. आ-ए-करबला है।

दूसरा सवाल जो जेहन में आता है कि आखिर क्या वजह थी जो नवासा-ए-रसूल को इतनी अजीम कुर्बानी देनी पड़ी। इस सवाल का जवाब दो तरह से दिया जा सकता है, जिसमें पहला तो यह है कि उस वक्त का खलीफा जिसका नाम यजीद इब्ने माविया था, वह एक फासिको फाजिर इंसान था और जाती तौर पर शराब खोरी का आदी था जुआ खेलने वाला, तमाम हराम कामों को करने वाला इंसान था, यहां तक कि उसने अपने दौर हुकूमत में काबे का भी एहतराम ना किया और उसमें भी आग लगवा दी थी इसके बाद मआशरे पर मजहबे- इस्लाम के हलाल की हुई चीजों को हराम और हराम की हुई चीजों को हलाल करने पर आमादा था और अपने अमल को जायज करार देने के लिए वो इमाम हुसैन से बेअत लेना चाहता था, क्योंकि वह जानता था कि अगर इन्होंने बेअत कर ली तो तमाम आलमे-इस्लाम की जबान उसके खिलाफ चुप हो जाएगी। मगर इमाम हुसैन ने बेअत करने के बजाए अपना पूरा कुनबा इस्लाम पर कुर्बान करना कुबूल किया और शहादत तक बेअत कुबूल ना की।

इसी के मद्देनजर उन्होंने यजीद इब्ने माविया के खिलाफ कयाम किया और अपने अहलेबैत और असहाब के साथ करबला के मैदान में 3 दिन की भूख और प्यास के साथ इस्लाम पर कुर्बानी पेश की। एक और सवाल जो मेरे जेहन में इस वक्त आया वह यह कि करबला की जंग हुकूमत के लिए हुई थी या जंग- इस्लाम के दिफा के लिए हुई थी। अगर हम दूसरे सवाल के जवाब पर गौर करें तो खुद बखुद समझ सकते हैं कि यह इस्लाम जंग खुदा की राह में थी। जिसमें इमाम हुसैन (अलै.) ने दीने इस्लाम की खातिर अपना भरा घर लुटा दिया।

पैगम्बरे इस्लाम ने फरमाया: 'हसनैन (हसन और हुसैन) जवानाने जन्नत के सरदार हैं यानि जन्नत में मर्दों के सरदार हैं और कुरआन कहता है कि दुनिया की मुहब्बत गुनाह है, तो अब समझने की बात यह है कि अगर कुरआन दुनियावी मुहब्बत को गुनाह समझता है और गुनहगार का जन्नत में कोई तसव्वुर नहीं तो जन्नत में मर्दों के सरदार से दुनियावी हुकूमत की ख्वाहिश कैसे मनसूब किया जा सकता है।

अब दूसरी जगह कुरआन कहता है कि अहलेबैत, खुदा तो बस यह चाहता है कि तुमको हर तरह की बुराई से दूर रखे और जो पाक व पाक. ीजा दिखने का हक है वैसा पाक व पाकीजा रखे। तो कुरआन जिस हुसैन (अलै.) (अहलेबैत) की पाकीजगी की गवाही दे रहा है उन्होंने मदीने से निकलते वक्त एक खुत्बा दिया जिसमें इमाम हुसैन (अलै.) ने फरमाया, मैं अपने नाना की उम्मत की इस्लाह के लिए कयाम कर रहा हूं, तो अब मानना पड़ेगा के कयामे हुसैन (अलै.) खालिस खुदा के लिए था। अब आखिर में एक हदीस और बयान करना चाहूंगा, जिसमें उन्होंने फरमाया कि मेरा लाल हुसैन करबला की मिट्टी पर कत्ल किया जाएगा, हर इंसान जो उस वक्त मौजूद हो तो उसको चाहिए कि हुसैन की मदद करे।

अब यह बात मुकम्मल तौर पर जाहिर है कि अगर कयामे हुसैन (अलै.) दुनिया की मुहब्बत में होता तो पैगम्बरे इस्लाम कभी हसैन (अलै.) का साथ देने के लिए न कहते, तो अब यह काफी है इस बात को समझने के लिए कयामे इमाम हुसैन खालिस रजाए परवरदिगार को हासिल करने के लिए था। यजीद हुसैन को कत्ल कर के भी हार गया और हुसैन (अलै.) अपना सब कुछ लुटा कर भी दुनिया और आखिरत में कामयाब हो गए।



ज़िया अब्बास ज़ैदी

सीनियर जर्नलिस्ट

**मोबाइल नंबर 9837776610, मेल आईडी- ziaabbaszaidist@gmail.com**

# बेटियों के लिए मोह बढ़ना संतुलित समाज का आधार

**भारत में भी यही स्थितियां देखने को मिल रही है। जबकि सदियों से भारत की समाज-व्यवस्था एवं परिवार-परम्परा पुत्र मोह की ग्रंथि से ग्रस्त रहा है। जिसके चलते शिशु लिंग अनुपात में असंतुलन बढ़ता गया है। देश में हुई 2016 की जनगणना में लड़कों की तुलना में लड़कियों की घटती संख्या के आंकड़े चौंकाते ही नहीं बल्कि दुखी भी करते हैं। जिस तरह से लड़के-लड़कियों का अनुपात असंतुलित हो रहा है, उससे ऐसी चिन्ता भी जताई जाने लगी है कि यही स्थिति बनी रही तो लड़कियां कहां से लाएंगे?**



ललित गर्ग


दुनियाभर में माता-पिता आमतौर पर अब तक बेटियों की तुलना में बेटों को ज्यादा पसंद करते आ रहे हैं, लेकिन प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में एक सूक्ष्म, महत्वपूर्ण और बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि अब लड़के की तुलना में लड़कियों को अधिक पसंद किया जाने लगा है। ऐसा इसलिए हो सकता है, क्योंकि लड़कियों के प्रति पूर्वाग्रह कम है और संभवतः लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह ज्यादा है। नए साक्ष्य एवं अध्ययन इस बदलाव का संकेत देते हैं, जो संभवतः बढ़ते एकल परिवार परम्परा, तथाकथित आधुनिक-सुविधावादी जीवनशैली एवं कैरियर से जुड़ी प्राथमिकताओं के चलते लड़कों से जुड़े एक सूक्ष्म भय, उपेक्षा एवं उदासीनता को उजागर करते हैं। द इकोनॉमिस्ट द्वारा ताजा प्रकाशित रिपोर्टों में, लिंग प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में कुछ ऐसे ही दिलचस्प रुझान सामने आए हैं, जिसमें लड़कों के प्रति सदियों पुराना झुकाव अब कम हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में माता-पिता अब लड़कों की तुलना में लड़कियों को भविष्य की सुरक्षा को लेकर अधिक पसंद कर रहे हैं। विकासशील देशों में, लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह कम हो रहा है, जबकि अमीर देशों में लड़कियों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, युवा पुरुषों और महिलाओं के बीच लैंगिक भूमिकाओं को लेकर विचारों में अंतर बढ़ता जा रहा है।

ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में, भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे है और इसका लैंगिक समानता स्कोर 64.1 प्रतिशत है।

वर्तमान प्रगति की दर से, पूर्ण लैंगिक समानता प्राप्त करने में 134 वर्ष लगेंगे, जो दर्शाता है कि प्रगति की समग्र दर धीमी है। इन रिपोर्टों से पता चलता है कि दुनिया भर में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति हो रही है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। भारत के लिए लैंगिक समानता की दिशा में दो पायदान की गिरावट का सबसे बड़ा कारण महिला समानता को लेकर चल रहे आन्दोलन है। भारत की बेटियां आज अंतरिक्ष से लेकर खेल के मैदान तक में बुलंदियां छू रही हैं। वे परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में उल्लेखनीय भूमिकाओं का निर्वाह कर रही है। सरकार द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'सुकन्या समृद्धि योजना' जैसे सराहनीय पहल के जरिए बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। 21वीं सदी की चौखट पर खड़ी दुनिया में बड़े व्यापक बदलाव हो रहे हैं। इंसानी रिश्तों की अहमियत को लेकर भी नई सोच पनप रही है। अब अमेरिका, दक्षिण कोरिया, भारत और चीन में, लिंग अनुपात सामान्य या यहां तक कि बेटी की पसंद के संकेत दिखाने लगा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस बदलाव की असल वजह क्या है? दरअसल, माता-पिता में यह धारणा बलवती होती जा रही है कि बेटियां उनकी ढलती उम्र में धीरे-धीरे अधिक विश्वसनीय देखभाल करने वाली साबित हो सकती हैं। उन्हें परिवार से गहरे तक जुड़े रहने की अधिक संभावना के रूप में देखा जाने लगा है। आज बेटियों को बेटों के मुकाबले बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शनकर्ता, परिवार सार-संभालकर्ता, माता-पिता के प्रति जिम्मेदारी निर्वाहकर्ता के रूप में देखा जाने लगा है। तेजी से कामकाजी दुनिया का हिस्सा बनने के कारण वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने से अनेक पारिवारिक जिम्मेदारियों के लिए अधिक संवेदनशील है। ऐसा माना जाने लगा है कि बेटियां बेटों के मुकाबले में ज्यादा संवे. दनशील होती हैं और जीवन के अंतिम पड़ाव में मां-बाप को सुरक्षा कवच प्रदान कर सकती हैं। जिसके चलते लोग बेटों के मुकाबले बेटियों को अपनी प्राथमिकता बनाने को तरजीह देने लगे हैं। पश्चिमी देशों में गोद लेने और आईवीएफ के डेटा दिखाते हैं कि बेटियों को चुनने की दिशा में स्पष्ट झुकाव है। दरअसल, पश्चिमी देशों के एकल परिवारों में बेटे अपनी गृहस्थी बसाकर मां-बाप को उनके भाग्य पर छोड़ जाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


# लाइलाज बीमारी डीएमडी से जूझते देश के बच्चे



रजनीश कपूर

ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) एक ऐसी दुर्लभ और लाइलाज जेनेटिक बीमारी है, जो मुख्य रूप से लड़कों को प्रभावित करती है। यह बीमारी मांसपेशियों को धीरे-धीरे कमजोर करती है, जिससे रोगी का चलना-फिरना, सांस लेना और अंततः जीवित रहना मुश्किल हो जाता है। भारत में हर 3500 पुरुष जन्मों में से एक बच्चा इस बीमारी का शिकार होता है। इसका इलाज इतना महंगा है कि यह सामान्य परिवारों की पहुंच से बाहर है। ऐसी ही एक मार्मिक कहानी है अमृतसर के जंडियाला गुरु निवासी हरप्रीत सिंह और उनकी पत्नी की, जो अपने 9 वर्षीय बेटे इशमीत को बचाने के लिए दिन-रात संघर्ष कर रहे हैं। इशमीत को डीएमडी है और उसके इलाज के लिए 27 करोड़ रुपये की जरूरत है, एक ऐसी राशि जो किसी सामान्य परिवार के लिए असंभव-सी प्रतीत होती है।

हरप्रीत सिंह भारतीय सेना में सैनिक हैं और उनकी पत्नी का जीवन तब तक सामान्य था, जब तक उनके इकलौते बेटे इशमीत में कुछ असामान्य लक्षण दिखाई नहीं दिए। इशमीत जब चार साल का था तब उसके माता-पिता ने देखा कि वह ठीक से चल नहीं पाता, बार-बार गिरता है और अन्य बच्चों की तरह दौड़-भाग नहीं कर पाता। शुरू में उन्होंने इसे सामान्य कमजोरी समझा, लेकिन जब लक्षण बढ़ने लगे, तो वे उसे स्थानीय डॉक्टरों के पास ले गए। कई जांचों और अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद, दिल्ली के एम्स में डॉक्टरों ने पुष्टि की कि इशमीत डीएमडी से पीड़ित है।



यह खबर सुनकर हरप्रीत और उनकी पत्नी के पैरों तले जमीन खिसक गई। डीएमडी एक अनुवांशिक बीमारी है, जो डिस्ट्रोफिन जीन में उत्परिवर्तन के कारण होती है। यह जीन शरीर में डिस्ट्रोफिन प्रोटीन का निर्माण करता है, जो मांसपेशियों को मजबूत रखने के लिए जरूरी होता है। इस प्रोटीन की कमी से मांसपेशियां कमजोर होकर धीरे-धीरे नष्ट हो जाती हैं। डीएमडी से पीड़ित बच्चों की औसत आयु 11 से 21 वर्ष तक होती है और ज्यादातर मरीज किशोरावस्था के अंत तक व्हीलचेयर पर निर्भर हो जाते हैं। जब हरप्रीत को पता चला कि उनके बेटे का इलाज संभव है तो उनके चेहरे पर उम्मीद की किरण जगी। एम्स के डॉक्टरों ने बताया कि अमेरिका में एक जीन थेरेपी उपलब्ध है, जिसमें एक विशेष इंजेक्शन जोल्जेंस्मा या समकक्ष दवा के जरिए डीएमडी का इलाज किया जा सकता है। डॉक्टरों ने आश्वा. सन दिया कि यह इंजेक्शन इशमीत को पूरी तरह स्वस्थ कर सकता है, लेकिन इस उम्मीद के साथ एक ऐसी सच्चाई भी सामने आई जिसने परिवार को हताश कर दिया। इस इंजेक्शन की कीमत 27 करोड़ रुपये है।

27 करोड़ रुपये की यह राशि किसी मध्यमवर्गीय परिवार के लिए कल्पनातीत है। हरप्रीत सिंह ने अपनी सारी जमा-पूंजी, जमीन, और अन्य संसाधनों को बेचने की कोशिश की, लेकिन इससे भी इस राशि का एक छोटा सा हिस्सा ही जुट पाया। भारत में डीएमडी का कोई किफायती इलाज उपलब्ध नहीं है और स्टेरॉयड जैसी दवाएं केवल लक्षणों को कुछ समय के लिए नियंत्रित कर सकती हैं, जिनके गंभीर दुष्प्रभाव भी हैं। हरप्रीत और उनकी पत्नी ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपने बेटे को बचाने के लिए क्राउड फंडिंग का सहारा लिया। सोशल मीडिया, स्थानीय समुदाय और विभिन्न संगठनों के माध्यम से उन्होंने लोगों से मदद की अपील की। हरिमंदिर साहिब के बाहर खड़े होकर उन्होंने गुहार लगाई, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उनकी कहानी सुन सकें। उनकी मेहनत रंग लाई और अब तक करीब दो करोड़ रूपए जमा हो चुके हैं।

अभी भी पच्चीस करोड़ रूपए की जरूरत है और समय तेजी से बीत रहा है। डीएमडी जैसी दुर्लभ बीमा. रियों के इलाज के लिए भारत में कोई ठोस नीति या सरकारी सहायता नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2021 में दिल्ली हाईकोर्ट में बताया था कि देश में करीब पांच लाख लोग डीएमडी से पीड़ित हैं और प्रत्येक मरीज के इलाज पर सालाना पांच करोड़ रूपए का खर्च आता है, लेकिन बजट की कमी के कारण सरकार इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा पा रही। हरप्रीत ने कई बार सरकार से मदद की गुहार लगाई, लेकिन उन्हें केवल आश्वा. सन ही मिले। डीएमडी के मरीजों के लिए न तो मुफ्त दवाएं उपलब्ध हैं, न ही फिजियोथेरेपी जैसी सहायक सेवाएं। ऐसे में परिवार अकेले ही इस जंग को लड़ने के लिए मजबूर हैं। डीएमडी के बारे में भारत में जागरूकता का अभाव भी एक बड़ी समस्या है।

बहुत कम लोग इस बीमारी को समझते हैं, जिसके कारण मरीजों और उनके परिवारों को सामाजिक समर्थन नहीं मिल पाता। 2023 में दिल्ली के जंतर-मंतर पर डीएमडी जागरूकता के लिए एक रैली निकाली गई थी जिसमें 21 राज्यों से करीब 500 परिवार शामिल हुए। इस रैली में माता-पिता ने सरकार से सस्ती दवाओं, शोध के लिए फंड और मुफ्त इलाज की मांग की थी। हरप्रीत जैसे परिवारों का मानना है कि अगर समाज इस बीमारी को समझे और सरकार इसमें शोध को प्रोत्साहित करे, तो शायद भविष्य में इलाज किफायती हो सके। हरप्रीत और उनकी पत्नी का संघर्ष केवल इशमीत के लिए नहीं, बल्कि उन सभी परिवारों के लिए एक मिसाल है, जो डीएमडी जैसी बीमारियों से जूझ रहे हैं।

उनकी कहानी यह सवाल उठाती है कि क्या भारत जैसे देश में, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही चुनौतियों से भरी हैं, दुर्लभ बीमारियों के मरीजों को जीने का हक मिलेगा? क्या समाज और सरकार मिलकर इन परिवारों के लिए कोई रास्ता निकाल सकते हैं? यह न केवल हृदयविदारक है, बल्कि यह समाज और सरकार के लिए एक आंख खोलने वाली सीख भी है। 27 करोड़ रुपये का इलाज एक असंभव लक्ष्य जरूर है, लेकिन अगर समाज एकजुट हो जाए और सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाए, तो इशमीत जैसे बच्चों को नया जीवन मिल सकता है। डीएमडी से जूझ रहे बच्चों के लिए जागरूकता, शोध और किफायती इलाज की जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# न्यूक्लियर ठिकानों पर अमेरिकी हमलों की संयुक्त राष्ट्र में भरपाई मांगेगा ईरान

## बंकर बस्टर बम गिराना अमेरिका को पड़ेगा भारी

**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच दो हफ्तों तक चली जबरदस्त जंग के बाद भले ही सीजफायर हो गया हो, लेकिन तनाव अब भी बना हुआ है। इस पूरे टकराव में अमेरिका भी इजरायल के साथ खुलकर सामने आया था और ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर बंकर बस्टर बम गिराए। अब ईरान इस हमले की कीमत वॉशिंगटन से वसूलने की तैयारी कर रहा है।

ईरान के डिप्टी विदेश मंत्री सईद खतिबजादेह ने लेबनानी चैनल अल-मयादीन से बातचीत में कहा कि तेहरान संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज करेगा और न्यूक्लियर ठिकानों को हुए नुकसान की भरपाई की मांग करेगा। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराक़ची ने भी पहली बार माना है कि न्यूक्लियर ठिकानों को भारी नुकसान हुआ है। उनके मुताबिक, ये टकराव इजरायली मिसाइल हमलों से शुरू हुआ था, जिनमें ईरान के



न्यूक्लियर, मिसाइल और सैन्य ठिकाने सीधे निशाने पर थे। अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गैबार्ड के मुताबिक, ईरान के तीन प्रमुख न्यूक्लियर ठिकाने नतांज, फोर्दो और इस्फहान पूरी तरह तबाह हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर ईरान चाहे भी तो इन्हें दोबारा तैयार करने में सालों लग जाएंगे। इजरायल की एटॉमिक एनर्जी कमीशन ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के उस बयान का समर्थन

### हमले की कीमत वॉशिंगटन से वसूलने की तैयारी, ईरान करने जा रहा है मुआवजे के लिए मुकदमा

किया है जिसमें उन्होंने कहा था कि फोर्दो ठिकाने को पूरी तरह मिटा दिया गया है। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता हुसैन केर्मनपौर के मुताबिक, संघर्ष में 627 लोगों की मौत हुई है जबकि 4870 लोग घायल हुए हैं। सबसे ज्यादा जानें राजधानी तेहरान में गई हैं। हालांकि गोलीबारी थमी है, लेकिन हालात सामान्य नहीं हुए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की संभावना है, लेकिन इजरायल और ईरान के बीच दुश्मनी फिर से भड़क सकती है। ईरान जहां मुआवज़े के लिए केस की तैयारी में है, वहीं अमेरिका और इजरायल इसे अपनी जीत बता रहे हैं।



श्रीनगर। डल झील पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित 'शिकारा रैली' में भाग लेते शिकारा वाले।

## इजरायली बसाने वालों के हमले में तीन फलस्तीनी मारे गए

**रामल्लाह/यरूशलम।** वेस्ट बैंक के मध्य रामल्लाह के पूर्व में काफ़र मलिक शहर पर बुधवार को इजराइली बसने वालों के हमले में तीन फलस्तीनी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। फलस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी। स्थानीय स्रोतों का हवाला देते हुए डब्ल्यूएएफए ने कहा कि दर्जनों बसने वालों ने काफ़र मलिक शहर पर हमला किया और शहर में नागरिकों के वाहनों और घरों को जला दिया, जबकि शहर और आस-पास के गांवों के निवासियों ने उनका सामना करने का प्रयास किया। डब्ल्यूएएफए ने कहा कि इजरायली बलों ने बसने वालों को सुरक्षा प्रदान की, फलस्तीनियों पर गोलियां चलाईं और एंबुलेंस को घायलों तक पहुंचने और उन्हें ले जाने से रोका। इजरायली अखबार हारेत्ज़ ने एक स्थानीय निवासी का हवाला देते हुए बताया कि यह इजरायली सेना थी जिसने तीन फलस्तीनियों को मार डाला, हालांकि बसने वालों ने हैंडगन से भी गोलियां चलाईं।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में बर्फ की झील के फटने की चेतावनी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने देश के उत्तरी पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ते तापमान के कारण बर्फ की झील (जीएलओएफ) के फटने के खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। बुधवार को जारी चेतावनी में तेजी से बढ़ते तापमान और पश्चिमी मौसम प्रणाली के प्रभाव का हवाला दिया गया है। एनडीएमए ने कहा कि प्रमुख घाटियों में ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से बर्फ की झीलों के फटने का खतरा बढ़ गया है जिससे अचानक बाढ़ आ सकती है और सड़कों और पुलों सहित बुनियादी ढांचे को नुकसान हो सकता है।

### उत्तरी इराक में दो आतंकवादी को किया ढेर

**बगदाद।** उत्तरी इराक में एक सैन्य अभियान के दौरान इस्लामिक स्टेट (आईएस) के दो आतंकवादी मारे गए। इराकी आतंकवाद निरोधी सेवा ने बुधवार को एक बयान में कहा कि खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए आतंकवाद निरोधी बलों ने किरकुक प्रांत के बीहड़ इलाके में आतंकवादियों पर घात लगाकर हमला किया जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। आतंकवाद निरोधी सेवा ने कहा कि वह इराक के हर कोने से आतंकवाद का मुकाबला करना जारी रखेगी। गौरतलब है कि इराक ने वर्ष 2017 में आईएस पर जीत की घोषणा की थी, लेकिन आईएस समूह शहरी क्षेत्रों, रेगिस्तान और दूरदराज के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ हमले करते रहते हैं।

### मेक्सिको में संत उत्सव में गोलीबारी में दस की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मध्य मेक्सिको के गुआनाजुआटो राज्य के एक शहर इरापुआटो में संरक्षक संत उत्सव में 24 जून की रात को गोलीबारी में बच्चों सहित कम से कम 10 लोग मारे गए। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने बुधवार सुबह इसकी पुष्टि की। राष्ट्रपति ने मेक्सिको सिटी में नेशनल पैलेस में अपने दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह वास्तव में एक झड़प थी, लेकिन दुर्भाग्य से बच्चों की मौत हो गई। शीनबाम ने कहा कि जो हुआ वह बहुत खेदजनक है। उन्होंने कहा कि घटना की जांच चल रही है और उन्होंने राज्य में चल रही हिंसा से निपटने के लिए गुआनाजुआटो के गवर्नर लीबिया डेनिस गार्सिया मुनोज़ लेडो के साथ मिलकर काम करने का वादा किया है।

## इजरायल को बचाने जंग में कूदा अमेरिकाः खामेनेई



### सुप्रीम लीडर ने कहाः ईरान ने कतर में अमेरिकी एयरबेस पर हमला कर मुंह पर तमाचा मारा

### ईरान में इजरायली हमलों में 13 जून से अब तक 627 लोगों की मौत

**तेहरान।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने ईरान के लोगों को इजरायल के खिलाफ जंग जीतने की बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं झूठे इजरायली सरकार पर जीत के लिए बधाई देता हूं।

ईरान ने अपने हमलों से इजरायल को धराशाई कर दिया, कुचल दिया। खामेनेई ने कहा कि अमेरिका दोनों देशों के बीच खुली जंग में इसलिए कूदा क्योंकि उसे डर था कि अगर उसने दखल नहीं दिया, तो इजरायल पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। लेकिन अमेरिका को कुछ हासिल नहीं हुआ। ईरान ने अमेरिका के चेहरे पर जोरदार तमाचा मारा। ईरान ने अमेरिकी एयरबेस पर हमला किया और उसे नुकसान पहुंचाया, जो मिडिल ईस्ट में अमेरिका के प्रमुख ठिकानों में से एक है। ईरान के पास मिडिल ईस्ट में अमेरिका के अहम ठिकानों तक पहुंच है। अगर कोई हमला हुआ, तो दुश्मन को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इजरायल ने 13 जून को ईरान पर सबसे पहले हमला किया था। इसके बाद दोनों तरफ से जंग छिड़ गई। 12 दिनों तक चली जंग के बाद ट्रम्प ने 24 जून को सीजफायर का ऐलान किया था। ईरान में जंग से 627 और इजरायल में 28 लोगों की मौत हुई। वहीं ईरान में 13 जून से अब तक इजरायल के हवाई हमलों में कम से कम 627 लोग मारे गए हैं और 4870 अन्य घायल हुए हैं।

## ब्रिक्स समिट में शामिल नहीं होंगे जिनपिंग

### पीएम मोदी को स्टेट डिनर का न्योता दावाः भारत के प्रधानमंत्री को बुलाए जाने से नाराज

**रियो डी जेनेरियो/बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले हफ्ते ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले ब्रिक्स समिट में भाग नहीं लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट (एससीएमपी) ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया है कि जिनपिंग समिट के बाद स्टेट डिनर में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुलाए जाने से नाराज हैं।

ब्राजील में 6-7 जुलाई को 17वां ब्रिक्ससमिट होने वाला है। समिट के बाद स्टेट डिनर के लिए ब्राजीलियन राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा ने पीएम नरेंद्र मोदी को बुलाया है। एससीएमपी के मुताबिक, जिनपिंग को लग रहा है कि मोदी के सामने उन्हें कम तवज्जो मिलेगी। हालांकि, चीन ने ब्रिक्ससमिट के मेजबान ब्राजील को राष्ट्रपति जिनपिंग के बिजी शेडयूल का हवाला देते हुए उनके न आने की जानकारी दी है। बैठक से करीब



**ब्राजील में 6-7 जुलाई को 17वां ब्रिक्स समिट होने वाला है, समिट के बाद ब्राजीलियन राष्ट्रपति सिल्वा ने पीएम मोदी को बुलाया है**

10 दिन पहले चीनी राष्ट्रपति के इस फैसले से ब्राजील के नाराज होने की भी खबरें हैं। शी जिनपिंग के बतौर राष्ट्रपति 12 सालों के कार्यकाल में ऐसा पहली बार होगा, जब वे ब्रिक्ससमिट में नहीं जाएंगे। वे 2013 से हर साल समिट में शामिल हुए हैं। कोविड महामारी के दौरान, उन्होंने दो साल ब्रिक्स में वर्चुअली भाग लिया था। शी जिनपिंग और पीएम मोदी 23 अक्टूबर, 2024 को रूस के कजान में ब्रिक्स समिट में मिले थे। 2020 में गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं की यह पहली बाइलैटरल मीटिंग थी। जिनपिंग की जगह चीनी पीएम के ब्राजील जाने की संभावना एससीएमपी के मुताबिक, ब्रिक्स समिट में चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की जगह अब प्रधानमंत्री ली कियांग देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने 2023 में भी जिनपिंग की जगह भारत में जी-20 समिट में भाग लिया था। हालांकि, चीन की तरफ से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने ब्राजील के अखबार फोल्हा से कहा कि सही समय आने पर इसकी जानकारी दी जाएगी। शी जिनपिंग के समिट में भाग न लेने की रिपोर्ट्स पर ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के आंतरिक फैसलों पर टिप्पणी नहीं करेगा। मई 2025 में ब्राजीलियन राष्ट्रपति से मिले थे जिनपिंग एससीएमपी ने चीनी अधिकारियों के हवाले से बताया कि जिनपिंग पहले ही एक साल से भी कम समय में दो बार ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा से मिल चुके हैं। इसलिए उनका मानना है कि ब्रिक्स समिट में उनका जाना उतना जरूरी नहीं है। जिनपिंग नवम्बर, 2024 में दक्षिण अमेरिकी देश में जी-20 समिट और फिर मई, 2025 में बीजिंग में चीन-सेलाक फोरम में ब्राजील के राष्ट्रपति से मिले थे।

## इजरायल जैसा डिफेंस सिस्टम तैयार कर रहा ताइवान

### यूक्रेन और इजरायल से सबक लेते हुए ताइवान अपनी सुरक्षा को नए सिरे से मजबूत कर रहा

**ताइपे।** चीन के बढ़ते खतरे के बीच ताइवान अब पूरी तरह से तैयारियों में जुट गया है। यूक्रेन और इजरायल जैसे देशों से सबक लेते हुए ताइवान अपनी सुरक्षा व्यवस्था को नए सिरे से मजबूत कर रहा है। खासकर आम जनता की सुरक्षा के लिए अब एयर रेड शेल्टर यानी हवाई हमले से बचने के ठिकाने को लेकर गाइलाइंस में बड़ा बदलाव किया जा रहा है। ताइवान सरकार अगले हफ्ते नई एयर रेड शेल्टर गाइडलाइंस जारी करने वाली है।

इस गाइडलाइंस में बताया जाएगा कि अगर चीन की ओर से हमला होता है और एयर रेड सायरन बजता है, तो लोगों को कैसे और कहां शरण लेनी चाहिए। सरकारी दस्तावेजों के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति तय



समय (लगभग तीन मिनट) में किसी शेल्टर तक नहीं पहुंच पाता है, तो उसे क्या करना चाहिए, इसकी भी साफ हिदायत दी जाएगी।

ण्जैसे कम से कम दो दीवारों के पीछे छुपना और मुंह थोड़ा खुला रखना ताकि धमाके के असर से कान और सिर को कम नुकसान हो। ताइवान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि शहरों में बड़ी संख्या में लोग ऊंची बिल्डिंग्स में रहते हैं और तीन मिनट में शेल्टर तक पहुंचना मुश्किल होता है। इसलिए सरकार अब लोगों को घर में ही खुद को सुरक्षित रखने के तरीकों के बारे में जागरूक कर रही है। इस साल जुलाई में होने वाला हान कुआंग 41 सैन्य अभ्यास पहली बार 10 दिनों तक चलेगा। इसमें आम नागरिकों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि इमरजेंसी में जरूरी सामान कैसे बांटा जाए और कैसे शांति बनाए रखी जाए, इसकी रिहर्सल कराई जा सके। ताइवान ने देशभर में एयर डिफेंस शेल्टर्स बनाए हैं, मेट्रो स्टेशन से लेकर मॉल तक। अकेले ताइपेई में 4,600 से ज्यादा शेल्टर्स हैं, जिनमें 1.2 करोड़ लोगों के बैठने की क्षमता है, जो कि शहर की आबादी से चार गुना ज्यादा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद ताइवान को एहसास हुआ कि अगला नंबर उसका हो सकता है। वहीं, इजरायल के 'आयरन डोम' जैसी तकनीकों और वहां के सिविल डिफेंस सिस्टम ने दुनिया को दिखाया कि आम जनता को भी युद्ध के वक्त तैयार रहना चाहिए। ताइवान का ये कदम बताता है कि अपने लोगों की जान बचाने के लिए वह किसी बड़े देश से कम नहीं।

## डोनाल्ड ट्रम्प की टेंशन बढ़ा रही खुफिया रिपोर्ट

### अमेरिका के कोने-कोने में एक्टिव है ईरान का खतरनाक 'हथियार'

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जैसे ही ईरान-इजरायल के बीच संघर्ष विराम की घोषणा की, वॉशिंगटन के साथ पूरी दुनिया में कुछ राहत की सांस ली गई।



अब भले ही सीजफायर हो गया हो मगर अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की एक रिपोर्ट सामने आई है जो कहती है सीजफायर कराना ही ट्रम्प के लिए भारी पड़ सकता है। द टेलीग्राफ ब्रिटेन की एक खबर के मुताबिक सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि असली जवाब ईरान अमेरिका की सरजमीं पर दे सकता है। वो भी स्लीपर सेल्स के जरिए। और यही बात ट्रम्प समेत पूरे सिस्टम के लिए खतरे की घंटी है। ये स्लीपर सेल्स आम ज़िंदगी जीते हुए किसी भी समय एक्टिव हो सकते हैं। ये ऐसे लोग होते हैं जो दिखने में आम नागरिक लगते हैं। नौकरी करते हैं, समाज में घुल-मिल जाते हैं लेकिन असल में ये किसी विदेशी एजेंसी से जुड़े होते हैं। जैसे ही उन्हें ग्रीन सिग्नल मिलता है, वो हमला कर सकते हैं, ब्लैकमेलिंग कर सकते हैं या फिर किसी रणनीतिक टारगेट को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

रिपोर्ट में सामने आया है कि ईरान के एजेंट अमेरिका के शहरों में छुपे बैठे हैं। ये एजेंट ईरानी या आपराधिक नेटवर्क के ज़रिए मिशन पूरा करते हैं। अतीत में कई ऐसे ऑपरेशन पकड़े गए हैं, जहां ईरानी एजेंट्स ने हत्या या अपहरण की कोशिश की।

## भारत ने दिया पाक को करारा जवाब

### बच्चों के खिलाफ अत्याचार और आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान का संरा में उपदेश देना घोर पाखंड

**न्यूयॉर्क।** भारत ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। भारत ने संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं पर पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र में बच्चों के अत्याचार के मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने कहा कि बच्चों के खिलाफ अत्याचार और आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान का संयुक्त राष्ट्र में उपदेश देना घोर पाखंड है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में बच्चों और सशस्त्र संघर्ष (सीएएसी) पर वार्षिक खुली बहस के दौरान भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि मैं पाकिस्तान के प्रतिनिधि की ओर से की गई राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों पर खारिज करता हूं। पाकिस्तान सीएएसी एजेंडे के गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं पर गलत तरीके से संदेह व्यक्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने नापाक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न चर्चाओं में भारत को बदनाम कर रहा है। ऐसा करके पाकिस्तान अपने ही देश में बच्चों के खिलाफ किए जा रहे अत्याचारों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है। भारत इसे अस्वीकार करता है। इसके अलावा भारत सीमा पार से किए जा रहे बड़े पैमाने पर आतंकवाद को भी अस्वीकार कर रहा है। भारत के स्थाई प्रतिनिधि और राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि हमारी दुनिया संघर्षों और आतंकी हमलों में एक खतरनाक वृद्धि देख रही है और बच्चे उनके सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी0 पी0 टी0 • ऑप्टोमैट्री • ओ0 टी0 टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0:
8899777782
9897640744

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD Bijnor's Leading Education Consultancy
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)